इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्व स वेति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव






## सीएम साय की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ कैबिनेट के बड़े फैसले: बस्तर फाइटर्स नियमों में बदलाव, बिजली भुगतान के लिए नई व्यवस्था लागू

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में मंत्रालय महानदी भवन में बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में राज्य के प्रशासन, शिक्षा, उद्योग, बिजली, कर व्यवस्था, पर्यावरण और नगरीय विकास से जुड़े कई अहम फैसलों पर मुहर लगी। मंत्रिपरिषद ने कुल 11 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी, जिनका उद्देश्य निवेश बढ़ाना, व्यापार को आसान बनाना, शिक्षा की गुणवत्ता सुधारना और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाना है।

### बिजली भुगतान के लिए आरबीआई के अनुरूप नई डायरेक्ट डेबिट मैंडेट व्यवस्था

मंत्रिपरिषद् ने छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के विद्युत उपक्रमों से खरीदी जा रही बिजली के भुगतान की सुरक्षा के लिए वर्तमान त्रिपक्षीय अनुबंध के स्थान पर भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुरूप डायरेक्ट डेबिट मैंडेट व्यवस्था लागू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

### बस्तर फाइटर्स भर्ती एवं सेवा नियमों में संशोधन को स्वीकृति

मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ पुलिस विशेष कार्यपालिक बल (बस्तर फाइटर्स), फाइटर आरक्षक सेवा (भर्ती तथा सेवा की शर्तें) नियम, 2026 में महत्वपूर्ण



### राजनांदगांव में बनेगा 2000 सीटों वाला आधुनिक ऑडिटोरियम

*सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए राजनांदगांव में 2000 सीट क्षमता वाले एक विशाल और आधुनिक ऑडिटोरियम के निर्माण का निर्णय लिया गया है। इसके निर्माण के लिए आवश्यक शासकीय भूमि के आबंटन को कैबिनेट ने अपनी महत्वपूर्ण मंजूरी दे दी है।*

संशोधन को स्वीकृति दी गई है। इससे इस बल की कार्यप्रणाली और सुदृढ़ होगी। वही निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना संबंधी प्रावधानों को अधिक व्यावहारिक, गुणवत्तापूर्ण और समकालीन बनाने के लिए इस विधेयक के प्रारूप का अनुमोदन किया गया है। इसके तहत अब विन्यास निधि के स्थान पर 'रक्षित निधि' का प्रावधान लागू किया गया है, जिससे छात्रों का भविष्य सुरक्षित होगा। इसमें आधारभूत अधोसंरचना, पुस्तकालय एवं अन्य सुविधाओं को यूजीसी एवं सक्षम नियामक संस्थाओं के मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करने का प्रावधान है।

### वाणिज्यिक कर अधिकरण समाप्त, लंबित मामले राजस्व मंडल को ट्रांसफर

छत्तीसगढ़ मूल्य संवर्धित कर (संशोधन) विधेयक, 2026 के प्रारूप को मंजूरी दी गई है। जीएसटी लागू होने के बाद वैट संबंधी अपीलों में भारी कमी आई है और राज्य में जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण की स्थापना भी हो चुकी है। इसलिए अब पृथक वाणिज्यिक कर अधिकरण को समाप्त किया जा रहा है। यहां लंबित सभी प्रकरण अब राजस्व मंडल को स्थानांतरित किए जाएंगे।

### छत्तीसगढ़ माल एवं सेवा कर संशोधन विधेयक के प्रारूप को हरी झंडी

इस संशोधन का मुख्य उद्देश्य जीएसटी कानून को और सरल बनाना तथा अनुपालन संबंधी प्रक्रियाओं को आसान बनाना है। करदाताओं, विशेषकर निर्यातकों और इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर वाले उद्योगों के लिए (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## होर्मुज पर फिर बवाल: ईरान ने लौटाया भारत का टैंकर; ट्रंप ने कहा- ये समझौते के लायक नहीं, आज रात करेंगे हमला



वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने फिर एक बार ईरान पर हमला करने की बात कही है। अंकारा में नाटो समिट में बोलते हुए ट्रंप ने कहा, हम आज रात उन पर फिर हमला करेंगे।

ट्रंप ने यह बात अंतरिम समझौते को खत्म घोषित करते हुए और ईरानियों को नीच और सनकी कहने के कुछ ही घंटों बाद कही। यह बयान ऐसे समय में आया है जब ईरान के IRGC ने बहरीन और कुवैत में 85 अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमला करने का दावा किया है, और अमेरिका ने ईरान के 80 से ज्यादा सैन्य ठिकानों पर हमला किया है।

अंकारा में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के साथ बातचीत के दौरान ट्रंप ने कहा, ईरानी जो कर रहे हैं, उससे मैं खुश नहीं हूं। वे बहुत बुरा बर्ताव कर रहे हैं। ट्रंप ने आगे कहा, US तेहरान में सरकार बदलना नहीं चाहता, लेकिन ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के अपने रुख पर कायम है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका शायद आज रात ईरान पर फिर हमला करेगा।

ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी फार्स ने बताया कि होर्मुज जलडमरूमध्य में ओमान के कॉरिडोर से एक भारतीय ऑयल टैंकर को वापस भेज दिया गया है। 24 जून को ओमान और संयुक्त राष्ट्र के इंटरनेशनल मैरीटाइम ऑर्गनाइजेशन ने ओमान के तट के पास जलडमरूमध्य में एक अस्थायी कॉरिडोर की घोषणा की थी। खाड़ी में फंसे जहाजों को निकालने के लिए बनाए गए इस कॉरिडोर की निगरानी अमेरिका कर रहा था।

### यूएई ने ईरान के हमले की निंदा की

संयुक्त अरब अमीरात ने बुधवार को होर्मुज जलडमरूमध्य में सऊदी तेल टैंकर वाडियान पर ईरान के हमले की निंदा की। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस हमले से अंतरराष्ट्रीय नौवहन (नेविगेशन) को खतरा पैदा हुआ है और उसने सऊदी अरब तथा नौवहन की स्वतंत्रता के लिए UAE के समर्थन को दोहराया। मंत्रालय ने कहा कि जलडमरूमध्य में कमर्शियल जहाजों को निशाना बनाना अस्वीकार्य है और इससे क्षेत्रीय स्थिरता, वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय व्यापार को खतरा है।

## पुणे-दिल्ली में इमारत ढहीं, कई लोग दबे, रेस्क्यू जारी: खंडाला में लैंडस्लाइड; सूरत में तीन दिनों में 19 की मौत

भोपाल/जयपुर/पटना/अहमदाबाद/मुंबई। महाराष्ट्र के पुणे में बुधवार को भारी बारिश के कारण कचरे का पहाड़ 3 मंजिला इमारत पर गिर गया, जिससे कचरा प्रबंधन की बिल्डिंग ढह गई। हादसे में 16 लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।



डिप्टी सीएम सुमित्रा पवार ने बताया कि चार लोगों को जिंदा निकाला जा चुका है। मुंबई से बारिश के कारण 9 फ्लाइट डायवर्ट हुई हैं। वहीं दिल्ली के रोहिणी में भी एक निर्माणाधीन बिल्डिंग गिर गई। हादसे में एक शख्स की मौत हो गई।

पुणे के खंडाला में भारी बारिश के बीच लैंडस्लाइड से एक सिक्योरिटी गार्ड की मौत हो गई, जबकि उसका साथी अब भी लापता है। उधर, गुजरात के सूरत में 36 घंटे में 19 इंच तक बारिश हुई, जिससे 85 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया। जुलाई 1941 में 18 इंच बारिश हुई थी। सूरत में हुई रिकॉर्ड 19 इंच बारिश से तीन दिनों में अलग-अलग हादसों में 19 लोगों की मौत हो चुकी है। करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है। 3400 लोगों को सुरक्षित निकाला गया है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में लोगों को खाने-पीने की परेशानी झेलनी पड़ रही है।

### दिल्ली-जयपुर हाइवे धंसा, गुरुग्राम में 10 किमी लंबा जाम

भारी बारिश के चलते दिल्ली-जयपुर NH-48 धंस गया है, जिसके कारण 10 किमी लंबा जाम लगा गया। एक स्कूल बस भी नाले में फंस गई। इधर, गुरुग्राम के कई इलाकों में दो-दो फीट पानी भर गया। पुलिस ने कंपनियों से अगले कुछ दिनों तक (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## यूपी में रिटायर्ड आरटीओ के घर 13 किग्रो सोना, 9 किग्रो चांदी मिली: विजिलेंस के छापे में हीरे भी मिले

लखनऊ। आगरा के तत्कालीन सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) ललित कुमार के ठिकानों पर विजिलेंस के छापों में 35 करोड़ रुपये की काली कमाई का खुलासा हुआ है। छापे में ललित कुमार के राजधानी के अलीगंज स्थित आवास से 1.62 करोड़ रुपये नगद, करीब 20 करोड़ रुपये के सोने-चांदी के बिस्किट व जेवरात और तमाम संपत्तियों के दस्तावेज बरामद किए गए हैं। डीजीपी राजीव कृष्ण ने टीम में शामिल अधिकारियों व कर्मचारियों को एक लाख रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की है।



### दीवारों-पैकेटों में छिपाया था 1.62 करोड़ कैश

आईजी विजिलेंस मंजिल सैनी ने बताया कि मूल रूप से रायबरेली एवं वर्तमान में राजधानी निवासी ललित कुमार के विरुद्ध परिवहन आयुक्त द्वारा वर्ष 2020 में की गई शिकायत के बाद भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एसीओ) के कानपुर सेक्टर ने जांच की थी। जांच में ललित कुमार द्वारा आय के सभी वैध स्रोतों से करीब 93 लाख रुपये अर्जित करने, जबकि संपत्तियों को खरीदने एवं भरण पोषण में 1.62 करोड़ रुपये व्यय करने का खुलासा हुआ था।

### 2024 में कानपुर में दर्ज हुई थी एफआईआर

एसीओ ने 11 जून 2024 को कानपुर सेक्टर के थाने में ललित कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी, जिसकी विवेचना शासन ने विजिलेंस के सुपुर्द कर दी थी। विवेचना में उनकी तमाम अघोषित संपत्तियों की जानकारी मिलने पर छापा मारकर सुबूत जुटाने की योजना बनाई गई और अदालत से सर्च वारंट लेकर मंगलवार को उनके राजधानी स्थित चंद्रलोक कॉलोनी के आवास पर पुलिस बल की (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी शुरू, 15 निकायों और 2 नई नगर पंचायतों में होंगे चुनाव

रायपुर। छत्तीसगढ़ में दिसंबर 2026 में प्रस्तावित नगरीय निकाय चुनावों की तैयारियां तेज हो गई हैं। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने बुधवार को नवा रायपुर स्थित आयोग कार्यालय में राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित कर चुनावी तैयारियों का जायजा लिया। बैठक में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने परिसीमन, आरक्षण और अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं की प्रगति की जानकारी दी। बैठक में दिसंबर 2026 में कार्यकाल पूरा करने वाले 15 नगरीय निकायों तथा दो नवगठित नगर पंचायतों में होने वाले आम चुनाव की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में राज्य निर्वाचन आयोग की सचिव शिखा राजपूत, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संचालक सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने अधिकारियों को निर्वाचन संबंधी सभी आवश्यक शासकीय प्रक्रियाएं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी आम एवं उप निर्वाचन का संचालन समयबद्ध, निष्पक्ष एवं सुचारू रूप से सुनिश्चित किया जा (शेष पृष्ठ 6 पर...)



0 **नगर निगम:** बीरगांव, भिलाई, भिलाई-चरौदा, रिसाली।
0 **नगर पालिका परिषद:** खैरागढ़, जामुल, सारंगढ़, बैकुंठपुर, शिवपुर-चरचा।
0 **नगर पंचायत:** प्रेमनगर, मारो, कोंटा, नरहरपुर, भैरमगढ़, भोपालपटनम इसके अलावा तमनार और बड़ी करेली नवगठित नगर पंचायतों में भी पहली बार आम चुनाव कराए जाएंगे।

## राममंदिर चंदा चोरी: फर्जी रसीद बुक मिली, आरोपियों को लेकर परिक्रमा मार्ग पहुंची पुलिस

अयोध्या। अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावा चोरी का मामला दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। हाल ही में पुलिस ने आरोपियों के पास से फर्जी चंदे की रसीद बुक बरामद की है, जिससे यह पता चला है कि दानदाताओं को धोखा दिया जा रहा था। इस मामले में बारीकी से जांच की जा रही है, और पुलिस ने यह जानकारी दी है कि आरोपी चंदा चोरी करने के साथ-साथ फर्जी रसीद देकर पैसे भी ऐंठते थे।



### यहां चोरी के नोटों के बंटवारे का शक

### फर्जी रसीद बुक का भंडाफोड़

पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपियों की निशानदेही पर पुरानी फर्जी चंदे की रसीद बुक मिली है। यह रसीदें राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की बताई गई हैं। जब कोई व्यक्ति मंदिर में दान देने के लिए आता था, तो आरोपी रिसीविंग के तौर पर ये फर्जी रसीदें दे देते थे, ताकि किसी को शक न हो और पैसे सीधा उनकी जेब में चले जाएं।

### चोरी के पैसों से खरीदी संपत्ति


पुलिस ने बताया है कि आरोपी टिन्नू यादव, लव कुश, करुणेश, और अनुकल्प जैसे मुख्य आरोपियों ने चोरी के पैसों से महंगी गाड़ियां और जमीनें खरीदी। जांच में सामने आया है कि ये लोग 14 कोसी परिक्रमा मार्ग पर पैसों का बंटवारा करते थे। अब पुलिस इनकी संपत्ति और बैंक खातों की गहनता से जांच कर रही है।

### मुख्य आरोपियों की पूछताछ जारी

पुलिस अनुकल्प, लव कुश और करुणेश से लगातार पूछताछ कर रही है। रमाशंकर यादव उर्फ टिन्नू यादव और अविनाश शुक्ला को इस चोरी के रैकेट का मुख्य आरोपी माना जा रहा है। इनसे गाड़ी भी बरामद की गई है, जो मामले (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## महादेव सट्टा ऐप का संचालक सौरभ चंद्राकर ओमान में गिरफ्तार

रायपुर। महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप के मुख्य आरोपी सौरभ चंद्राकर को ओमान में गिरफ्तार किया गया है। उसने फर्जी इंडोनेशियाई पासपोर्ट के जरिए ओमान में प्रवेश किया था।




### फर्जी पासपोर्ट से प्रवेश का आरोप, भारत लाने की तैयारी शुरू

इसी मामले में रॉयल ओमान पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि सौरभ चंद्राकर पहले संयुक्त अरब अमीरात (UAE) में रह रहा था। उसकी गिरफ्तारी इंटरपोल के रेड नोटिस के आधार पर की गई है, जिसे भारतीय जांच एजेंसियों के अनुरोध पर जारी किया गया था। गिरफ्तारी के बाद भारत सरकार उसे वापस लाने की प्रक्रिया में जुट गई है। इसके लिए ओमान सरकार से प्रत्यर्पण (भारत भेजने) की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। फिलहाल सौरभ चंद्राकर को मस्कट के अल खौद डिटेंशन सेंटर में रखा गया है। उसने अपनी तरफ से केस लड़ने के लिए वकीलों की टीम भी रखी है। वहीं, ओमान में फर्जी पासपोर्ट और अवैध तरीके से प्रवेश करने के मामले की जांच जारी है।

## मोदी इंडोनेशिया के सबसे बड़े प्रम्बानन हिंदू मंदिर पहुंचे: बोले- हमेशा शिव से जुड़ने का सौभाग्य मिला; पीएम ऑस्ट्रेलिया पहुंचे

जकार्ता। पीएम मोदी बुधवार को इंडोनेशिया के योग्याकार्ता स्थित देश के सबसे बड़े हिंदू मंदिर प्रम्बानन पहुंचे। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो भी उनके साथ गए। दोनों ने मंदिर के संरक्षण-जीर्णोद्धार परियोजना का उद्घाटन किया। पीएम ने मंदिर में दर्शन भी किए। उन्होंने मंदिर परिसर में अपने संबोधन में कहा- मुझे किसी न किसी रूप में हमेशा भगवान शिव से जुड़ने का मौका मिला है। सोमनाथ, काशी विश्वनाथ, केदारनाथ धाम और उज्जैन के महाकाल मंदिर के बाद प्रम्बानन मंदिर के विकास का मौका मिलना मेरा सौभाग्य है। पीएम मोदी के इंडोनेशिया से ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न पहुंच गए हैं। वे 8 से 10 जुलाई तक ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रहेंगे। उन्हें पांच इंडोनेशियाई फाइटर जेट ने एस्कॉर्ट किया। इंडोनेशिया के जावा द्वीप पर योग्याकार्ता के पास स्थित प्रम्बानन मंदिर दक्षिण-पूर्व एशिया का दूसरा सबसे बड़ा हिंदू मंदिर है। पहले स्थान पर कंबोडिया का अंगकोर वाट है। प्रम्बानन मंदिर एक हजार साल पुराना है। इसका परिसर कभी करीब 240 मंदिरों में फैला था। यहां त्रिमूर्ति- भगवान शिव, विष्णु और ब्रह्मा के तीन मुख्य मंदिर हैं। इनमें 47 मीटर ऊंचा शिव मंदिर सबसे बड़ा है। मंदिर की दीवारों पर रामायण और अन्य हिंदू ग्रंथों की कहानियां उकेरी गई हैं।



### मोदी ऑस्ट्रेलिया के मेलबोर्न पहुंचे, पीएम बनने के बाद तीसरी यात्रा

मोदी इंडोनेशिया से ऑस्ट्रेलिया के मेलबोर्न पहुंचे हैं। पीएम बनने के बाद मोदी की यह तीसरी यात्रा है। यहां वे मीट्स मेलबर्न कार्यक्रम में भारतीय समुदाय को संबोधित करेंगे। ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बनीज के साथ अनौपचारिक बैठक करेंगे। दोनों देशों में डिफेंस समझौता हो सकता है। बिजनेस लीडर्स मीट कार्यक्रम में भी हिस्सा लेंगे।

## छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल ईओडब्ल्यू हिरासत में

रायपुर। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हुए शराब, कोल लेवी और कस्टम मिलिंग घोटाले के आरोपित छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल को आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा (ईओडब्ल्यू) ने हिरासत में ले लिया है। इस मामले में आरोपित रामगोपाल अग्रवाल तीन साल से फरार थे।



### कोयला लेवी सहित अन्य महत्वपूर्ण मामलों में पूछताछ जारी

अधिकारियों ने बताया कि ईओडब्ल्यू द्वारा कोयला लेवी प्रकरण में कांग्रेस के कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। रामगोपाल अग्रवाल के विरुद्ध माननीय भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम न्यायालय से स्थायी वारंट भी जारी किया गया था। सूर्यकांत तिवारी के पास से जब्त डायरी में कांग्रेस भवन के नाम पर करोड़ों रुपये की एंट्री प्राप्त हुई है। अब तक की विवेचना में यह तथ्य सामने आया है कि उक्त राशि रामगोपाल अग्रवाल द्वारा कांग्रेस भवन में प्राप्त की गई थी। इस संबंध में डायरी एंट्री, धनराशि के स्त्रोत, राशि पहुंचाने वाले व्यक्तियों, प्राप्तकर्ता एवं उपयोग से संबंधित बिंदुओं पर रामगोपाल (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## बंगाल में बवाल : ममता बनर्जी की रैली में भिड़े टीएमसी और बीजेपी कार्यकर्ता, बीच सड़क पर लगे चोर-चोर के नारे

बालीगंज। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री और टीएमसी नेत्री ममता बनर्जी की रैली के दौरान जमकर हंगामा और बवाल हुआ। बालीगंज फाड़ी से हाजरा मोड़ के बीच निकाले जा रहे इस मार्च में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। न्यूज एजेंसी एएनआई के ताजा फुटेज में साफ दिख रहा है कि कैसे दोनों तरफ के लोग एक-दूसरे से बुरी तरह उलझ पड़े। इस हंगामे के बाद पूरे इलाके में भारी तनाव है।

### बीच सड़क पर धक्का-मुक्की और नारेबाजी

यह हाई-वोल्टेज ड्रामा उस समय शुरू हुआ जब टीएमसी नेता ममता बनर्जी की अगुवाई में पार्टी का जुलूस बालीगंज फाड़ी से हाजरा मोड़ की तरफ बढ़ रहा था। इसी दौरान वहां भाजपा के समर्थक भी पहुंच गए और दोनों राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए। पहले



दोनों तरफ से तीखी बहस शुरू हुई, जो देखते ही देखते धक्का-मुक्की में बदल गई। दोनों पार्टियों के कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को धक्का देते हुए चोर, चोर के नारे लगाने शुरू कर दिए।

### जब कोर्ट की इजाजत थी तो सुरक्षा में चूक क्यों हुई?

इस रैली को लेकर कल ही कलकत्ता हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने समय सीमा और रूट में कुछ बदलाव करते हुए इसे आयोजित करने की अनुमति दी थी। अदालत के आदेश के बाद सुरक्षा के दावे तो किए गए (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### ममता बनर्जी की टीएमसी के खिलाफ ईडी का बड़ा एक्शन, पांच ठिकानों पर छापेमारी, बैंक अकाउंट में 440 करोड़ रुपये फ्रीज

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस से जुड़े कथित पैसों की लेन-देन के मामले में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है. ईडी ने करीब 440 करोड़ रुपये वाले टीएमसी के एचडीएफसी बैंक के अकाउंट्स की जांच शुरू की और अकाउंट को फ्रीज कर दिया और इस संबंध में मंगलवार को पांच अलग-अलग जगहों पर छापेमारी भी की गई. इस मामले में विधानसभा चुनाव के बाद सामने आए विवादित बैंक खातों के जरिए कथित रूप से गलत वित्तीय लेन-देन, पैसे जुटाने और रकन को इधर-उधर भेजने का आरोप है. जिन पर पहले ही डेबिट फ्रीज (शेष पृष्ठ 6 पर...)



# राशन दुकानों में ओटीपी बंद होने से ग्राहक और दुकानदार दोनों परेशान

## बायोमेट्रिक सत्यापन की अनिवार्यता से वितरण प्रक्रिया हुई धीमी, सर्वर व नेटवर्क की समस्या से घंटों लग रही कतारें

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश की सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत राशन दुकानों में मोबाइल ओटीपी आधारित प्रमाणीकरण बंद किए जाने के बाद से राशन वितरण व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। केवल बायोमेट्रिक (फिंगर प्रिंट) के माध्यम से राशन दिए जाने की नई व्यवस्था से उपभोक्ताओं और राशन दुकान संचालकों दोनों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का साफ कहना है कि सरकार के इस फैसले से वितरण प्रक्रिया बेहद धीमी हो गई है। जिससे आम जनता की रोजमर्रा की आजीविका भी प्रभावित हो रही है।

### फिंगर प्रिंट न मिलने से बुजुर्ग, मजदूर और दिव्यांग परेशान

शहर सहित जिले की अधिकांश उचित मूल्य दुकानों में इन दिनों राशन लेने आने वाले हितग्राहियों को घंटों लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। पहले जहां मोबाइल ओटीपी के माध्यम से आसानी से और तेजी से राशन वितरण हो जाता था। वहीं अब केवल फिंगर प्रिंट से सत्यापन की अनिवार्यता के कारण इस प्रक्रिया में काफी समय लग रहा है।

दुकान संचालकों का कहना है कि कई बुजुर्गों, शारीरिक श्रम करने वाले मजदूरों और दिव्यांग हितग्राहियों के फिंगर प्रिंट मशीन में सही तरीके से मैच नहीं होते। इसके अलावा कई बार सर्वर की धीमी गति और नेटवर्क की समस्या के कारण घंटों तक राशन वितरण बाधित रहता है। ऐसे में न तो हितग्राहियों को समय पर राशन मिल पाता है और न ही दुकानदार निर्धारित समय में अपना कार्य पूरा कर पाते हैं।

### मजदूरी छोड़कर चक्कर काटने को मजबूर कार्डधारी

ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से लगातार ऐसी शिकायतें सामने आ रही हैं कि फिंगरप्रिंट मिलान नहीं होने के कारण कई पात्र हितग्राहियों को बार-बार दुकान के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इससे रोज कुआं खोदकर पानी पीने वाले मजदूरों की रोजी-रोटी प्रभावित हो रही है, क्योंकि उन्हें राशन लेने के लिए अपना काम छोड़कर कई बार दुकान आना पड़ता है। राशन दुकानदारों और कार्डधारियों ने मांग की है कि देश के कई राज्यों की तरह छत्तीसगढ़ में भी बायोमेट्रिक के साथ मोबाइल ओटीपी का वैकल्पिक विकल्प दोबारा चालू किया जाए, ताकि तकनीकी परेशानी की स्थिति में कोई भी गरीब राशन से वंचित न रहे। इधर सरकार के इस निर्णय को लेकर जनता में भारी नाराजगी है और इसे सरकार की अदूरदर्शी सोच बताया जा रहा है।

### 60 से अधिक और 10 वर्ष से कम उम्र वालों को छूट

जिला खाद्य अधिकारी राजनांदगांव रविंद्र सोनी का कहना है कि छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशों के अनुरूप ही सार्वजनिक वितरण प्रणाली में राशन वितरण की प्रक्रिया लागू की जा रही है। 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग हितग्राहियों तथा 10 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए ओटीपी की सुविधा वर्तमान में भी उपलब्ध है। वहीं जो हितग्राही रोजगार या अन्य कारणों से दूसरे राज्यों में रह रहे हैं। वे वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के तहत वहां भी अपना राशन प्राप्त कर सकते हैं। हालांकि यह सही है कि आम हितग्राहियों के लिए ओटीपी सुविधा बंद होने के कारण कुछ व्यावहारिक असुविधाएं सामने आ रही हैं।

# उप संचालक समाज कल्याण ने लिया स्वैच्छिक अनुदानित संस्थाओं की बैठक

**0 संस्थाओं की वार्षिक कार्ययोजना अनिवार्य - वैशाली**

**0 अगस्त माह में निकलेगी विशाल नशा मुक्ति संदेश रैली**



राजनांदगांव (दावा)। उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती वैशाली मरडवार द्वारा आज जिले में संचालित समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुदान प्राप्त संस्थाओं के संचालक मंडल के साथ आवश्यक बैठक आहूत कर पंद्रह महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। जिसके तहत कोई भी दिव्यांग शिक्षा से वंचित न रहे। संस्थाओं के कार्यों को परिलक्षित करने वाला वार्षिक कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करते हुए कार्य करने की सलाह दी गई। उन्होंने यह भी कहा कि संस्था द्वारा अनुदान प्रस्ताव उपयोगिता प्रमाण पत्र समय सीमा में उपलब्ध कराया जाना चाहिए, ताकि संस्थाओं को समय पर अनुदान उपलब्ध कराई जा सकें। सभी संस्थाओं में कम से कम माह में एक बार स्वास्थ परीक्षण अनिवार्य रूप से होना चाहिए। परिसर को स्वच्छ और बाधारहित होना अनिवार्य बताया साथ ही त्रुटि रहित दिव्यांग छात्र वृत्ति प्रस्ताव निर्धारित समय पर कार्यालय में उपलब्ध करने निर्देश दिए गए। उप संचालक ने बताया कि अगस्त माह में केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान का छठवां वर्ष पूर्ण हो रहा है। जिसके तहत हमारा जिला नशा मुक्ति जनजागरुकता के लिए प्रदेश में अग्रणी है। एक विशाल रैली का आयोजन किया जाना है। बैठक के दौरान समस्त संस्था में लाभान्वित हो रहे दिव्यांग बालक बालिकाओं को खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों से निरंतर जोड़े रखने की बात कही गई। बैठक में अभिलाषा संस्था के अध्यक्ष संतोष कुमार बोद्दून, प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव, आस्था संस्था के अध्यक्ष महेंद्र सुराना, सुश्री आयशा खान, मनोकामना से लेखापाल समीर क्षत्रि, भगवान महावीर समता वृद्धाश्रम के प्रबंधक कमलेश कोसले, समता जन कल्याण समिति नशा मुक्ति केन्द्र के लेखापाल नागेश मुंजारे, समाज कल्याण विभाग की लेखापाल श्रीमती प्रमिला ठाकुर, कमलेश शर्मा हरि महंत आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी अभिलाषा संस्था के प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव द्वारा दिया गया।

# एचपीवी टीकाकरण शिविर के आमंत्रण पोस्टर का हुआ विमोचन : 12 जुलाई को अग्रसेन भवन में होगा आयोजन

## सर्व समाज की 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं के लिए लगेगा नि:शुल्क शिविर

राजनांदगांव (दावा)। अग्रवाल सभा, अग्रवाल महिला मंडल एवं अग्रवाल नवयुवक मंडल राजनांदगांव द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आयोजित किए जा रहे नि:शुल्क एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण शिविर के आमंत्रण पोस्टर का भव्य विमोचन किया गया। यह जनहितकारी शिविर रविवार 12 जुलाई को प्रात: 10 बजे से पुराने बस स्टैंड के पीछे स्थित अग्रसेन भवन राजनांदगांव में आयोजित होगा।

### सर्वाइकल कैंसर से बचाव की महत्वपूर्ण पहल

कार्यक्रम प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह विशेष शिविर 14 से 15 वर्ष की आयु वर्ग की सर्व समाज की बालिकाओं के लिए आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने रेखांकित किया कि एचपीवी वैक्सीन गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है। बालिकाओं के स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य को सुनिश्चित करने की दिशा में समाज और स्वास्थ्य विभाग की यह एक बेहद महत्वपूर्ण व सराहनीय पहल है। इस गरिमामय शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह उपस्थित रहेंगे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम के महापौर मधुसूदन यादव करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल एवं विधि डायग्नोस्टिक के डॉ. अमित मोदी मंच पर अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। यह पूरा आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. नेतराम नवरत्न के कुशल मार्गदर्शन एवं जिला स्वास्थ्य विभाग के सक्रिय सहयोग से संपन्न कराया जा रहा है।

### आवश्यक दस्तावेज और पंजीयन प्रक्रिया

शिविर के सुचारू संचालन हेतु महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए हैं। शिविर में लाभ लेने वाली बालिकाओं के लिए अपना पहचान पत्र (आधार कार्ड) एवं उससे लिंक मोबाइल नंबर साथ लाना अनिवार्य होगा। इच्छुक अभिभावक अपनी पात्र बालिकाओं का अग्रिम पंजीयन कराने के लिए अग्रसेन भवन के मैनेजर मोहन यादव के पास कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते हैं। श्री लक्ष्मण लोहिया सहित अग्रवाल समाज के पदाधिकारियों ने नगरवासियों एवं प्रबुद्ध अभिभावकों से पुरजोर अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में अपनी पात्र बेटियों को इस शिविर में लेकर आएं और इस स्वास्थ्य अभियान का लाभ उठाकर अपनी आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित बनाएं।

# देवशरण सेन और सूर्यकांत श्रीवास का सम्मान : जिला सेन समाज ने किया भव्य अभिनंदन



राजनांदगांव (दावा)। जिला सेन समाज ने समाज के दो प्रमुख प्रतिनिधियों को नई और महत्वपूर्ण प्रशासनिक जिम्मेदारी मिलने पर एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया। छत्तीसगढ़ शासन के केश शिल्पी कल्याण बोर्ड में सदस्य मनोनीत किए गए देवशरण सेन तथा रेवाडीह सर्किल अध्यक्ष एवं नवनियुक्त एल्डरमैन सूर्यकांत श्रीवास (बबला) का समाजजनों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम में दोनों ही अतिथियों को फूल-मालाएं पहनाई गई और मिठाई खिलाकर उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की गई।

### समाज के लिए गौरव का क्षण

जिला सेन समाज द्वारा आयोजित इस सम्मान समारोह में समाज के जिला संयोजक, पूर्व पार्षद एवं सांसद प्रतिनिधि देवशरण सेन को छत्तीसगढ़ शासन के केश शिल्पी कल्याण बोर्ड में सदस्य बनाए जाने पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही रेवाडीह सर्किल अध्यक्ष सूर्यकांत श्रीवास (बबला) के एल्डरमैन मनोनीत होने पर भी समाज के लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला सेन समाज के अध्यक्ष शेषनारायण शांडिल्य ने किया। इस दौरान समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कहा कि देवशरण सेन और सूर्यकांत श्रीवास को मिली यह नई जिम्मेदारियां पूरे सेन समाज के लिए गौरव का विषय हैं। उन्होंने पूरा विश्वास व्यक्त किया कि दोनों जनप्रतिनिधि समाज के हितों की रक्षा करते हुए जनसेवा के कार्यों को और अधिक मजबूती प्रदान करेंगे। पूरा सम्मान समारोह बेहद सौहार्दपूर्ण और उत्साहजनक वातावरण में संपन्न हुआ। मंच पर उपस्थित अतिथियों का समाज के लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया। इस गरिमामय अवसर पर जिला अध्यक्ष शेषनारायण शांडिल्य, महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष श्रीमती निशा श्रीवास, युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष शिव कुमार सेन, ब्लॉक अध्यक्ष अनिल कौशिक, मुख्य सलाहकार धन्नूलाल सेन, भावेश शांडिल्य, श्रीमती हिलेश्वरी सेन सहित जिला, ब्लॉक और मंडल स्तर के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं सामाजिक बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।


## कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर (केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

Main Portal: https:// eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| स.क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 194699 प्रथम आमंत्रण 30.06.2026 | गहिरा मुख्य मार्ग से तिलईदरहा तक मार्ग लंबाई 2.20 कि.मी. का निर्माण कार्य। | 326.83 |
| 2 | 194700 प्रथम आमंत्रण 30.06.2026 | जिला धमतरी के राजनांदगांव गुण्डरदेही धमतरी नगरी सिहावा बोराई (राज्य मार्ग क्रं. 23) के कि.मी. 155/2 से 178/2 = 23.20 कि.मी. में मजबूतीकरण निर्माण कार्य। | 1722.25 |
| 3 | 194696 प्रथम आमंत्रण 30.06.2026 | जिला राजनांदगांव के डोंगरगढ़ में परिक्रमा पथ का फोरलेन मार्ग लंबाई 8.00 कि.मी. का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य। | 4622.08 |
| 4 | 194703 प्रथम आमंत्रण 30.06.2026 | जिला कांकेर के चारामा- हारडुला मार्ग के कि.मी. 24/6 पर महानदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 2299.94 |
| 5 | 194704 प्रथम आमंत्रण 30.06.2026 | जिला दन्तेवाड़ा के दन्तेवाड़ा बायपास मार्ग के कि.मी. 5/6 शंखनी-डंकनी नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 1478.75 |
| 6 | 194705 प्रथम आमंत्रण 30.06.2026 | जिला दन्तेवाड़ा के पल्ली बारसूर मार्ग के कि.मी. 256/2 मांढेर नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 1003.55 |
| 7 | 194715 प्रथम आमंत्रण 30.06.2026 | रायगढ़ कोतरा नंदेली (राज्यमार्ग क्रमांक 29) के कि.मी. 1 से 5 = 5.00 कि.मी. तक चौड़ीकरण (फोरलेन) कार्य विद्युतीकरण सहित निर्माण कार्य। | 4777.76 |
| 8 | 194717 प्रथम आमंत्रण 30.06.2026 | जिला मुख्यालय अंबिकापुर जिला सरगुजा (अंबिकापुर) के न्यायिक कर्मचारियों हेतु कुल 17 नग (08 नग डी टाईप, 03 नग ई-टाईप, एवं 06 नग एफ टाईप) शासकीय आवास गृह का निर्माण कार्य। | 998.63 |
| 9 | 194719 प्रथम आमंत्रण 30.06.2026 | सोनाजोरी से बरडीह तक मार्ग लंबाई 2.70 कि.मी. का निर्माण कार्य। | 274.31 |
| 10 | 194722 प्रथम आमंत्रण 30.06.2026 | जिला सरगुजा में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था अंबिकापुर का निर्माण कार्य। | 327.91 |
| 11 | 194701 प्रथम आमंत्रण 30.06.2026 | जिला दुर्ग के चण्डी मंदिर से नयापारा मार्ग लंबाई 0.90 कि.मी. का पुल पुलिया सहित चौड़ीकरण एवं पुर्ननिर्माण कार्य। | 408.30 |
| 12 | 194712 प्रथम आमंत्रण 30.06.2026 | मिडमिडा से मौहापाली मार्ग लंबाई 3.50 कि.मी. का निर्माण कार्य। | 483.89 |
| 13 | 194713 प्रथम आमंत्रण 30.06.2026 | कोयलंगा से लिपसपाली उड़ीसा मार्ग लंबाई 3.00 कि.मी. का निर्माण कार्य। | 271.57 |
| 14 | 194726 प्रथम आमंत्रण 30.06.2026 | रायगढ़ लोइंग महापल्ली (मुख्य जिला मार्ग) के कि.मी. 1 से 5 लंबाई 5.00 कि.मी. तक चौड़ीकरण (फोरलेन) कार्य विद्युतीकरण सहित निर्माण कार्य। | 5949.04 |
| 15 | 194729 प्रथम आमंत्रण 30.06.2026 | जिला कोण्डागांव ग्राम डोंगरसिलाटी से ग्राम कांवरा मार्ग लंबाई 2.50 कि.मी. पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य। | 274.63 |
| 16 | 194730 प्रथम आमंत्रण 30.06.2026 | जिला कोण्डागांव के कोपाबेडा नारियल प्लॉट भीरागांव मार्ग लंबाई 1.75 कि.मी. पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य। | 212.19 |
| 17 | 194735 द्वितीय आमंत्रण 30.06.2026 | जिला कांकेर के पी.व्ही. 15 से पी.व्ही. 124 के कि.मी. 1/2 से 4/10 तक कुल 3.90 कि.मी. का पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य। | 503.13 |
| 18 | 194755 द्वितीय आमंत्रण 30.06.2026 | जिला बस्तर के डिमरापाल स्थित मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में ( G+3) लेक्चर हॉल एवं परीक्षा हॉल का निर्माण कार्य, जमा मद। | 626.37 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि सं.क्र. 17 से सं.क्र. 18 दिनांक 20.07.2026 निर्धारित है एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 24.07.2026 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

जी- 262701981/5

मुख्य अंभियंता, केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर


# गोलबाजार स्थित आयुर्वेद औषधालय पुन: चालू किया जावे- डॉ. डी.सी. जैन



**शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति एवं वरिष्ठ नागरिक संघ ने महापौर मधुसूदन यादव से की निर्णय पर पुनर्विचार की मांग**

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम की सामान्य सभा द्वारा गोल बाजार स्थित ऐतिहासिक आयुर्वेद औषधालय को तोड़कर उसके स्थान पर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनाने संबंधी लिए गए निर्णय से आम जनता में भारी निराशा व्याप्त है। इस फैसले पर कड़ी आपत्ति जताते हुए श्री शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति एवं वरिष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष डॉ. डीसी जैन ने प्रेस को जारी एक वक्तव्य में इस औषधालय को जनहित में पुनः बहाल करने की मांग की है।

### सन् 1948 में जनता को समर्पित हुआ था यह औषधालय

डॉ. डी.सी. जैन ने औषधालय के गौरवशाली इतिहास की जानकारी देते हुए बताया कि आम जनता को निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा सुलभ कराने के उद्देश्य से नगर पालिका के तत्कालीन अध्यक्ष व सुप्रसिद्ध आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. देवीप्रसाद मिश्र द्वारा सन् 1948 में इस औषधालय का निर्माण कराया गया था। इसमें डॉ. शंकर प्रसाद द्विवेदी को मुख्य चिकित्सक तथा अश्विनी कुमार ठाकुर को सहायक चिकित्सक नियुक्त किया गया था। उन्होंने मलाल जताते हुए कहा कि नगर निगम के शासनकाल में लखोली एवं स्टेशन पारा में भी आयुर्वेदिक औषधालयों की स्थापना की गई थी, परंतु आश्चर्य की बात है कि विगत 15 वर्षों में दो औषधालय बंद कर दिए गए और अब यह तीसरा (गोल बाजार) भी बंद होने की कगार पर है।

### जनस्वास्थ्य से उदासीन होना नगर निगम के लिए उचित नहीं

समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि जनशिक्षा, सुरक्षा और जनस्वास्थ्य जैसे बुनियादी कार्य नगर निगम के अनिवार्य कर्तव्यों के अंतर्गत आते हैं। ऐसे में इन जनोपयोगी सेवाओं के संचालन से उदासीन होना निगम के लिए किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है। उन्होंने उदाहरण दिया कि रायपुर, धमतरी तथा अन्य नगर पालिकाओं में आज भी सफलतापूर्वक आयुर्वेदिक औषधालय संचालित हो रहे हैं। इसके विपरीत राजनांदगांव नगर निगम द्वारा संचालित चार प्राथमिक शालाएं भी वर्षों पूर्व बंद हो चुकी हैं, जो चिंता का विषय है।

### तीन कप्तानों से गुहार, पर मिली सिर्फ उपेक्षा

औषधालय के जीर्णोद्धार के लिए समिति द्वारा लंबे समय से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। जिसमें 26 मार्च 2015 को तत्कालीन महापौर मधुसूदन यादव को आवेदन देकर औषधालय के जीर्णोद्धार की मांग की गई थी, परंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई। 22 मार्च 2021 को श्रीमती हेमा देशमुख के महापौर बनने पर उन्हें भी आवेदन सौंपा गया, लेकिन उनके कार्यकाल में भी भवन सुधार या इसे पुनः चालू करने की दिशा में कदम नहीं उठाए गए। 16 अप्रैल 2026 को मधुसूदन यादव के पुनः महापौर बनने पर नागरिकों में उम्मीद जागी थी और समिति ने दोबारा आवेदन देकर औषधालय के संचालन की प्रतीक्षा की।

### शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के बजाय नवनिर्माण की मांग

समिति ने कहा कि 16 अप्रैल को दिए आवेदन पर सकारात्मक निर्णय की उम्मीद थी, परंतु इसके स्थान पर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनाने के आदेश से नागरिकों को गहरा धक्का लगा है। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के गरीब मरीजों के हित में गोल बाजार स्थित इस आयुर्वेद औषधालय का चालू रहना अत्यंत आवश्यक है। अतः शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति एवं वरिष्ठ नागरिक समिति ने महापौर मधुसूदन यादव से पुरजोर मांग की है कि औषधालय को तोड़ने की प्रक्रिया को तत्काल स्थगित किया जाए। इस विषय को पुनः विचार हेतु सामान्य सभा के समक्ष प्रस्तुत किया जाए, ताकि जनहित व जनसेवा को प्राथमिकता देते हुए इस ऐतिहासिक औषधालय के जीर्णोद्धार, नवनिर्माण और इसे पूर्ववत् संचालित करने का मार्ग प्रशस्त हो सके।

# किसान असिंचित क्षेत्रों में धान के बदले अन्य वैकल्पिक फसलों को दें बढ़ावा

**○ शासन द्वारा दी जा रही 15000 रूपए प्रति एकड़ प्रोत्साहन सहायता राशि**
**○ कृषि विभाग द्वारा किसानों को दी गई समसामयिक सलाह**

राजनांदगांव (दावा)। जिले में वर्तमान खरीफ मौसम के दौरान अब तक लगभग 1700 मिमी वर्षा दर्ज की गई है, जो गत वर्ष की इसी अवधि में हुई लगभग 1500 मिमी वर्षा की तुलना में 200 मिमी अधिक है। कृषि विभाग द्वारा केवल वर्षा की मात्रा को देखकर असिंचित एवं ऊँचाई वाली भूमि में धान की खेती का निर्णय न लेने, बल्कि अपनी भूमि की प्रकृति एवं वैज्ञानिक अनुशंसाओं के अनुरूप फसल का चयन करने की अपील की है।

उप संचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर ने बताया कि राजनांदगांव जिले की कृषि जलवायु तथा मृदा संरचना काली दोमट, मटासी एवं भर्री भूमि से युक्त है। जिले में बड़ी मात्रा में ऐसी भर्री एवं ऊँचाई वाली भूमि उपलब्ध है, जहां वर्षा का पानी अधिक समय तक नहीं ठहरता। ऐसी भूमि अरहर, उड़द, मूंग, सोयाबीन, कपास एवं मक्का जैसी फसलों के लिए अत्यंत उपयुक्त मानी जाती है। कृषि विभाग द्वारा विगत वर्षों में किए गए फसल कटाई प्रयोगों एवं उत्पादकता विश्लेषण से यह पाया गया है कि असिंचित एवं ऊँचाई वाली भूमि में धान की औसत उत्पादकता केवल 8 से 10 क्विंटल प्रति एकड़ ही प्राप्त होती है। जिससे किसानों को लगभग 19528 रूपए से 24410 रूपए प्रति एकड़ सकल आय प्राप्त होती है। इसके विपरीत वैकल्पिक फसलों में बेहतर आर्थिक लाभ मिलने की संभावना रहती है। औसतन अरहर से 4-5 क्विंटल प्रति एकड़ उत्पादन एवं लगभग 32 हजार रूपए से 40 हजार रूपए प्रति एकड़ सकल आय, मूंग से 3-4 क्विंटल उत्पादन एवं 26304 रूपए से 35072 रूपए तक आय, उड़द से 3-4 क्विंटल उत्पादन एवं 23400 रूपए से 31200 रूपए तक आय तथा सोयाबीन से 5-7 क्विंटल उत्पादन एवं 26640 रूपए से 37296 रूपए तक संभावित सकल आय प्राप्त हो सकती है।

उप संचालक ने बताया कि वर्ष 2026-27 के लिए केंद्र सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के अनुसार अरहर 8000 रूपए प्रति क्विंटल, मूंग 8768 रूपए प्रति क्विंटल, उड़द 7800 रूपए प्रति क्विंटल तथा सोयाबीन 5328 रूपए प्रति क्विंटल निर्धारित है। इन फसलों का समर्थन मूल्य पर उपार्जन प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) अंतर्गत किया जाता है। जिससे किसानों को अपनी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित होता है। उन्होंने बताया कि कम पानी में भी दलहन एवं तिलहन फसले बेहतर उत्पादन देती है। धान की तुलना में अधिक लाभकारी होती हैं। मृदा स्वास्थ्य में सुधार करती हैं तथा खेती का जोखिम कम करती हैं। वहीं असिंचित क्षेत्रों में धान की खेती करने पर पानी की कमी होने की स्थिति में उत्पादन में भारी गिरावट आने और किसानों की आय प्रभावित होने की संभावना रहती है। शासन द्वारा किसानों को फसल विविधीकरण के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पीएम-आशा कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत असिंचित क्षेत्रों में धान के स्थान पर दलहन, तिलहन, कपास एवं मक्का जैसी वैकल्पिक फसले लेने पर 15000 रूपए प्रति एकड़ प्रोत्साहन सहायता प्रदान की जा रही है।

# रामप्यारी साहू का निधन



डोंगरगढ़/बेलगांव (दावा)। आयुर्वेदिक ग्राम बेलगांव निवासी श्रीमती रामप्यारी साहू का निधन हो गया। वे पूर्व सरपंच संत ज्ञानेश्वर साहू की माता थी। श्रीमती साहू अपने पीछे पति सहित चार पुत्र, नाती-पोती सहित भारत पूरा परिवार छोड़कर चली गई। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्ति धाम में किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की।









**शुभांक**

अनुमानित

बी. के.
2-5-8
277-6 478-9
राजधानी
3-4-0
237-2 470-1

चेतावनी:- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# नगर निगम द्वारा शहर में जल निकासी, आवास निर्माण एवं नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु विशेष प्रयास

- 3 करोड़ 39 लाख की लागत से बड़ा नाला-कन्हैया नाला निर्माण कार्य प्रगति पर, जलभराव से मिलेगी राहत
- 100 से अधिक पीएम आवासों का निर्माण जारी, सड़कों के गड्ढे भरने के लिए पेचवर्क शुरू
- यातायात सुगम बनाने दिन-रात चल रहा मवेशी धरपकड़ अभियान, छोड़े जाने पर लगेगा जुर्माना

राजनांदगांव (दावा)। नगर पालिक निगम राजनांदगांव द्वारा शहरवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चौतरफा विकास कार्यों को गति दी जा रही है। मानसून और वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए निगम प्रशासन द्वारा जल निकासी व्यवस्था, सड़क संधारण (मरम्मत), प्रधानमंत्री आवास योजना तथा आवारा मवेशियों की रोकथाम संबंधी कार्यों को विशेष प्राथमिकता के साथ संचालित किया जा रहा है। इन सभी जनोपयोगी कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग कर समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है।

### कन्हैया नाला निर्माण से दूर होगी जलभराव की समस्या

शासन द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों की जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए 3 करोड़ 39 लाख की भारी-भरकम राशि स्वीकृत की गई है। इस राशि से बड़ा नाला-कन्हैया नाला का निर्माण कार्य वर्तमान में युद्ध स्तर पर प्रगति पर है। वर्तमान में इंदिरा नगर की ओर से नाला निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। इस निर्माण कार्य की प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जा रही है तथा ठेकेदार को श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर कार्य में और तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। नाला निर्माण पूर्ण होने के बाद शहर के एक बड़े हिस्से को जलभराव की गंभीर समस्या से बड़ी राहत मिलेगी तथा वर्षा जल की निकासी सुचारू रूप से हो सकेगी। इसके साथ ही निचले व जलभराव वाले क्षेत्रों में मलबा हटाने एवं बड़े नालों की नियमित गाद-सफाई का कार्य भी निरंतर जारी है।

### सड़कों का संधारण और महावीर चौक पर पेचवर्क शुरू

नगर निगम द्वारा वर्षा ऋतु के दौरान शहर की सड़कों को आवागमन के लायक बनाए रखने के लिए संधारण का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। शहर के विभिन्न मुख्य मार्गों और अंदरूनी हिस्सों में पेचवर्क (गड्ढा भराई) कराया जा रहा है। इसी कड़ी में व्यस्ततम महावीर चौक पर स्थित गड्ढों की भी तत्काल मरम्मत की जाएगी। इसके अलावा, लोक निर्माण विभाग को बसंतपुर रोड पर निर्मित डिवाइडर के क्षतिग्रस्त हिस्से को सुधारने के संबंध में आधिकारिक रूप से सूचित कर दिया गया है। नगर निगम द्वारा स्वच्छता एवं सुचारू आवागमन के लिए जिला अस्पताल कॉलोनी में निर्मित सड़क एवं नालियों की नियमित साफ-सफाई कराई जा रही है।

### स्पर्श प्रणाली से हो रहा पीएम आवास हितग्राहियों का भुगतान

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र में वर्तमान में 100 से अधिक गरीबों के आवास निर्माणाधीन हैं। निगम के तकनीकी अधिकारियों द्वारा इन साइट्स का नियमित निरीक्षण कर निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए जा रहे हैं। शासन द्वारा हितग्राहियों के खातों में दी जाने वाली राशि के भुगतान में पूरी पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए एसएलए (स्पर्श) प्रणाली के माध्यम से सीधे ट्रांसफर किया जा रहा है। सभी निर्माणाधीन आवासों की जियो-टैगिंग और प्रगति के आधार पर चरणबद्ध भुगतान की त्वरित कार्रवाई की जा रही है।

### दुर्घटनाएं रोकने रात में भी चल रहा मवेशी धरपकड़ अभियान

शहर की यातायात व्यवस्था को सुरक्षित एवं सुचारू बनाए रखने के लिए नगर निगम के अमले द्वारा प्रतिदिन मवेशी धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। सड़कों, मुख्य चौराहों और डिवाइडरों पर विचरण करने वाले आवारा मवेशियों को पकड़कर सीधे कांजी हाउस भेजा जा रहा है। रात के समय होने वाली संभावित सड़क दुर्घटनाओं को टालने के लिए निगम का विशेष दस्ता रात्रि कालीन ड्यूटी में भी सड़कों से मवेशियों को हटाने का कार्य पूरी मुस्तैदी से कर रहा है। नगर निगम ने सभी पशुपालकों से सख्त लहजे में अपील की है कि वे अपने मवेशियों को खुले में आवारा न छोड़ें तथा उन्हें अपने घरों या डेयरियों में सुरक्षित रूप से बांधकर रखें। पकड़े गए मवेशियों के स्वामियों पर नियमानुसार कड़े आर्थिक दंड (जुर्माने) की कार्रवाई की जा रही है। निगम ने साफ किया है कि पशुपालकों के सहयोग और जागरूकता से ही शहर की यातायात व्यवस्था को सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाया जा सकता है।

# एनबीआईएस बोरी के छात्र अनुराग का प्रथम प्रयास में ही एनडीए में चयन

- 12 अप्रैल को आयोजित यूपीएससी परीक्षा में छत्तीसगढ़ से पास होने वाले 39 युवाओं में बनाया स्थान
- 15 जुलाई को भोपाल में होने वाले साक्षात्कार में होंगे शामिल, शाला परिवार में हर्ष की लहर



राजनांदगांव (दावा)। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल (एनबीआईएस) बोरी के कक्षा बारहवीं के होनहार छात्र अनुराग सिंह चंदेल ने अपने प्रथम प्रयास में ही राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) की लिखित परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त कर विद्यालय सहित पूरे अंचल का नाम रोशन किया है। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा इस प्रतिष्ठित परीक्षा का आयोजन बीते 12 अप्रैल 2026 को किया गया था। जिसमें देशभर से लगभग 8 लाख विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था। गत 8 मई 2026 को घोषित हुए परीक्षा परिणामों में देश भर के मात्र 7,800 युवाओं को सफलता मिली है। जिनमें छत्तीसगढ़ राज्य से कुल 39 छात्र चयनित हुए हैं। अनुराग सिंह चंदेल ने इन 39 छात्रों में अपनी जगह बनाकर स्कूल को गौरवान्वित किया है।

### सेना के तीनों अंगों के लिए मिलता है प्रशिक्षण

राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) महाराष्ट्र के पुणे स्थित खड़कवासला में स्थापित है। जहां थलसेना, जलसेना और वायुसेना के कैडेटों को देश सेवा के लिए प्री-कमीशन प्रशिक्षण दिया जाता है। लिखित परीक्षा में सफलता के बाद कैडेटों को एक कठिन साक्षात्कार प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। जिसके बाद अंतिम रूप से अकादमी प्रवेश हेतु पूरे देश से मात्र 450 श्रेष्ठ छात्रों का चयन किया जाता है। छात्र अनुराग आगामी 15 जुलाई को इसी साक्षात्कार प्रक्रिया में शामिल होने के लिए भोपाल रवाना होंगे।

अनुराग द्वारा अपने पहले ही प्रयास में हासिल की गई इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि देश सेवा के प्रति अनुराग की इस प्रतिबद्धता और दृढ़ निश्चय पर पूरे शाला परिवार को अत्यंत गर्व है। हमारा विद्यालय ऐसे छात्रों के लिए सदैव कृतज्ञ रहेगा जो अपने जीवन को राष्ट्र की सुरक्षा और सेवा में समर्पित करने का संकल्प रखते हैं। इस गौरवमयी अवसर पर शाला की डायरेक्टर श्रीमती सोनल बाजपेयी, प्राचार्या श्रीमती एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान सहित सभी शिक्षकों और कार्यालयीन कर्मचारियों ने अनुराग को मिठाई खिलाकर बधाई दी तथा उनके अंतिम रूप से अकादमी में प्रवेश के लिए अपनी मंगलकामनाएं और प्रार्थना प्रेषित कीं।

# सरकार के सकारात्मक आश्वासन पर मनरेगा कर्मचारियों ने स्थगित किया आंदोलन, अब 15 दिनों में निर्णय पर टिकीं उम्मीदें

**12 जुलाई को रायपुर में महासंघ की होगी निर्णायक बैठक, लगभग 12,500 कर्मचारियों की नजरें शासन पर**

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ ने 2, 3 एवं 4 जुलाई को प्रस्तावित तीन दिवसीय प्रदेशव्यापी हड़ताल को कर्मचारियों के व्यापक हित एवं सरकार द्वारा दिए गए सकारात्मक आश्वासन के सम्मान में स्थगित करने का निर्णय लिया था। यह महत्वपूर्ण निर्णय उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत व ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा द्वारा कर्मचारियों की वर्षों से लंबित मांगों पर शीघ्र सार्थक निर्णय का भरोसा दिए जाने के बाद लिया गया। महासंघ ने बताया कि 25 जून एवं 1 जुलाई को योजना के विशेष कार्यक्रमों के अवसर पर हुई चर्चा में कर्मचारियों की प्रमुख मांगों पर विस्तार से बात हुई। इनमें मुख्य रूप से मानव संसाधन नीति के माध्यम से सेवा एवं सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना, ग्राम रोजगार सहायकों को संविदा के साथ ग्रेड-पे देना, पदनाम परिवर्तन तथा अन्य लंबित विषय शामिल थे, जिन पर सरकार का रुख सकारात्मक रहा। उपमुख्यमंत्री ने 15 दिनों के भीतर प्रांतीय प्रतिनिधिमंडल को चर्चा के लिए पुनः आमंत्रित कर कर्मचारियों के हित में आवश्यक निर्णय लेने का आश्वासन दिया है। महासंघ के प्रांतीय पदाधिकारियों ने कहा कि प्रदेशभर के हजारों कर्मचारियों की अभूतपूर्व एकजुटता, आंदोलन की व्यापक तैयारी और जिला स्तर पर चलाए गए ज्ञापन अभियान ने सरकार को कर्मचारियों की वर्षों पुरानी मांगों पर गंभीरता से विचार करने के लिए प्रेरित किया है। इसी विश्वास के आधार पर संगठन ने आंदोलन को पूर्णतः समाप्त नहीं, बल्कि केवल कुछ समय के लिए स्थगित किया है। अब प्रदेश के लगभग 12,500 मनरेगा कर्मचारी सरकार द्वारा किए गए वादों के समयबद्ध क्रियान्वयन की उत्सुकता से प्रतीक्षा कर रहे हैं। महासंघ की आगामी रणनीति तय करने हेतु 12 जुलाई को दोपहर 12 बजे प्रांतीय राजधानी रायपुर में एक महत्वपूर्ण प्रदेशव्यापी बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में उपमुख्यमंत्री से प्रस्तावित आगामी चर्चा की रूपरेखा, मांगों की अब तक की प्रगति, संगठन की भावी रणनीति एवं आवश्यकता पड़ने पर आगामी आंदोलन की दिशा पर विस्तृत विचार-विमर्श कर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

# टेडेसरा में कब्जे की कोशिश नाकाम - भागवत साहू





**ग्रामीणों ने उखाड़े पोल-तार, शासकीय भूमि पर नहीं होने देंगे कब्जा**

राजनांदगांव। ग्राम पंचायत टेडेसरा में शासकीय एवं सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर कथित अवैध कब्जे के प्रयास को ग्रामीणों की एकजुटता ने विफल कर दिया। ग्रामीणों, पंचायत प्रतिनिधियों और महिलाओं ने मौके पर पहुंचकर लगाए गए पोल और जालीदार तार हटाए तथा ग्रामसभा में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि गांव की सार्वजनिक संपत्तियों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण स्वीकार नहीं किया जाएगा।

ग्राम पंचायत टेडेसरा में वर्षों से शासकीय अभिलेखों में दर्ज सार्वजनिक भूमि पर कथित रूप से बाहरी लोगों द्वारा किए गए अवैध कब्जे के प्रयास का ग्रामीणों ने एकजुट होकर विरोध किया। ग्रामीणों, पंचों और पंचायत प्रतिनिधियों के विरोध के बाद मौके पर लगाए गए पोल और जालीदार तारों को हटाकर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। घटना के बाद गांव में विशेष बैठक आयोजित कर सार्वजनिक एवं शासकीय संपत्तियों की सुरक्षा के लिए सामूहिक संकल्प लिया गया। ग्राम पंचायत टेडेसरा के पूर्व सरपंच एवं ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने बताया कि संबंधित भूमि वर्षों से शासकीय भूमि के रूप में दर्ज है और गांव के लोगों द्वारा निस्तारी कार्यों के लिए उपयोग की जाती रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भिलाई और उरला क्षेत्र से आए कुछ लोगों ने दो दिन पहले रात करीब दो बजे इस भूमि पर अवैध कब्जा करने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक विरोध के बाद संबंधित लोग कुछ समय के लिए लौट गए लेकिन बाद में बड़ी संख्या में वापस आकर रातों-रात पोल गाड़ दिए और जालीदार तार लगाकर भूमि की घेराबंदी कर दी। श्री साहू ने कहा कि जिस स्थान पर कब्जे का प्रयास किया गया वहां प्रत्येक रविवार को साप्ताहिक बाजार लगता है तथा यह पूरे गांव के लिए महत्वपूर्ण सार्वजनिक और निस्तारी स्थल है। उन्होंने कहा यह जमीन पहले भी शासकीय थी आज भी शासकीय है और आगे भी शासकीय ही रहेगी। किसी भी बाहरी व्यक्ति को इस पर अवैध कब्जा नहीं करने दिया जाएगा। वार्ड क्रमांक 15 की पंच बिंदेश्वरी साहू ने बताया कि जैसे ही ग्रामीणों को भूमि की घेराबंदी की जानकारी मिली, पंचगण और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। सभी ने मिलकर लगाए गए पोल और जालीदार तारों को हटाकर अपना विरोध दर्ज कराया। पूर्व सरपंच देवलाल साहू ने गांव में मुनादी कराकर विशेष बैठक बुलाई, जिसमें वर्तमान एवं पूर्व जनप्रतिनिधियों सहित ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि गांव की इस सार्वजनिक भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा नहीं होने दिया जाएगा। बिंदेश्वरी साहू ने कहा यह हमारे पुरखों की धरोहर है। यहां गांव के बच्चे खेलते हैं बुजुर्ग बैठते हैं और ग्रामीण विभिन्न सामाजिक गतिविधियों के लिए इसका उपयोग करते हैं। इसकी रक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है। ग्रामीण लक्ष्मण यादु ने बताया कि 6 जुलाई को कब्जे के प्रयास की सूचना मिलते ही खेतों में काम कर रहे ग्रामीण भी तत्काल वापस लौट आए। देखते ही देखते बड़ी संख्या में गांव के युवा, महिलाएं और ग्रामसभा के सदस्य मौके पर पहुंच गए। उन्होंने बताया कि सभी ने एकजुट होकर लगाए गए पोल और जालियों को उखाड़ दिया। उन्होंने कहा कि गांव के लोग सार्वजनिक भूमि की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं और आवश्यकता पड़ने पर कानूनी लड़ाई लड़ने से भी पीछे नहीं हटेंगे। लक्ष्मण यादु ने कहा गांव की एकजुटता हमारी सबसे बड़ी ताकत है। कोई भी व्यक्ति या समूह गांव की सार्वजनिक भूमि पर कब्जा नहीं कर सकता। भविष्य में भी ऐसी कोई कोशिश हुई तो ग्रामीण पहले की तरह संगठित होकर उसका विरोध करेंगे। घटना के बाद आयोजित ग्रामसभा एवं विशेष बैठक में वर्तमान सरपंच खिलेश्वर साहू, पूर्व सरपंच बलदेव साहू, श्रीमती दानी साहू, रेमन देशमुख, अनिल साहू, सुनील कोठारी, सुदर्शन मानिकपुरी, महेंद्र साहू, अर्जुन साहू, गोपी देशमुख, धनसिंह चंद्रवंशी, गायत्री साहू, दामिनी साहू, दामिनी देशमुख, अहिल्या देशमुख सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गांव की सभी शासकीय एवं सार्वजनिक भूमि की सुरक्षा के लिए ग्रामीण एकजुट रहेंगे और भविष्य में किसी भी प्रकार के अवैध अतिक्रमण का लोकतांत्रिक एवं कानूनी तरीके से विरोध किया जाएगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से भी मांग की कि सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जे के प्रयासों पर सख्ती से कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# बुजुर्ग दंपत्ति को मिली छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय से अग्रिम जमानत

**0 सृष्टि कॉलोनी में एनआरआई महिला के मकान पर अवैध कब्जे का था आरोप, हाईकोर्ट ने स्वीकार की याचिका**



राजनांदगांव (दावा)। थाना बसंतपुर क्षेत्र के अंतर्गत सृष्टि कॉलोनी स्थित एक मकान पर अवैध रूप से कब्जा करने के मामले में नामजद आरोपी बुजुर्ग दंपत्ति ध्रुव वैष्णव व नीलिमा वैष्णव को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने दोनों बुजुर्गों की अग्रिम जमानत याचिका को स्वीकार कर लिया है। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री रमेश सिन्हा की खंडपीठ ने बीती 6 जुलाई को मामले की सुनवाई करते हुए अग्रिम जमानत याचिका को मंजूरी दी। न्यायालय ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि यदि इस मामले में पुलिस द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी की जाती है, तो उन्हें व्यक्तिगत मुचलके पर तुरंत जमानत पर रिहा कर दिया जाए। मामले की पैरवी अधिवक्ता आशीष गंगवानी ने की।

पैरवी कर रहे हाईकोर्ट अधिवक्ता आशीष गंगवानी ने मामले की पृष्ठभूमि के बारे में बताया कि शिकायतकर्ता रीता ठाकुर ने थाना बसंतपुर में एक लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि एक एनआरआई (प्रवासी भारतीय) महिला के घर में आरोपियों द्वारा अवैध रूप से घुसकर कब्जा किया गया है और वहां निवास किया जा रहा है। इस शिकायत के आधार पर बसंतपुर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 296, 318(4), 329, 331(2) और 351(3) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था।

उच्च न्यायालय में सुनवाई के दौरान बुजुर्ग दंपत्ति की ओर से बिलासपुर हाईकोर्ट के प्रतिष्ठित अधिवक्ता श्री आशीष गंगवानी ने पैरवी की। उन्होंने न्यायालय के समक्ष मजबूत तर्क प्रस्तुत करते हुए बताया कि आरोपी बुजुर्ग दंपत्ति का उक्त विवादित मकान पर पिछले 20 वर्षों से शांतिपूर्ण कब्जा है। इस जमीन व मकान से संबंधित एक दीवानी (सिविल) मामला पहले से ही माननीय सिविल न्यायालय में विचाराधीन है। यह पूरा प्रकरण पूर्ण रूप से सिविल प्रकृति का है, जिसे शिकायतकर्ता द्वारा आपसी रंजिश के तहत जानबूझकर आपराधिक रंग देकर पुलिस के माध्यम से प्रस्तुत किया जा रहा है।

अधिवक्ता के तर्कों, बुजुर्गों की आयु और मामले के सिविल दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने दंपत्ति को अग्रिम जमानत का लाभ प्रदान किया है। इस फैसले के बाद बुजुर्ग दंपत्ति को पुलिसिया कार्रवाई से बड़ी राहत मिली है।

# केसीजी पुलिस की कार्रवाई : शिखा शर्मा को किया एक वर्ष के लिये जिला बदर



खैरागढ़ (दावा)। जिला केसीजी (खैरागढ़-छुईखदान-गंडई) पुलिस द्वारा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार प्रभावी व सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में पुलिस प्रशासन की रिपोर्ट पर जिला दंडाधिकारी खैरागढ़ द्वारा गंडई थाना क्षेत्र की एक शातिर व आदतन अपराधी महिला के खिलाफ जिला बदर की बड़ी कार्रवाई की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गंडई थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 11, मेन चौक गंडई निवासी शिखा शर्मा (पति दिवाकर शर्मा, उम्र 37 वर्ष) के विरुद्ध गंडई थाने में कुल 12 आपराधिक प्रकरण और 7 प्रतिबंधात्मक मामले दर्ज हैं। लगातार हो रही पुलिसिया कार्रवाई के बावजूद उक्त महिला अपराधी में कानून, पुलिस, जेल और न्यायालय का कोई भय दिखाई नहीं दे रहा था। आदतन आपराधिक प्रवृत्ति की होने के कारण उसके व्यवहार और गतिविधियों में कोई सुधार नहीं आ रहा था।

पुलिस प्रशासन का मानना है कि ऐसे गंभीर और आदतन अपराधियों का समाज में खुलेआम घूमना आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए संकटमय स्थिति पैदा करता है। जिले में अमन-चैन और कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से जिला दंडाधिकारी खैरागढ़ ने कड़ा रुख अपनाया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 और 5 के अंतर्गत आदेश पारित करते हुए शिखा शर्मा को आगामी 1 (एक) वर्ष के लिए जिला केसीजी के चारों दिशाओं की राजस्व सीमाओं से बाहर चले जाने (जिला बदर) का आदेश जारी किया है। केसीजी पुलिस की इस बड़ी कार्रवाई से क्षेत्र के अपराधियों और असामाजिक तत्वों में हड़कंप मच गया है।

# सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान के तहत विशेष स्वच्छता अभियान



डोंगरगांव (दावा)। नगर पालिका परिषद डोंगरगांव द्वारा शहर को स्वच्छ, सुंदर और बीमारी मुक्त बनाने के उद्देश्य से आज एक विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओ कैंपेन के अंतर्गत नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी की गरिमामयी उपस्थिति में स्वच्छता दीदीयों के द्वारा डॉ. एस.जयराम अय्यर पार्क की व्यापक साफ-सफाई कराया गया।

इस अभियान के दौरान नगर अध्यक्ष के साथ ही नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी और स्वच्छता मित्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पार्क के भीतर मौजूद कचरे, सूखे पत्तों और प्लास्टिक अपशिष्टों का पूरी तरह से निपटारा किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष ने नागरिकों को कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि हमारी दैनिक आदत होनी चाहिए। यदि हम अपने आस-पास सफाई अपनाएंगे, तभी बीमारियों को दूर भगा पाएंगे। पार्क हमारे शहर की धरोहर हैं, इन्हें स्वच्छ रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। नगर पालिका प्रशासन ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि वे सार्वजनिक स्थलों पर कचरा न फैलाएं, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह बंद करें और डोंगरगांव को स्वच्छ व स्वस्थ बनाने में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करें।

# मवेशी धरपकड़ अभियान : निगम की टीम ने दो दिनों में 12 मवेशी पकड़ रेवाडीह एवं कन्हारपुरी कांजी हाउस छोड़े

- रात में मवेशी हकालने के अलावा नाली में फंसे सांड को सकुशल बाहर निकाला
- बीमार मवेशी इलाज के लिए आरोग्यम गौशाला पहुंचाए, प्रति मवेशी लगेगा 570 अर्थदंड



राजनांदगांव (दावा)। पशु मालिकों की लापरवाही से मवेशी निगम सीमा क्षेत्र के चौक-चौराहों में घूमते रहने एवं बैठे रहने से यातायात बाधित होने एवं दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। आमजनों एवं मवेशियों को सड़क हादसों से बचाने के लिए नगर निगम द्वारा मवेशी धर-पकड़ अभियान युद्ध स्तर पर चलाया जा रहा है। इसके साथ ही निदान 1100 तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में प्राप्त जन-शिकायतों के आधार पर भी त्वरित कार्रवाई की जा रही है। बीमार मवेशियों को इलाज के लिए गौशाला पिंजरापोल तथा आरोग्यम गौशाला भेजा जा रहा है। वहीं आवारा पशुओं को हटाने रात में भी निगम की टीम विशेष गश्त कर रही है। इसी कड़ी में बीते दो दिनों में शहर के विभिन्न हिस्सों से 12 घुमंतू मवेशियों को पकड़कर रेवाडीह व कन्हारपुरी कांजी हाउस पहुंचाया गया। जहां गंज मंडी से बचे हुए फल-सब्जी लाकर मवेशियों को खिलाए जा रहे हैं।

शासन व प्रशासन के निर्देशानुसार, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा द्वारा गठित मवेशी धर-पकड़ टीम ने कल व आज सघन कार्रवाई की। टीम ने रामदरबार चौक, जी.ई. रोड, मठपारा रोड, इंदिरा नगर और लखोली के पास से 6 मवेशी पकड़कर रेवाडीह कांजी हाउस में शिफ्ट किए। गंज चौक, लखोली नाका चौक, राजीव नगर, नंदई, हाट बाजार के सामने, जिला चिकित्सालय के सामने, महामाया चौक और नया बस स्टैंड से बैठे व घूमते हुए 6 मवेशियों को पकड़कर कन्हारपुरी कांजी हाउस में रखा गया है। कांजी हाउस से इन मवेशियों को छुड़ाने पर संबंधित पशु मालिकों से प्रति मवेशी 570-570 का अर्थदंड (जुर्माना) वसूल किया जाएगा।

रात के समय होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को टालने के लिए निगम की टीम ने गत रात्रि शहर के प्रमुख मार्गों और व्यस्ततम चौकों जैसे रेलवे स्टेशन चौक, पुराना बस स्टैंड चौक, भरकापारा मंदिर के पास, हाट बाजार, डबरी पारा, कुआं चौक, चौखड़िया पारा, महेश नगर, कौरिनभाठा, कुंज विहार कॉलोनी और गुरुद्वारा चौक में मुस्तैदी दिखाई। सड़कों व डिवाइडरों पर बैठे और विचरण करते मवेशियों को टीम द्वारा खदेड़ा (हकाला) गया। इसके अलावा तहसील ऑफिस के पास और सृष्टि कॉलोनी से बीमार मवेशियों की सूचना मिलने पर उन्हें तत्काल रेस्क्यू कर इलाज के लिए आरोग्यम गौशाला छोड़ा गया। इसी मानवीय पहल के तहत ममता नगर गली नंबर 3 की नाली में गहरे फंसे एक सांड को टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद सकुशल बाहर निकाला।

### आयुक्त ने पशुपालकों से की मवेशी बांधकर रखने की अपील

नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बरसात के इस मौसम में संभावित सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए सभी मवेशी मालिकों और पशुपालकों से कड़क लहजे में अपील की है कि वे अपने मवेशियों को निर्धारित स्थलों या डेयरियों में ही बांधकर रखें। उन्होंने चेतावनी दी है कि चौक-चौराहों व मुख्य सड़कों पर पशुओं को खुला छोड़ने की स्थिति में मवेशी मालिकों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई करते हुए भारी अर्थदंड अधिरोपित किया जाएगा।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से कार्य करते हुए, उप सीएसटीई/पी/एनजीपी/एसईसीआर रेलवे नीचे उल्लिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं:-
क्र.सं.: 01, कार्य का नाम: दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल में कलुमना (KAV)-दुर्ग (DURG) खंड (UP/DN/JOINT लाइन) में MSDAC प्रतिस्थापन कार्य (6Quad केबल के पूर्ण प्रतिस्थापन के साथ सिंगल सेट)। निविदा सूचना सं.: 01-NGP-PROJ-ST-2026-27, विज्ञापित निविदा मूल्य: ₹ 879966085.00 बोली सुरक्षा (बयाना राशि): ₹ 17599300.00
बोलीदाता उपर्युक्त निविदा के लिए अपनी मूल/संशोधित बोलियां केवल 24.07.2026 को 15:00 बजे तक ही जमा कर सकेंगे।
निविदा के विरुद्ध मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और प्राप्त किए गए ऐसे किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया जाएगा।
विवरण हमारी वेबसाइट: www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं।
सीएसटीई/पी/एनजीपी/एसईसीआर
PAM/18/35 द.पू.म.रेलवे, नागपुर
South East Central Railway @secrail

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**
सं. एनआईटी/25/जेयूएन/95265528/01 दिनांक 25.06.2026

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे निम्नलिखित वस्तुओं की आपूर्ति के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं।
मद क्र.सं. 1, निविदा सूचना सं. 95265528, मद का संक्षिप्त विवरण: मेमू के लिए एयर जनरेशन और ट्रीटमेंट यूनिट। मात्रा: 4 नग अनुमानित निविदा लागत: ₹ 5613930/-, बयाना राशि: ₹ 112280/-
अंतिम तिथि: 24/07/26, अंतिम समय: प्रातः 10.30 बजे
नोटः- उपर्युक्त निविदा, ई-निविदा है और सभी निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अपनी बोलियां IREPS की वेबसाइट https://www.ireps.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन जमा करें। उपर्युक्त निविदाओं और अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में अधिक जानकारी के लिए कृपया IREPS की वेबसाइट देखें।
वरि. मंडल सामग्री प्रबंधक/
PAM/14/27 द.पू.म.रेलवे, नागपुर
South East Central Railway @secrail

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**
निविदा क्रमांकः सी.ए.ओ./सी./बी.एस.पी./26-27/12 दिनांकः 01.07.2026, (ओपन ई-टेंडर) (टू पैकेट सिस्टम)

कार्यः "छत्तीसगढ़ राज्य में "दुर्ग-राजनांदगांव (31.0 किमी) और सरोना-भिलाई (17.30 किमी) सेक्शन के बीच चौथी लाइन के निर्माण" के तहत 1 महत्वपूर्ण पुल और 3 बड़े पुलों (जिनमें दोनों तरफ 300 मीटर तक का एप्रोच निर्माण भी शामिल है) के लिए प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सर्विस देने हेतु 'अथॉरिटी इंजीनियर, की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव का अनुरोध (RFP)।"
निविदा मूल्यः रू. 29787912.00/-, अमानत राशिः रू. 298900.00/-, निविदा दस्तावेज की लागतः शून्य, कार्य पूरा होने की अवधिः 24 (चौबीस) महीने, स्वीकृति पत्र प्राप्त होने की तिथि से। निविदा बंद होने का समय एवं दिनांकः 27/08/2026 को 15:00 बजे तक। निविदा खोलने का समय एवं दिनांकः 27/08/2026 को 15:30 बजे।
विस्तृत जानकारी/निविदा दस्तावेज का पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, अथवा बिलासपुर-पिनः 495004 अथवा उप-मुख्य अभियंता/निर्माण/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर- पिनः 492009 अथवा मुख्य परियोजना प्रबंधक/पश्चिम/निर्माण/नागपुर/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर- पिनः 440001 के कार्यालय में संपर्क करें अथवा निविदा कागजात जो हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है उसे डाउन लोड कर/देख सकते हैं।
उप मुख्य अभियंता/निर्माण
सीपीआर/10/263 द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

## अनमोल दावा

*जिस व्यक्ति के पास धन होता है, गलती उसी की होने पर भी लोग उसका समर्थन करते हैं।*

## सम्पादकीय

# भारत-पाक सिंधु जल विवाद भारत ने निर्भीकता से चीन और पाक की शान ठिकाने लगा दी

पिछले साल हुवे पहलगांव आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान का सिंधु जल समझौता स्थगित करके कड़ा संदेश दिया था। फलस्वरूप, लगभग एक साल से भारत के द्वारा पाकिस्तान को सिंधु नदी का पानी रोक दिया गया है। जिसके कारण, पाकिस्तान के सामने भारी जल संकट का प्रश्न खड़ा हो गया है। कृषि कार्य हेतु भी खेतों में पानी के अभाव में सिंचाई नहीं हो रही है। खेत सुख रहे हैं। खाद्यान्न की भारी कमी निर्मित हुई है। इसी के साथ, पीने का पानी भी उपलब्ध न होने से लोग बाग भारी त्रासदी का अनुभव कर रहे हैं। पाकिस्तान की बेचैनी इसी से समझी जा सकती है कि वह भारत को सिंधु जल समझौते को पुनः पूर्वानुसार जारी रखने निवेदन कर रहा है। वहीं पाक शासक भारत को परोक्ष रूप से पानी नहीं देने पर युद्ध की धमकी भी दे रहे हैं।

उधर, इस जल संकट के मद्देनजर मौकापरस्त चीन भारत-पाक के बीच पानी के विवाद में कूद पड़ा है। यह भी स्पष्ट है कि चीन पाकिस्तान का 'गाडफादर' है। पाकिस्तान ने भारत को ऐसी धमकी दी है कि अगर वह पाकिस्तान को पानी नहीं देगा तो हम अणु युद्ध करने विवश होंगे। पाकिस्तान को जिसने भी पानी बंद करने का निर्णय लिया है, उसके हाथ काट डालेंगे। भारत ने पाक की इस गीदड़ धमकी की पूरी तरह से अवहेलना की है। भारत ने जाहिर कर दिया है कि वह अपने निर्णय पर अडिग है और टस से मस होने वाला नहीं है। चीन ने पाकिस्तान का मसीहा बनने का दिखावा करके भारत के लिए ब्रह्मपुत्र का पानी रोकने की धमकी दी है। चीन, नेपाल और भारत की सरहद पर विश्व का सबसे बड़ा डैम बना रहा है। इस डैम के निर्माण होते ही चीन कभी भी ब्रह्मपुत्र नदी का पानी रोक सकता है। निःसंदेह, ऐसा हुआ तो भविष्य में भारत को सर्वाधिक नुकसान हो सकता है। या फिर, चीन निर्माणाधीन डैम के गेट खोलकर ब्रह्मपुत्र नदी का पानी छोड़ सकता है, जिससे भारत में बाढ़ जैसे हालात होंगे।

इसके बावजुद, भारत निर्भीक है। उसने पहले पाकिस्तान को सिंधु जल समझौता स्थगित कर सख्त संदेश दिया है और अब चीन को भी खुले शब्दों में संदेश दिया है कि ब्रह्मपुत्र का पानी छोड़ा या बंद किया तो हम नीचे से आपके आईल को रोकेंगे। भारत के इस कठोर जवाब के बाद चीन अब शान्त हो गया है। किन्तु, इस संभावना को भी नकारा नहीं जा सकता कि चीन भारत के साथ चाहे कभी भी कोई बड़ा गेम खेल सकता है। भारत सतर्क है। वह उसकी एक-एक चाल का 'नहले पे दहला' की तर्ज पर जवाब देने तैयार है। अमेरिकी विशेषज्ञों का कहना है कि यह भारत का 'जियो पालिटिकल वार' होगा। जिसे आधुनिक भू-राजनीति युद्ध कहा गया है।

भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने डिप्लोमेटिक फोरम में चीन का नाम लिए बगैर कहा था कि, जो देश अपनी एनर्जी आयात करने के लिए समुद्री मार्गों पर निर्भर है, उसके इस बात को गंभीरता से समझना होगा कि जो देश मार्गों को रोकने की क्षमता रखता है, उस देश के साथ कैसे संबंध रखना चाहिए। विदेश मंत्री का इशारा मलक्का सामुद्रिक की ओर था, जहां से चीन उसका 80 प्रतिशत आईल आयात करता है। उक्त जलमार्ग पर भारत की नौसेना का बहुत दबदबा है, चीन इसे बखूबी जानता है।

# इंडिया हैंडमेड : भारत की शिल्प विरासत के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म

इंडिया हैंडमेड एक समर्पित डिजिटल मार्केटप्लेस है जो भारत की हथकरघा और हस्तशिल्प परंपराओं को ऑनलाइन अर्थव्यवस्था में लाता है। यह मंच कारीगरों और बुनकरों को सीधे खरीदारों से जोड़ता है, आजीविका और सांस्कृतिक संरक्षण का समर्थन करते हुए बाजार तक पहुंच का विस्तार करता है। यह जीआई-टैग और ओडीओपी वस्तुओं सहित विविध हस्तनिर्मित उत्पादों को प्रदर्शित करता है, जिससे क्षेत्रीय शिल्प उत्पादों की विभिन्न स्थानों पर मौजूदगी बढ़ती है।

### हस्तनिर्मित आजीविका के लिए एक डिजिटल इंडिया ब्रिज

भारत दुनिया की सबसे समृद्ध हथकरघा और हस्तशिल्प परंपराओं में से एक है। यह क्षेत्र न केवल भारत की सांस्कृतिक विरासत का प्रतिनिधित्व करता है, बल्कि समावेशी आजीविका का एक महत्वपूर्ण स्रोत भी है। भारत में वर्तमान में अनुमानित 64.66 लाख हथकरघा और हस्तशिल्प कारीगर हैं। इस कार्यबल में महिलाओं की काफी भागीदारी है। अगस्त 2025 के आंकड़ों के अनुसार महिलाएं हथकरघा बुनकरों में 71 प्रतिशत और कुल कारीगरों का 64 प्रतिशत हैं। यह मजबूत भागीदारी विशेष रूप से ग्रामीण समुदायों में रोजगार और सशक्तिकरण का समर्थन करने में इस क्षेत्र की भूमिका को दर्शाती है।

बड़ी संख्या में कारीगरों और बुनकरों के बल पर यह क्षेत्र भारत के उभरते बाजार में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। जैसे-जैसे वाणिज्य तेजी से डिजिटल होता जा रहा है, ऑनलाइन पहुंच इन शिल्प समुदायों को बाजार में भागीदारी बढ़ाने में मदद कर रही है। डिजिटल इंडिया पहल के माध्यम से, पारंपरिक आजीविका तेजी से डिजिटल व्यापार के अवसरों तक पहुंच प्राप्त कर रही है।

इंडियाहैंडमेड को 2023 में लॉन्च किया गया। यह इस विजन को एक समर्पित डिजिटल मार्केट प्लेस में बदल देता है। वस्त्र मंत्रालय के तहत डिजिटल इंडिया कॉर्पोरेशन द्वारा विकसित, यह प्लेटफॉर्म हस्तनिर्मित उत्पादों की मौजूदगी को बढ़ाता है और विक्रेताओं के लिए बाजार के व्यापक अवसर के द्वार खोलता है।

### भारत में इंडिया हैंडमेड प्लेटफॉर्म की मुख्य विशेषताएं

इंडिया हैंडमेड विक्रेताओं, खरीदारों और शिल्प विरासत का समर्थन करने के लिए डिज़ाइन की गई सुविधाओं के एक सेट के माध्यम से परंपराओं को ऑनलाइन बाजार में लाता हैः विशेष ऑनलाइन मार्केटप्लेसः यह बुनकरों और कारीगरों को अपने हथकरघा और हस्तशिल्प उत्पादों को ऑनलाइन बेचने में सक्षम बनाता है। खरीदारों की सीधी पहुंचः कारीगर और बुनकर सीधे खरीदारों से जुड़े हुए हैं, जिससे बिचौलियों को कम करने और उचित मुआवजे का समर्थन करने में मदद मिलती है। अधिक मौजूदगीः प्लेटफ़ॉर्म इंडियाहैंडमेड उत्पादों को व्यापक ग्राहक आधार पर प्रदर्शित करता है, जिससे विक्रेताओं के लिए बाजार के अवसर बढ़ते हैं। डिजिटल सशक्तिकरणः कारीगरों और बुनकरों को ऑनलाइन व्यापार में अधिक प्रभावी ढंग से भाग लेने के लिए डिजिटल उपकरण और मौजूदगी प्रदान की जाती है।



वित्तीय और सामाजिक सशक्तिकरणः व्यापक बाजार पहुंच आजीविका को मजबूत करती है और आय के अवसरों का समर्थन करती है। सांस्कृतिक संरक्षणः शिल्प-आधारित उत्पादों की एक विविध श्रृंखला भारत की हस्तनिर्मित विरासत को दृश्यमान रखती है और भविष्य की पीढ़ियों के लिए पारंपरिक कौशल को संरक्षित करने में मदद करती है।

### इंडिया हैंडमेड सबसे अलग कैसे

पोर्टल को विश्वास, पहुंच और विक्रेता सशक्तिकरण के आसपास डिज़ाइन किया गया है। यह एक सहज बाज़ार प्रदान करता है, जहां कारीगर और बुनकर खरीदारों तक पहुंच सकते हैं और खरीदार अधिक आत्मविश्वास के साथ हस्तनिर्मित उत्पादों की खोज कर सकते हैं। यह प्लेटफॉर्म रोजमर्रा के हस्तनिर्मित उत्पादों और मान्यता प्राप्त क्षेत्रीय शिल्प के लिए एक क्यूरेटेड डिजिटल स्पेस प्रदान करता है। यह परिधान, घर की सजावट, साज-सज्जा, पेंटिंग, फर्नीचर, धार्मिक वस्तुओं, स्टेशनरी, संगीत वाद्ययंत्र, आभूषण, बैग और जूते सहित उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। यह जीआई-टैग और ओडीओपी उत्पादों जैसी विशेष उत्पाद श्रेणियों पर भी प्रकाश डालता है। यह मान्यता प्राप्त क्षेत्रीय शिल्प को अधिक मौजूदगी और एक विशिष्ट पहचान प्रदान करता है।

### जीआई-टैग किए गए उत्पाद

जीआई-टैग किए गए उत्पादों में एक भौगोलिक संकेत होता है, जो उन्हें एक विशिष्ट क्षेत्र, गुणवत्ता और प्रतिष्ठा से जोड़ता है। यह प्लेटफॉर्म विभिन्न प्रकार के जीआई-टैग वाले उत्पाद जैसे ऐपन कला, शुद्ध पश्मीना शॉल, डोकरा सजावट और मुंडू उत्पाद प्रदान करता है।

### ओडीओपी उत्पाद

एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) पहल संतुलित क्षेत्रीय विकास का समर्थन करने के लिए प्रत्येक जिले से एक अद्वितीय उत्पाद की पहचान करती है और उसे बढ़ावा देती है। इस प्लेटफॉर्म में तंगेल साड़ी, बनारसी सिल्क उत्पाद, इकत, तसर सिल्क साड़ी, चंदेरी सिल्क और टेराकोटा उत्पाद शामिल हैं।

### विश्वास बनाना और विक्रेता की भागीदारी को आसान बनाना

बेहतर पहुंच, बेहतर आश्वासनः खरीदारों को मुफ्त शिपिंग, खरीद सुरक्षा, सुरक्षित भुगतान और खरीदार समर्थन प्रणाली के माध्यम से अधिक विश्वसनीय खरीदारी अनुभव से लाभ होता है। यह प्रतिस्पर्धी कीमतों पर दस्तकारी उत्पादों की पेशकश करके विश्वास को भी मजबूत करता है। विक्रेताओं के लिए सरल ऑनबोर्डिंगः यह मंच कारीगरों, बुनकरों और उत्पादक संगठनों को बाज़ार तक पहुँचने के लिए एक निर्देशित ऑनबोर्डिंग मार्ग प्रदान करता है।

### छोटे विक्रेताओं को डिजिटल व्यापार में लाना

जीएसटी पंजीकरण के बिना विक्रेता एक नामांकन आईडी का उपयोग करके पंजीकरण कर सकते हैं, जिसमें केवल अपने राज्य के भीतर बेचने का आदेश है। यह पोर्टल को छोटे कारीगरों और पहली बार डिजिटल विक्रेताओं के लिए अधिक समावेशी और सुलभ बनाता है।

### बाज़ार के पीछे की सफलता की गाथाएं

इस प्लेटफॉर्म के पीछे कारीगर, बुनकर और उद्यम हैं जिनकी शिल्प परंपराएं डिजिटल व्यापार के माध्यम से फल-फूल रही हैं।

सैंटर्म्स हस्तनिर्मित शिल्प की गर्मी को रोजमर्रा की जिंदगी में लाता है। लकड़ी की सजावट और सुगंधित मोमबत्तियों से लेकर टेराकोटा दीये, संगमरमर की मूर्तियों और हथकरघा साड़ियों तक, प्रत्येक उत्पाद पर्याप्त निगरानी, परंपरा और सुंदरता की सोच को दर्शाता है।

दस्तकार क्राफ्ट बेंत और बांस उत्पादों के माध्यम से 500 से अधिक कारीगरों के कौशल को आधुनिक घरों में ले जाता है। वे उच्च-गुणवत्ता, निर्यात-योग्य उत्पाद बनाते हैं, जो समकालीन घरों में सहजता से फिट होते हुए भारत की विरासत का जश्न मनाते हैं।

विलेज क्राफ्ट हथकरघा परंपराओं की सादगी और ताकत का जश्न मनाता है। इसके सूती तौलिए, गमछा और बेडशीट कुशल कारीगरों द्वारा देखभाल के साथ बनाए जाते हैं, जो रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं को आराम, गुणवत्ता और विरासत में निहित उत्पादों में बदल देते हैं।

ये कहानियां हस्तनिर्मित उत्पादों को एक मानवीय चेहरा देती हैं, जो दिखाती हैं कि डिजिटल बाजार में परंपरा, कौशल और आजीविका एक साथ कैसे आती हैं। इंडियाहैंडमेड डिजिटल इंडिया की भावना को दर्शाता है, शिल्प को आजीविका के स्रोत और भारत की सांस्कृतिक पहचान के प्रतिबिंब दोनों के रूप में मान्यता देता है। 60 लाख से अधिक कारीगरों को शामिल करने की योजना के साथ, यह मंच आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण का समर्थन करता है।

## विचार सरिता

# जीवन कौशल : अज्ञानी को प्रसन्न करना आसान, पर अहंकारी की संतुष्टि असंभव

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



अहंकारी व्यक्ति का अहंकार उसे ले डूबता है, किंतु उसे अपने अहंकार के कारण अपनी गलती का पता ही नहीं चलता। इसका कारण यह है कि उसने अपने मन में यह स्थायी और अपरिवर्तनीय धारणा बना रखी है कि वह कभी गलत हो ही नहीं सकता है। अब उसका यह अहंकार उसे यही समझाता है कि वह जो कर रहा है, वही सही है। उसको छोड़कर दुनिया के सब लोग गलत कर रहे हैं या केवल तब सही कर रहे हैं, जब वे उस अहंकारी व्यक्ति के अनुसार कोई काम करते हैं।

अहंकार भी कई तरह के होते हैं। एक है, यश, ज्ञान, रूप, धन, पद-प्रतिष्ठा का अहंकार, जो इनकी प्राप्ति होने पर किसी मनुष्य में घर कर जाए तो वह स्वयं को यथार्थ से काट देता है। ऐसी स्थिति में सातवें आसमान पर विचरण करने वाला व्यक्ति आत्ममुग्धता से ग्रस्त हो जाता है। उसमें श्रेष्ठता की ग्रंथि आ जाती है। इस तरह के अहंकार के टूटने में देर नहीं लगती है। शायर बशीर बद्र के शब्दों मेंः-

शोहरत की की बुलंदी भी पल भर का तमाशा है, जिस डाल पे बैठे हो, वो टूट भी सकती है।

एक दूसरा अहंकार उस किस्म के व्यक्ति को होता है जो स्वयं में सामर्थ्य, योग्यता और व्यवहार कुशलता की भावना नहीं रखता, किंतु सामने वाले को बात-बात पर झुकाने और अपनी श्रेष्ठता मनवाने का प्रयास करता है। अगर सामने वाला व्यक्ति, जो उसका करीबी और संबंधी भी हो सकता है. इस सोच के अनुसार आचरण नहीं करे तो वह अहंकारी उसे अपना दुश्मन समझ और घोषित कर देता है।

भर्तृहरि ने नीति शतक में लिखा है-

अज्ञः सुखमाराध्यः सुखतरमाराध्यते विशेषज्ञः।

ज्ञानदुर्विदग्धं ब्रह्मापि च तं नरं न रंजयति॥

अज्ञानी व्यक्ति को प्रसन्न करना आसान है, ज्ञानी व्यक्ति को प्रसन्न करना तो उससे भी आसान है, किंतु अत्यल्प ज्ञान से भरे हुए व्यक्ति को प्रसन्न कर पाना ब्रह्माजी के लिए भी दुष्कर है।

जब अहंकारी व्यक्ति को (जो दूसरों को अपमानित करता रहता है) स्वयं चोट पड़ती है या अपने से बड़े अहंकारी व्यक्ति से उसका सामना होता है, तो कभी - कभी पासा उलटा भी पड़ जाता है। अगर इसके बाद भी वह नहीं सुधरा, तो यही कहा जाएगा - रस्सी जल गई पर ऐंठन नहीं गई।

## कविता

# तै रोवा के चल देये तीजन



तोर पंडवानी गायन के मुरीद रेहेन हम सब मन,
बड़ा धियान से सुनत रेहेन तोर पंडवानी,
फेर, तै,रोवा के चल देये तीजन ।।.....
छत्तीसगढ़ लोक विद्या के, गावस तय पडवानी ।
दुवापर युग के महाभारत, कौरव पाण्डो के कहानी ।
भंव देखा के रोल करस तय, बड़ सुध्घर तोर बानी ।
गदा धर के भीम कस रेगस, गदके जम्मो परानी ।
तो गरजना अऊ दहाड़ सुन के कांप जाय सब झन,
तै रोवा के चल देये तीजन ।।.....
झाड़ूराम देवागन जी ल, मानस अपन तय गुरू ।
वोकर पैलगी ,सुमरनी ले, कथा करस तै शुरू।
गुरू के आशिष मिल जाये ले, बनथे जम्मो काम।
देश दुनिया म जाहरित होके, कमायेस गजब नाम।
सुनत सुनत रात पहाये, फेर नई भरे कोनो के मन,
तय रोवा के चल देये तीजन ।।.....
तोर कला अऊ विद्या देखके, सरकार करिस सम्मान।
पद्मश्री से सम्मानित होएस
लोग करही तोर गुनगान।
नजर नजर म झुलत रबे, हो गेस तै देबी बरोबर,
कलाकार मन सुरता करही, पुरोबे हमरो अरमान।
पडवानी के तोर धुन गावत रहही,
छत्तीसगढ़ माटी के कन- कन,
तै रोवा के चल देये तीजन।। .....
देश बिदेश म जाके तेहर, छत्तीसगढ़ी गोठियावस।
छत्तीसगढ़ी पहिनावा म,
सबके मन ल भावस ।
सदा जवानी न रहे कहिके, तंबूरा म गोठ सुनावस ।
सत के सदाजीत होथे, अऊ सत के बात बतावस।
कला म जीये ,कला बर जीये अऊ कला म कर देय तन अर्पन,
तय रोवा के चल देये पंडवानी गायिका तीजन ।।



**आनंदराम सार्वा 'अनंत'**
**कु.बो. भाठागांव (राज0)**

## सामयिक चर्चा

# राम बड़ा न बद्रीनाथ, सबसे बड़ा रूपैया!

बड़ी देर तक खबर पढ़कर,
फिर अपने आप चुपचाप सोचकर,
बानी बोले-''गजाधर!
आयोध्या धाम के राम मंदिर में
करोड़ों चढ़ावा चोरी के मामले ने
मुझे बड़ा व्यथित कर दिया है।
चोरी करने वाला भी मनुष्य है।
उसने जरा भी नहीं सोचा
कि भगवान के घर चोरी कर उसने
कितना बड़ा पाप कर लिया है?
हम राम मंदिर में, गजाधर भाई!
भयानक चोरी के दुःख से उबर नहीं पाये है
कि अब बद्रीनाथ मंदिर के चढ़ावे में
हेराफेरी करने की खबर पढ़ने में आई।
ये कैसा समय आ गया है भैया!
चोरों के मन में
ये कौन-सा भाव जग रहा है,
कि उन्हें भगवान से भी,
जरा भी, डर नहीं लग रहा है!
हम तो रोज-रोज ये चोरी-चपटी की
खबरें पढ़-पढ़कर
मारे आश्चर्य के बहुत चकित हो रहे हैं।
आपके मन में कहिए, कैसे-कैसे विचार,
कैसे-कैसे भाव उदित हो रहे हैं?''
गजाधर, गंभीर होकर बोले - ''बानी! आपकी
हम बखूबी समझ रहे हैं।
पर क्या करोगे बानी भैया!
इस कलियुग के आर्थिक जमाने में तो
न राम बड़ा, न बद्रीनाथ,
सबसे बड़ा रूपैया।''
(बुधवार 8 जुलाई रूपैया)



**गिरीश बख्शी**

## लघुकथा

# // माँ से कहा //

संगीता अपने घर के बाहर आँगन पर बैठी थी। पास के ही गाँव में पढ़ने गयी अपनी इकलौती बेटी सुम्मी की राह देख रही थी। दसवी कक्षा की सुम्मी घर आते ही बड़े आर्द्रतापूर्वक बोली-''माँ! मेरी दोनों कलाइयों में चुड़ियाँ डाल दो, जैसे कि तुम्हारी कलाइयों में हैं। तुम्हारे सर की तरह मेरा सर भी ढँका होना चाहिए एक आँचल से। अब मुझे भी साड़ी और ब्लाऊज पहनने दो न...माँ। गले में मेरे एक पतली सी रेशम की डोरी लपेट दो ना। अपनी मांग की तरह मेरी मांग में भी लाली भर दो माँ। इनसे तुम सुरक्षित लगती हो।''

सुम्मी के दोनों आँखों से गालों पर गोल-गोल लुढ़कते आँसुओं की बूँदें देख संगीता से न रहा गया। सुम्मी को अपनी बाहों में भरती हुई बोली- ''सुम्मी! बेटा... रानी...! तू कैसी बात करती है? आज तुझे क्या हो गया है बिटिया?''

अपनी दायीं हथेली से आँसू पोंछती हुई सुम्मी बोली-''माँ।! डरी-सहमी मैं स्कूल से निकलती हूँ। मुझे बहुत डर लगता है घर लौटते वक्त। बस मेरे दो कदम चलते ही मनचले लड़कों की गिद्ध-निगाहें मुझे नख-शिख घूरती हैं। उनके ऐ..ओ...हाय...हलो...जैसे शब्दों से मैं तंग आ गयी माँ। यहाँ तक कि मेरे पापा के उम्र के लोगों की चोर-नजरों से भी मैं नहीं बच पाती। माँ प्लीज बचा लो इन असामाजिक तत्वों से मुझे, और मेरे वजूद को।'' आधी-अधूरी बात करती हुई सुम्मी सिसकने लगी।



डरी-सहमी हुई सुम्मी की बातें सुन संगीता आज स्तब्ध थी। उसने सुम्मी को अपने बाहों में कस लिया।

**टीकेश्वर सिन्हा ''गब्दीवाला''**

## राशिफल

**मेष** — आज आपका दिन हर्षोल्लास से भरा रहेगा। आज आपको बड़ी खुशखबरी मिलेगी। नौकरी में प्रमोशन की प्रतीक्षा आज समाप्त होगी नई पोस्ट पर कार्यभार व जिम्मेदारियाँ बढ़ सकती है लेकिन आप पूरी ईमानदारी से काम करेंगे। आज आप नया बिजनेस शुरू करने की योजना बनाएंगे जिसमें आपको अच्छी सफलता मिलने के योग हैं।

**वृष राशि** — आपके लिए आज का दिन उत्तम रहेगा। आज आपको एक अच्छे सकारात्मक माहौल में काम करने का मौका मिलेगा और कलीग्स के साथ आपके रिश्ते मित्रवत होंगे। आज घर माहौल सकारात्मक रहेगा रिश्तों में धैर्य बनाए रखें। नौकरी कर रहे लोगों को अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। आज आपके लिए आर्थिक लाभ की स्थिति बनेगी।

**मिथुन** — आज आपका दिन आनंदमय रहेगा। कारोबार में आज नए प्रयोग करने के बजाय वर्तमान कार्य योजनाओं को अच्छी तरह से मैनेज करना बेहतर होगा। आज रुके हुए काम पूरे होंगे साथ ही आपका सामाजिक रुतबा बढ़ेगा। संतान की ओर से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी, नौकरी में सफलता के योग हैं, आज आपकी सैलरी बढ़ सकती है।

**कर्क** — आज आपका दिन शुभ फलदायी रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अपनी काबीलियत दिखाने का मौका मिलेगा। नौकरी में आज कार्यभार थोड़ा बढ़ सकता है, जिससे आप परिवार को समय नहीं दे पाएंगे लेकिन आप कार्यक्षेत्र और घरेलू जिम्मेदारियों के मध्य अच्छी तरह तालमेल बनाकर रखेंगे। संतान को लेकर उलझने आज दूर होगी।

**सिंह** — आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। आज अनेक साधनों से आर्थिक लाभ होने की संभावना है आप अपने निजी जीवन में चली आ रही उलझनों से छुटकारा पाने में कामयाब रहेंगे। आज पारिवारिक जीवन में खुशियां आएंगी।आज सरकारी नौकरी का प्रयास कर रहे लोगों को नए अवसर मिलने की संभावना है।

**कन्या** — आज आपका दिन आपके जीवन मे कुछ नया बदलाव लाने वाला है। आज आपकी जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव आएंगे साथ ही, वरिष्ठ लोगों की सलाह आपके लिए फायदेमंद साबित होगी। आज आप लोगों की मदद करने के लिए समय निकालेंगे। व्यापार के विकास के लिए आज किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेंगे।

**तुला** — आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज के दिन विवाह योग्य लोगों के लिए अच्छा रिश्ता आ सकता है। आज आप अपनी दिनचर्या में महत्वपूर्ण बदलाव करेंगे। आज आपके रुके हुए काम पूरे होंगे जिससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और पूरे मनोबल के साथ आप कार्यक्षेत्र में अपने कार्यों को पूरा करेंगे। आज नौकरी में ट्रांसफर के योग हैं।

**वृश्चिक** — आज का दिन आपके जीवन में नयापन लेकर आने वाला है। आज आपकी मुलाकात कुछ नए लोगों से होगी। प्रॉपर्टी से जुड़े मामलों में सफलता मिलने के योग हैं। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए आज जनसंपर्क बढ़ाना फायदेमंद रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपके काम को देखते हुए पदोन्नति मिलेगी।

**धनु** — आज आपका दिन फायदेमंद रहेगा। आप अपनी नौकरी बदलने का प्रयास करेंगे इसमें आपको सफलता मिलने की संभावना है। इंश्योरेंस और कमीशन से जुड़े कामों में लाभ होगा। आप अपने जीवनसाथी के साथ घर की जिम्मेदारियों को पूरा करने में सफल रहेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति में संतुलन बना रहेगा।

**मकर** — आज आपका दिन रोज से बेहतर रहेगा। आज पारिवारिक जीवन में नयी खुशियां आएंगी। बहुत समय से रुके हुए आज काम पूरे होंगे। आज कार्यक्षेत्र में आपको सहकर्मियों का साथ मिलेगा। आज आप अपने मित्रों के साथ आनंदपूर्वक दिन बिताएंगे। आज आप जीवनसाथी के साथ खरीदारी करने में व्यस्त हो सकते हैं।

**कुंभ** — आज आपका दिन मंगलमय रहेगा। आज आपके लिए परिस्थितियां अनुकूल रहेंगी। आज आपकी एकाग्रता आपको सफलता दिलाएगी। आज आपकी बचत योजनाएं कामयाब रहेंगी आपको निवेश करने का सुनहरा मौका मिलेगा। पिछले कुछ समय से चल रही किसी समस्या से आज राहत मिलेगी।

**मीन** — आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज किसी पुराने मामले को लेकर न्यायालय का फैसला आपके पक्ष में आएगा। आपको दोस्तों के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। आज रिश्तेदारों के साथ छोटी मोटी यात्रा हो सकती हैं। आपकी ये यात्रा सुखद रहेगी। पारिवारिक रिश्तों में आपसी प्रेम बढ़ेगा।

# थाना क्षेत्र में बढ़ रही हैं चोरियां : पुलिस के साथ आमजन भी नहीं हैं सजग

डोंगरगांव (दावा)। नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इन वारदातों के लिए जितनी जिम्मेदार पुलिस की गश्त व्यवस्था है। उससे कहीं अधिक आमजन की लापरवाही भी सामने आ रही है। पुलिस द्वारा बार-बार खाकी आइस जैसे सुरक्षा अभियान चलाने के बावजूद लोग प्रवास पर जाते समय अपने सूने मकानों की जानकारी थाने तक नहीं पहुंचा रहे हैं। विगत दिनों ग्राम राजा खुज्जी में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों सहित एक नाबालिग को दबोचा था। जिससे उम्मीद थी कि चोरियों पर अंकुश लगेगा। लेकिन कुछ ही दिन बीतने के बाद चोरों ने एक बार फिर नगर के मुख्य मार्ग स्थित कॉलोनी और एक शासकीय भवन में बड़ी चोरी कर पुलिस को खुली चुनौती दी है। इन वारदातों को लेकर नगरवासी पुलिस की कार्यशैली और पेट्रोलिंग व्यवस्था पर भी सवाल उठा रहे हैं।

### कबीरधाम गया था परिवार, पीछे से साफ कर दिया हाथ

चोरी की पहली बड़ी वारदात राजनांदगांव मार्ग पर स्थित पेट्रोल पंप के सामने बनी कॉलोनी में हुई। यहां पुलिस विभाग से रिटायर्ड एएसआई पुनीतराम श्रीवास के सूने मकान को चोरों ने अपना निशाना बनाया। पीड़ित परिवार से मिली जानकारी के अनुसार गत 4 जुलाई को दोपहर 1 बजे श्री श्रीवास अपनी पत्नी और बच्चों के साथ किसी पारिवारिक कार्य से कबीरधाम (कवर्धा) गए हुए थे। जब वे 7 जुलाई को वापस लौटे तो घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला। भीतर जाने पर अलमारी का लॉकर खुला था और सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने अलमारी में रखे शादी के लिए खरीदे गए जेवरात पार कर दिए थे। जिनमें मुख्य रूप से एक सोने का हार और सोने के टॉप्स, चांदी के पायजेब और बिछिया, चांदी की प्लेट, ग्लास और चम्मच आदि है। पीड़ित परिवार के अनुसार चोरी गए इन सोने-चांदी के आभूषणों की कुल कीमत लगभग 2 लाख रुपये आंकी जा रही है। डोंगरगांव पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




- अब रिटायर्ड पुलिस अफसर के घर को ही चोरों ने बनाया निशाना, लाखों के जेवरात पार
- उद्घाटन से पहले ही नवीन रेस्ट हाउस से 4 एसी और टीवी ले उड़े चोर, पीडब्ल्यूडी की बड़ी लापरवाही उजागर

### उद्घाटन से पहले नवीन रेस्ट हाउस की सफाई

दूसरी सनसनीखेज वारदात छुरिया रोड पर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के नवनिर्मित नवीन रेस्ट हाउस में सामने आई है। चोरों ने भवन का उद्घाटन होने से पहले ही वहां लगे लाखों रुपये के कीमती इलेक्ट्रॉनिक सामान पर हाथ साफ कर दिया। इस संबंध में पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर कौशल कुमार जत्ती ने बताया कि नवीन रेस्ट हाउस के कमरों से 4 नग एयर कंडीशनर और 1 नग कीमती टीवी चोरी हो गया है। इस घटना का पता 6 जुलाई को तब चला जब विभागीय अमला वहां पहुंचा। हैरत की बात यह है कि रेस्ट हाउस के मुख्य बाहरी गेट का ताला सुरक्षित था।

विभाग ने पुलिस को एफआईआर दर्ज करने हेतु लिखित आवेदन सौंपा है। इस चोरी ने विभाग की कार्यप्रणाली को भी कटघरे में खड़ा कर दिया है, क्योंकि पिछले डेढ़ वर्षों से इस सर्वसुविधायुक्त नवीन रेस्ट हाउस में कोई भी चौकीदार या सुरक्षाकर्मी तैनात नहीं किया गया था। विभाग की इसी घोर लापरवाही का फायदा चोरों ने उठाया है।

### खाकी आइस अभियान में नागरिकों की रुचि नही

लगातार हो रही चोरियों पर अंकुश लगाने के लिए डोंगरगांव पुलिस ने पूर्व में खाकी आइस नामक एक विशेष सुरक्षा अभियान शुरू किया था। इसके तहत नियम था कि जब भी कोई नगरवासी अपने घर को सूना छोड़कर बाहर जाता है तो उसे थाने में एक साधारण फॉर्म भरकर इसकी सूचना देनी थी, ताकि पुलिस उस सूने मकान को अपनी विशेष निगरानी में रखकर वहां पेट्रोलिंग बढ़ा सके। परंतु, इस अभियान में नगरवासियों ने कोई विशेष रुचि नहीं दिखाई। जिसका खामियाजा अब भुगतना पड़ रहा है। प्रबुद्ध नागरिकों का कहना है कि इस अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ ही पुलिस को एक समर्पित मोबाइल ऐप भी लॉन्च करना चाहिए, ताकि आम जनता सीधे और आसानी से पुलिस को अपने सूने मकान की डिजिटल सूचना दे सके।

### डॉग स्क्वॉड और फॉरेंसिक टीम कर रही जांच

चोरी की दोनों घटनाओं की आधिकारिक सूचना मिली है। मामले को गंभीरता से लेते हुए मौके पर पुलिस की साइबर सेल, फॉरेंसिक एक्सपर्ट और डॉग स्क्वॉड की टीमें लगातार साक्ष्य जुटा रही हैं और चोरों सुराग तलाशा जा रहा है। हमारा नगरवासियों से पुनः विशेष आग्रह है कि जब भी वे घर छोड़कर अन्यत्र प्रवास पर जाते हैं, तो थाने में इसकी लिखित जानकारी आवश्यक रूप से देवें ताकि उनके मकानों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

**– आशीर्वाद राहटगांवकर,**
**नगर निरीक्षक डोंगरगांव**

## पहला कॉलम...

### अरजकुण्ड : जहां स्कूल में प्रार्थना होना हुआ बंद, मैदान में खुदाई कर भूला ठेकेदार

0 टीन शेड लगाने के लिए खोदा गया मैदान, बच्चों का खड़ा होना भी हुआ मुश्किल

0 प्रधान पाठक भूपेंद्र आर्य ने ठेकेदार से की मैदान को शीघ्र समतल करने की मांग

जोंधरा (दावा)। एक ओर जहां हमारा देश और राज्य अपनी उच्च सांस्कृतिक परंपराओं और संस्कारों के लिए जाना जाता है। वहीं स्कूलों में दिन की शुरुआत अनिवार्य रूप से प्रार्थना से होती है। लेकिन छुरिया विकासखंड के आश्रित ग्राम पंचायत ग्राम अरजकुण्ड से एक ऐसा मामला सामने आया है, जहां बच्चे पिछले कुछ दिनों से स्कूल में प्रार्थना ही नहीं कर पा रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार ठेकेदार द्वारा स्कूल परिसर में टीन शेड डालने के उद्देश्य से स्कूल मैदान की खुदाई करवा दी गई है। खुदाई के बाद मैदान को वैसे ही छोड़ दिया गया है। जिससे वहां गड्ढे और मलबे का अंबार लग गया है। इस वजह से बच्चों को प्रार्थना स्थल पर खड़ा करना भी बेहद मुश्किल हो गया है। शाला के प्रधान पाठक भूपेंद्र आर्य ने इस अव्यवस्था पर कड़ी आपत्ति जताते हुए ठेकेदार से स्कूल मैदान का शीघ्र समतलीकरण करने की मांग की है ताकि बच्चों की पढ़ाई और प्रार्थना सुचारू रूप से शुरू हो सके।

### शिक्षा जीवन को दिशा देने व आगे बढ़ाने के लिए अत्यंत आवश्यक -डॉ. योगेंद्र पाडेय



खैरागढ़ (दावा)। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़ के हिंदी अध्यापक एवं अंचल के प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय ने आज ग्राम मोंगरा जिला खैरागढ़ के ग्रामीणों से भेंट की और गाँव में किसी कारणवश अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़ देने वाले शाला त्यागी बच्चों के होने की स्थिति में उनके विद्यालय में पुनः नामांकन के लिए प्रेरित किया। जिला खैरागढ़-छुईखदान, गंडई के जिला मुख्यालय के निकटस्थ ग्राम मोंगरा में शिक्षा के के प्रति ग्रामीणों का उत्साह देखते ही बनता था।

ग्रीष्म अवकाश के बाद विद्यालय पुनः प्रारंभ होने पर छत्तीसगढ़ में खेती किसानी का कार्य शुरू हो जाता है। ऐसे समय में अनेक बच्चे अपने घर के कृषि कार्य में हाथ बंटाने का काम भी करते हैं। तथापि वे विद्यालय जाना नहीं छोड़ते और अपने जीवन में एक नई उमंग के साथ आगे बढ़ना चाहते हैं। डॉ. पांडेय ने ग्रामीणों से अपनी चर्चा में कहा कि शिक्षा केवल नौकरी प्राप्ति या व्यवसाय में दक्षता के लिए आवश्यक नहीं है, बल्कि इससे एक सामान्य समझ विकसित होती है और यह हमारे जीवन को सही दिशा में आगे बढ़ाने और अपना लक्ष्य प्राप्त कराने में निर्णायक भूमिका निभाती है। ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक डॉ. पांडेय से संवाद किया और उनसे शिक्षा के संबंध में अनेक प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया।

### नगर पालिका परिषद में महत्वपूर्ण विषयों पर हुई बैठक : अध्यक्ष व सीएमओ ने कार्यो में तेजी लाने के दिए निर्देश



डोंगरगांव (दावा)। नगर पालिका परिषद में बुधवार 8 जुलाई को अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजित किया गया। इस बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनम्र जेमा सहित निकाय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान परिषद के अंतर्गत चल रहे विभिन्न विकास कार्यों और जनहित की योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी ने सभी विभागों के कामकाज का जायजा लेते हुए लंबित कार्यों को समय सीमा के भीतर पूरा करने पर जोर दिया।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनम्र जेमा और अध्यक्ष द्वारा संयुक्त रूप से सभी विभाग प्रमुखों तथा सदस्यों को निर्देशित किया कि वे आम जनता से जुड़े कार्यों को पूरी गंभीरता से लें और विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाएं। बैठक में स्पष्ट किया गया कि कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निकाय के समस्त कर्मचारियों को टीम भावना के साथ काम करते हुए नगर के विकास और नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए संकल्पित रहने के निर्देश दिए गए।

## निम्न स्तर के सड़क निर्माण पर भड़के ग्रामीण, एसडीओ सीमा दीवान ने प्राक्कलन के अनुसार निर्माण का भरोसा दिलाया



- ग्रामीणों ने सरपंच प्रतिनिधि के नेतृत्व में काम बंद करवाया
- मामला: लोक निर्माण के मोहारा-तेंदूभाटा मुख्य मार्ग के नवनिर्माण में ठेकेदार द्वारा निम्न स्तर की सामग्री के उपयोग का

डोंगरगढ़ (दावा)। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक रामजी भारती के गृह ग्राम जाने वाले मुख्य मार्ग मोहारा-तेंदूभाटा मार्ग के नवनिर्माण का कार्य वर्तमान में जारी है, लेकिन इस निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर अब गंभीर विवाद खड़ा हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ठेकेदार द्वारा अत्यधिक निम्न स्तर के मटेरियल का उपयोग कर बिना किसी सूचना बोर्ड के और स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों को एस्टीमेट (प्राक्कलन) की प्रति उपलब्ध कराए बिना मनमाने ढंग से निर्माण कार्य किया जा रहा था। ग्रामीणों से इसकी लिखित व मौखिक शिकायत प्राप्त होते ही लोक निर्माण विभाग की नवनियुक्त एसडीओ सीमा दीवान ने तत्काल संज्ञान लेते हुए ग्रामीणों को भरोसा दिलाया है कि पूरे मार्ग का निर्माण कार्य स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार ही पूरी गुणवत्ता के साथ संपन्न कराया जाएगा।

### न अफसर दिखे, न इंजीनियर, ग्रामीणों ने रुकवाया काम

ग्रामीणों ने मौके पर आक्रोश जताते हुए बताया कि निर्माण कार्य के दौरान ठेकेदार की ओर से कोई भी जिम्मेदार या तकनीकी व्यक्ति साइट पर नजर नहीं आ रहा है। हद तो यह है कि विभाग के जिम्मेदार अधिकारी, सब-इंजीनियर अथवा कोई कर्मचारी भी मौके पर मॉनिटरिंग के लिए उपस्थित नहीं रहते। इसी घोर लापरवाही और घटिया स्तर के निर्माण से नाराज होकर ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों, सरपंच प्रतिनिधि और ग्रामीणों ने एकजुट होकर वर्तमान में चल रहे मार्ग निर्माण के कार्य को पूरी तरह रुकवा दिया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार के कर्मचारी बार-बार विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के निर्देशों का हवाला देकर बचते रहे। जब इस संबंध में विभाग के सब-इंजीनियर सुमित पोद्दार से संपर्क कर विधिवत जानकारी मांगी गई, तो उनकी ओर से सरपंच प्रतिनिधि को कोई सकारात्मक रिस्पांस नहीं दिया गया। निर्माण कार्य प्रारंभ करने के पूर्व नियमानुसार जानकारी देने वाला बोर्ड सार्वजनिक नहीं किए जाने और घटिया सामग्री के इस्तेमाल से अंचल के ग्रामीणों में अत्यधिक रोष व्याप्त है।

### आवश्यकता सोसायटी मार्ग की, स्वीकृति मिली तेंदूभाटा मार्ग को

मोहारा क्षेत्र में इस समय चारों ओर की संपर्क सड़कें पूरी तरह क्षतिग्रस्त अवस्था में नजर आ रही हैं, जिसके चलते सभी सड़कों के नवनिर्माण की आवश्यकता ग्रामीण लंबे समय से महसूस कर रहे हैं। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व विभागीय अधिकारी भी इस बात को स्वीकार कर रहे हैं। किंतु, स्थानीय किसानों के लिए मोहारा चौक से सहकारी सोसाइटी (धान खरीदी केंद्र) जाने वाले मार्ग का नवनिर्माण सबसे पहली प्राथमिकता और अति आवश्यक प्रतीत होता है। धान खरीदी और कृषि कार्य के दिनों में किसानों को इस सोसाइटी मार्ग पर आवागमन करने में भारी कीचड़ और गड्ढों के कारण अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस बेहद जरूरी मार्ग के नवनिर्माण की स्वीकृति नहीं मिलने से भी ग्रामीणों में अंदरूनी नाराजगी है।

दूसरी ओर वर्तमान में स्वीकृत मोहारा चौक से ग्राम तेंदूभाटा जाने वाले मुख्य मार्ग के नवनिर्माण को भी ग्रामीण उपयोगी मान रहे हैं, क्योंकि इस मार्ग के बनने से रास्ते पर स्थित ग्राम पंचायत सचिवालय और विभिन्न बैंकों में आने-जाने वाले सैकड़ों ग्रामीणों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलने लगेगी। बशर्ते, निर्माण में भ्रष्टाचार न हो और गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए।

### विकासचंद्र साहू जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष व उर्वशी उपाध्यक्ष मनोनीत

जोंधरा (दावा)। विगत दिनों शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल करमरी में जनभागीदारी समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए विकासचंद्र साहू को समिति का अध्यक्ष तथा उर्वशी साहू को उपाध्यक्ष चुना गया है। दोनों ही प्रमुख पदाधिकारियों की नियुक्ति पर शाला परिवार, शिक्षकों और स्कूल से जुड़े समस्त पालकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

## मवेशी तस्करी पर पुलिस की कार्रवाई : 6 मवेशी मुक्त, पिकअप सहित एक आरोपी गिरफ्तार



मोहला (दावा)। अंबागढ़ चौकी जिले में मवेशी तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अंबागढ़ चौकी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए महाराष्ट्र के कत्लखाने ले जाए जा रहे 6 मवेशियों को मुक्त कराया। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर पिकअप वाहन सहित कुल 7.73 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की है।

पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक सफेद रंग की पिकअप में मवेशियों को अमानवीय तरीके से भरकर महाराष्ट्र ले जाया जा रहा है। सूचना पर अंबागढ़ चौकी एवं पाटनखास चौकी पुलिस ने घेराबंदी कर वाहन को रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देखकर चालक और उसका साथी वाहन छोड़कर भागने लगे। पीछा करने पर पुलिस ने एक आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया। जबकि दूसरा आरोपी फरार हो गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान ग्राम गोटाटोला थाना डोंगरगांव निवासी 22 वर्षीय रुपेश कुमार कुंजाम के रूप में हुई। पूछताछ में उसने फरार चालक का नाम सुनील कुमार जुरेशिया तथा मवेशियों के स्वामी का नाम पंचूराम साहू बताया। वाहन क्रमांक एमएच 27-डीटी-5780 की तलाशी लेने पर उसमें 4 भैंसी और 2 पड़वा सहित कुल 6 मवेशी क्रूरतापूर्वक भरे हुए मिले। पुलिस ने सभी मवेशियों को सुरक्षित मुक्त कराकर वाहन सहित जब्त कर लिया।

जब्त संपत्ति में 6 मवेशियों की अनुमानित कीमत 73 हजार रुपये तथा पिकअप वाहन की कीमत 7 लाख रुपये आंकी गई है। कुल जब्ती 7.73 लाख रुपये की है। आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषि पशु परिरक्षण अधिनियम, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम एवं मोटरयान अधिनियम की प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। फरार आरोपी एवं मवेशियों के स्वामी की तलाश जारी है। कार्रवाई में अंबागढ़ चौकी एवं पाटनखास चौकी पुलिस टीम का विशेष योगदान रहा। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में मवेशी तस्करी, पशु क्रूरता और अन्य अवैध गतिविधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## नगर पंचायत को मिला 20 लाख, पालिका बनते ही हाथ से गया

**बिजली के लिए आयी राशि लालबहादुर नगर को ट्रांसफर**




डोंगरगांव (दावा)। नगर पंचायत डोंगरगांव को अब नगर पालिका का तमगा तो लग गया है, किन्तु यहां पदस्थ कर्मचारियों में काम करने की ललक दिखाई नहीं देती। बारिश के मौसम में नगर के विभिन्न वार्डो में लाईट लगाया जाना था, किन्तु वार्ड क्रमांक 1 से 15 में लगे खंभों के लिए स्ट्रीट लाईटों की खरीदी के लिए मार्च महीने में नगर पालिका में आई राशि 20 लाख रूपये को शासन ने वापस ले लिया है और तीन माह तक कार्य में कोई प्रगति नहीं होने के चलते इस राशि को लाल बहादुर नगर पंचायत को देने के लिए उपसंचालक जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग राजनांदगांव व्दारा संशोधित पत्र जारी कर दिया गया है।

बता दें कि विधानसभा क्षेत्र डोंगरगांव के प्रभारीमंत्री गजेन्द्र यादव द्वारा वर्ष 2025-26 में अनुशंसा पर 20 मार्च को नगर पंचायत डोंगरगांव के लिए स्ट्रीट लाईट कार्य वार्ड क्र.1 से 15 तक के लिए 30, 45, 60, 90 और 100 वॉट के लाईट खरीदी के लिए 20 लाख रूपये की मंजूरी दी गई थी, लेकिन नगरीय प्रशासन डोंगरगांव के कर्मचारियों की लापरवाही के चलते आखिर ऐसा क्या हुआ कि महज कुछ दिनों में ही इस राशि को दूसरे नगर पंचायत में देने के लिए पत्र जारी कर दिया गया है।

## आज 14 करोड़ कार्यकर्ताओं का है डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का परिवार : खूबचंद पारख

छुईखदान (दावा)। भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रचिंतक, महान शिक्षाविद् एवं राष्ट्र की अखंडता के अमर प्रहरी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के तत्वावधान में एक भव्य जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में जिले भर से बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सहभागिता दर्ज कराई। सभी ने डॉ. मुखर्जी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके राष्ट्र प्रथम के विचारों को आत्मसात करने का सामूहिक संकल्प लिया।

### विचारों का वास्तविक विस्तार ही 14 करोड़ का परिवार : खूबचंद पारख

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता, प्रदेश चुनाव प्रभारी (संगठन), पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष खूबचंद पारख ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी का 14 करोड़ कार्यकर्ताओं का यह विशाल परिवार ही डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों का वास्तविक विस्तार है। उनके विचार कल भी अमर थे। आज भी अमर हैं और आने वाली पीढ़ियों तक राष्ट्र को निरंतर प्रेरित करते रहेंगे।

उन्होंने आगे कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक अस्मिता की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उनका बलिदान केवल इतिहास का एक अध्याय नहीं, बल्कि प्रत्येक राष्ट्रभक्त के लिए प्रेरणा का शाश्वत स्रोत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।



- ‘उनके विचार कल भी अमर थे, आज भी अमर हैं और आने वाली पीढ़ियों तक अमर रहेंगे’
- 125वीं जयंती पर भाजपा का जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न, राष्ट्रवाद और संगठन को सशक्त बनाने का लिया संकल्प

### संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान

विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विक्रांत सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग और समर्पण की एक अनुपम मिसाल है। उनके सिद्धांत आज भी भारतीय जनता पार्टी की कार्यशैली और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने की अपील की। इससे पूर्व घम्मन साहू ने स्वागत उद्बोधन देते हुए मंच पर आसीन सभी अतिथियों एवं उपस्थित कार्यकर्ताओं का आत्मीय अभिनंदन किया तथा डॉ. मुखर्जी के जीवन-दर्शन को जीवन में उतारने का आग्रह किया। कार्यक्रम के समापन पर जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. बिसेसर साहू ने सभी अतिथियों, कार्यकर्ताओं एवं आयोजन को सफल बनाने में सहयोगी रहे पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए राष्ट्रसेवा का उत्कृष्ट आदर्श है और उनके विचार संगठन को हमेशा नई ऊर्जा प्रदान करते रहेंगे। इस जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का प्रभावी, अनुशासित एवं गरिमामय मंच संचालन जिला भाजपा महामंत्री नवनीत जैन ने सफलतापूर्वक संपन्न कराया। इस भव्य सम्मेलन में मुख्य रूप से टी. के. चंदेल, राजेश अग्रहरि, नीलिमा गोस्वामी, जैनेन्द्र जंघेल, शशांक ताम्रकार, अयाश सिंह, केशव चंदेल, राजकुमार जंघेल, उमा चौबे सहित मंडल अध्यक्ष दिनेश वर्मा, भावेश कोचर, भोज बंजारे, गोरे वर्मा, देव सेन और राकेश ठाकुर उपस्थित थे। इनके साथ ही जिला भाजपा, मंडल भाजपा, विभिन्न मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा बूथ स्तर तक के ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सम्मेलन के दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके अखंड भारत के संकल्प को स्मरण किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रभक्ति, संगठनात्मक एकजुटता और सेवा भाव का अभूर्व उत्साह देखने को मिला।

# वेस्टइंडीज ने श्रीलंका के खिलाफ 23 साल बाद जीती टेस्ट सीरीज

एंटीगुआ। वेस्टइंडीज और श्रीलंका के बीच विवियन रिचर्ड्स क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया दूसरा टेस्ट मैच ड्रॉ पर खत्म हुआ। श्रीलंका से मिले 302 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज ने दूसरी पारी में बिना कोई विकेट गंवाए 109 रन बनाए, जिसके बाद दोनों कप्तानों ने ड्रॉ पर सहमति जताई। दूसरा टेस्ट ड्रॉ होने के साथ ही वेस्टइंडीज ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज को 1-0 से अपने नाम किया।



वेस्टइंडीज ने 23 साल बाद श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज को अपने नाम किया है। इसके साथ ही पिछले 3 साल और 5 महीने में यह कैरेबियाई टीम की पहली टेस्ट सीरीज जीत है। दूसरी पारी में वेस्टइंडीज को जॉन कैंपबेल और ब्रैंडन किंग ने शानदार शुरुआत दी। दोनों ही बल्लेबाजों ने अर्धशतकीय पारी खेली। कैंपबेल 113 गेंदों का सामना करते हुए 51 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि किंग 5 चौके और एक छक्के की मदद से 51 रन बनाकर नॉटआउट रहे। इससे पहले , श्रीलंका ने अपनी दूसरी पारी 9 विकेट खोकर 251 रन बनाने के बाद घोषित की। टीम की तरफ से दिनेश चांदीमल ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 107 गेंदों का सामना करते हुए 71 रनों की दमदार पारी खेली। वहीं, कामिंदु मेंडिस ने 58 गेंदों में 44 रन बनाए। सोनल दिनुशा ने 28 और धनंजय डी सिल्वा ने 34 रनों का योगदान दिया। वेस्टइंडीज की तरफ से गेंदबाजी में अल्जारी जोसेफ ने 2 विकेट चटकाए, तो शेमार जोसेफ, रोस्टन चेज और जेयडन सील्स ने एक-एक विकेट चटकाया।

श्रीलंका ने पहली पारी में 9 विकेट गंवाकर 549 रन बनाने के बाद अपनी पहली पारी को घोषित किया था। टीम की ओर से लाहिरू उदारा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 188 रनों की उम्दा पारी खेली, जबकि सोनल ने 92 और कामिंदु मेंडिस ने 84 रनों का योगदान दिया। इसके जवाब में वेस्टइंडीज की पूरी टीम पहली इनिंग में 499 रन बनाकर ऑलआउट हुई। कैरेबियाई टीम की तरफ से कप्तान शाई होप और जस्टिन ग्रीव्स ने शतकीय पारी खेली। होप ने 112 रन बनाए, तो ग्रीव्स 180 रन बनाकर प्रभात जयसूर्या का शिकार बने। वहीं, कैंपबेल ने 72 बनाए। पहली पारी के आधार पर श्रीलंका ने 50 रनों की बढ़त हासिल की थी। पहले टेस्ट को वेस्टइंडीज ने एक पारी और 217 रनों से अपने नाम किया था।

# सबसे लंबे क्वार्टर फाइनल मैच को जीतकर सेमीफाइनल में पहुंचे जोकोविच, सिनर से होगी भिड़ंत

लंदन। नोवाक जोकोविच ने विंबलडन में अब तक के सबसे लंबे क्वार्टर फाइनल मुकाबले में जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल का टिकट हासिल कर लिया है।



वह विंबलडन में लगातार आठवीं बार सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। पांच घंटे और 15 मिनट तक चले मुकाबले में जोकोविच ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे को 7-6(10), 3-6, 6-3, 6-7(4), 7-6(10-4) से हराया। जोकोविच अपने करियर में 55वीं बार ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। इसके साथ ही जोकोविच ने विंबलडन के सेमीफाइनल में रिकॉर्ड 15वीं बार जगह बनाई है। जोकोविच ने अपने पहले विंबलडन सेमीफाइनल के 19 साल बाद एक बार फिर अंतिम चार में जगह बनाई है। 39 साल और 51 दिन की उम्र में वह ओपन एरा में विंबलडन सेमीफाइनल में पहुंचने वाले दूसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे आगे सिर्फ ऑस्ट्रेलिया के केन रोजवेल हैं, जिन्होंने 1974 में 39 साल 246 दिन की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की थी।

24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन जोकोविच ने इस मुकाबले में अनुभव और धैर्य का शानदार उदाहरण पेश किया। मैच के दौरान उन्हें पिंडली की चोट के कारण मेडिकल टाइमआउट भी लेना पड़ा, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और आखिरी सेट में जबरदस्त वापसी करते हुए जीत हासिल की।

क्वार्टर फाइनल में जोकोविच ने ऑगर-अलियासिमे के बैकहैंड को लगातार निशाना बनाया और अपनी रणनीति के साथ आगे बढ़े। हालांकि, कनाडा के खिलाड़ी अलियासिमे ने उन्हें कड़ी चुनौती दी और मुकाबले को पांचवें सेट के टाई-ब्रेकर तक पहुंचाया।

# योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं समयबद्ध निराकरण पर दें विशेष ध्यान - कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति

मोहला (दावा)। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में जिले के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती भारती चंद्राकर, अपर कलेक्टर जी.आर. मरकाम, अपर कलेक्टर मिथलेश डोंडे, एसडीएम मोहला हेमेंद्र भुआर्य, एसडीएम मानपुर अमित नाथ योगी सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त आवेदनों की विभागवार समीक्षा करते हुए सभी विभागों को निर्देशित किया कि आवेदनों का प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को पोर्टल का नियमित अवलोकन करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने बस्तर मुन्ने सर्वेक्षण एवं डेटा एंट्री कार्य प्रगति की समीक्षा की। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान जननी सुरक्षा योजना में अपेक्षाकृत कम प्रगति पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने किसान सम्मान निधि के भुगतान की स्थिति की जानकारी ली तथा शेष पात्र किसानों को शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वर्तमान कृषि कार्यों को देखते हुए उन्होंने जिले में खाद एवं बीज की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों से खाद भंडारण की स्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर ने राजस्व विभाग के लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा करते हुए उनके निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि सभी योजनाएं जनसामान्य के लिए महत्वपूर्ण हैं। इसलिए अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी विभागों को योजनाओं में अपेक्षित प्रगति लाने तथा हितग्राही-आधारित कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने स्कूलों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आगामी शिक्षण सत्र में बेहतर परीक्षा परिणाम सुनिश्चित करने के लिए कार्ययोजना बनाकर प्रभावी ढंग से कार्य करें। इस दौरान नवोदय विद्यालय के संचालन से संबंधित विषयों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। आदिवासी विकास विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने वनाधिकार पत्रों की प्रगति की जानकारी ली।



**सीएम हेल्पलाइन, खाद-बीज उपलब्धता और विकास कार्यों की कलेक्टर ने की विस्तृत समीक्षा**

# कृषि विज्ञान केंद्र सुरगी ने किसानों के लिए जारी की मौसम आधारित कृषि सलाह

राजनांदगांव (दावा)। कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी द्वारा किसानों को मौसम आधारित समसामयिक कृषि सलाह दी गई है। सलाह में किसानों से कहा गया कि खरीफ में जिन फसलों की बुवाई करनी हो उनकी उन्नतशील जातियों के बीज जैसे- धान (इंद्रावती धान, एमटीयू-1153, विक्रम टीसीआर, छत्तीसगढ़ धान 1919 इत्यादि), सोयाबीन (आरएससी -10-46, आरएससी-11-15, आरएससी -11-07 इत्यादि), अरहर (छत्तीसगढ़ अरहर-1, छत्तीसगढ़ अरहर-2, राजीवलोचन इत्यादि), मक्का (पूसा हाईब्रिड-1, विवेक मक्का संकर-51, सीजी अगेती संकर मक्का-1 इत्यादि) एवं मूंग (पीकेवीएकेएम-4, मालवीय ज्योति, शिखा इत्यादि) की व्यवस्था जरूर कर लें।

मौसम पूर्वानुमान के अनुसार आने वाले दिनों में मध्यम बादल छाए रहने के साथ ही साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना हैं। किसान धान फसल की बुवाई का कार्य करें एवं मौसम साफ रहने पर ही निंदानाशक का छिड़काव करें।

धान हेतु कतार बोनी- 50 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर तैयार समतल खेत में टैक्टर चलित सीड ड्रिल, झुका हुआ प्लेट प्लांटर, इंदिरा सीड ड्रिल, नारी हल, भोरमदेव या देशी हल के पीछे 20 सेमी की दूरी पर कतारों में बीज बोए। बीज की गहराई 3-4 सेमी से अधिक न हो। बुवाई के पूर्व सीड ड्रिल को बीज की अनुशंसित मात्रा के लिए समायोजित व अंशाकित करके ही बोए, थरहा डालने या बुवाई से पूर्व स्वयं उपचारित बीजों को 17 प्रतिशत नमक के घोल से बीज शुद्धिकरण करें। प्रमाणिक या आधार श्रेणी के बीजों को एजोस्पाइरिलम तथा पीएसबी कल्चर 5-10 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज की दर से उपचारित कर बुवाई करें। धान के बुवाई कतार में करने पर संकरी तथा चौड़ी पत्ती वाले खरपतवार नियंत्रण हेतु नमी की उपस्थिति में धान की बुवाई के 0-3 दिनों के अंदर 25 किलोग्राम रेत में मिलाकर 200 ग्राम प्रति हेक्टेयर छिड़काव करें। शीघ्र व मध्यम अवधि की धान किस्मों को कतार बोनी करें, जिसमें बियासी की आवश्यकता नहीं होती एवं धान 10-15 दिन पहले पक जाती हैं। धान की रोपाई वाले कुल क्षेत्र के लगभग 1/10 भाग में नर्सरी तैयार करें।

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने ब्लॉक स्तरीय निगरानी समिति की बैठक संपन्न

मोहला (दावा)। जिले में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के प्रभावी क्रियान्वयन एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से गतदिवस को जनपद पंचायत मोहला के सभा कक्ष में ब्लॉक स्तरीय ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक एसडीएम मोहला हेमेंद्र भुआर्य के उपस्थिति में संपन्न हुई।




**स्वच्छ भारत मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर, अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर बनी रणनीति**

बैठक में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान ब्लॉक क्षेत्र में संचालित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कार्यों की समीक्षा करते हुए ग्राम पंचायतों में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, सूखा एवं गीला कचरा पृथक्करण, प्लास्टिक अपशिष्ट के वैज्ञानिक प्रबंधन, स्वच्छता अवसंरचना के बेहतर उपयोग तथा विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में जनपद पंचायत अध्यक्ष, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, जिला एवं विकासखंड स्वच्छ भारत मिशन के समन्वयक, व्यापार संघ के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण के लिए जनसहभागिता बढ़ाने, अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली को अधिक प्रभावी एवं टिकाऊ बनाने तथा स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों से संबंधित सुझाव प्रस्तुत किए।

# छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक के नए परिसर का वर्चुअल शुभारंभ, ग्राहकों को मिलेंगी आधुनिक बैंकिंग सुविधाएं

**○ क्षेत्रीय कार्यालय के अंतर्गत बांधाबाजार शाखा के नवीन एवं आधुनिक परिसर का हुआ उद्घाटन**
**○ एसबीआई के मैनेजिंग डायरेक्टर अश्विनी कुमार तिवारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से काटा फीता**

बांधाबाजार (दावा)। छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय के अंतर्गत बांधाबाजार शाखा के नवीन एवं आधुनिक परिसर का भव्य शुभारंभ मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। इस सर्वसुविधायुक्त नई शाखा का उद्घाटन स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर अश्विनी कुमार तिवारी ने वर्चुअल माध्यम से रिबन काटकर किया। इस गरिमामय डिजिटल कार्यक्रम में सीजीएम सीसी, एसबीआई मुंबई अतुल श्रीवास्तव, जीएम पी.सी. बारोर तथा छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक के चेयरमैन विनोद के. अरोड़ा की वर्चुअल उपस्थिति रही। वहीं बांधाबाजार शाखा परिसर में रीजनल मैनेजर, एडमिन टीम तथा बैंक के स्थानीय अधिकारियों और कर्मचारियों की मौजूदगी में कार्यक्रम का सफल व भव्य आयोजन संपन्न हुआ।




## डिजिटल बैंकिंग सेवाओं तक होगी आसान पहुंच

बैंक प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार, नए शाखा परिसरों के शुरू होने से अंचल के ग्राहकों को पहले की तुलना में अधिक सुविधाजनक, सुरक्षित और कॉर्पोरेट स्तर का आधुनिक बैंकिंग वातावरण उपलब्ध होगा। इस नवीन परिसर के माध्यम से क्षेत्रीय उपभोक्ताओं को डिजिटल बैंकिंग सेवाओं तक आसान पहुंच, त्वरित व बेहतर ग्राहक सेवा और अधिक आरामदायक सिटिंग एरिया का सीधा लाभ मिलेगा।

## ग्राहकों की संतुष्टि बढ़ाना मुख्य उद्देश्य

बैंक प्रबंधन और वरिष्ठ अधिकारियों का मानना है कि ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में इस तरह की आधुनिक शाखाओं की शुरुआत करना क्षेत्र में सेवा गुणवत्ता को मजबूत करने और ग्राहक संतुष्टि बढ़ाने की दिशा में एक बेहद महत्वपूर्ण व दूरगामी कदम साबित होगी। कार्यक्रम के समापन पर शाखा प्रबंधन द्वारा वर्चुअल माध्यम से जुड़े सभी शीर्ष अतिथियों के बहुमूल्य मार्गदर्शन, सहयोग और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के लिए सहृदय आभार व्यक्त किया गया।

**सीएम साय की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ कैबिनेट....**

रिफंड प्रक्रिया को तेज और पारदर्शी बनाया जाएगा, जिससे राज्य के राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी।

0 औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन संशोधन विधेयक, 2026 अनुमोदितः राज्य में निवेश को बढ़ावा देने और उद्योगों के लिए अधिक अनुकूल वातावरण तैयार करने के उद्देश्य से इस विधेयक को मंजूरी दी गई है। इस प्रारूप को तैयार करने में देश के अन्य अग्रणी राज्यों की औद्योगिक नीतियों का भी अध्ययन किया गया है, ताकि निवेश प्रक्रिया अधिक प्रभावी और पारदर्शी बने।

0 ईज ऑफ डूइंग बिजनेस विधेयक लाने वाला छत्तीसगढ़ बनेगा देश का पहला राज्यः मंत्रिपरिषद् की बैठक में छत्तीसगढ़ ईज ऑफ डूइंग बिजनेस (विनिमय-मुक्ति एवं सुविधा) विधेयक, 2026 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। व्यापार और उद्योग स्थापित करने की प्रक्रियाओं को पूरी तरह डिजिटल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के लिए ऐसा कानून लाने वाला छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य होगा। इसके अंतर्गत डीम्ड परमिशन, स्व-प्रमाणीकरण, तृतीय-पक्ष सत्यापन और जोखिम-आधारित निरीक्षण जैसे क्रांतिकारी प्रावधान किए गए हैं।

0 नवा रायपुर के आबंटितियों के लिए वन टाइम सेटलमेंट योजना-2026: नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण द्वारा आबंटित भूखंडों एवं निर्मित परिसरों पर देय ब्याज एवं अधिभार में राहत प्रदान करने के लिए ओटीएस योजना को मंजूरी दी गई है। इससे बकाया देयों का नियमितीकरण होगा, मुकदमेबाजी कम होगी और जो लोग विकास करने के इच्छुक नहीं हैं, वे समय पर भूमि सरेंडर कर सकेंगे।

0 जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) संशोधन अधिनियम को अंगीकार करने का फैसलाः भारत सरकार द्वारा लाए गए इस पर्यावरण कानून को छत्तीसगढ़ राज्य में अंगीकार करने के लिए विधानसभा में संकल्प प्रस्तुत किया जाएगा। इसके तहत छोटे उल्लंघनों को अपराध की श्रेणी से हटाकर उन पर केवल आर्थिक दंड का प्रावधान किया गया है, ताकि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बना रहे।

0 छत्तीसगढ़ भाड़ा नियंत्रण (संशोधन) विधेयक, 2026 को स्वीकृतिः इसका उद्देश्य खाली मकानों को किराये पर देने की प्रवृत्ति को बढ़ावा देना और किरायेदारी से जुड़े विवादों का त्वरित समाधान करना है। इसमें भवन स्वामी और किरायेदार के अधिकार व दायित्व स्पष्ट किए गए हैं। यह संशोधन भारत सरकार के आदर्श किरायेदारी अधिनियम, 2021 के अनुरूप है।

**पुणे-दिल्ली में इमारत ढहीं....**

कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम देने की अपील की है। मध्य प्रदेश के जबलपुर में मंगलवार शाम पांच मंजिला इमारत ढह गई। राजस्थान के जालोर में एक जीप नदी में पलट गई। चित्तौरगढ़ में बिजली गिरने से एक ही परिवार के 3 लोगों की मौत हो गई। अरुणाचल प्रदेश में भारी बारिश से बाढ़ और लैंडस्लाइड ने 26 जिलों के 94 हजार से ज्यादा लोगों को प्रभावित किया है। 4 लोगों की मौत हुई है, 21 घायल हैं और 2 महिलाएं लापता हैं। इधर, कर्नाटक के बेलगावी और शिवमोगा में आज स्कूल और आंगनवाड़ी बंद रहेंगे।

**यूपी में रिटायर्ड आरटीओ के घर.....**

मौजूदगी में छानबीन की गई। छापे की कार्रवाई आज सुबह खत्म हो गई। छापेमारी के दौरान ललित कुमार के आवास से कई लॉकर मिले, जिनकी तलाशी में भारी मात्रा में नकदी, सोने-चांदी के बिस्किट और आभूषण बरामद किए गए। जांच के दौरान घर के विभिन्न स्थानों पर छिपाकर रखी गई 1.62 करोड़ रुपये की नकदी भी मिली। अधिकारियों के अनुसार, बरामद करीब 22 किलोग्राम सोने-चांदी के बिस्किट और आभूषणों का मूल्यांकन 20 करोड़ रुपये से अधिक आंका गया है। इसके अलावा 13 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की संपत्तियों में निवेश संबंधी दस्तावेज, वाहनों, बैंक जमा, म्यूचुअल फंड, फिक्स्ड डिपॉजिट सहित एक करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के साक्ष्य भी मिले हैं।

**छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव....**

सके। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार, जिन निकायों में चुनाव प्रस्तावित हैं, उनमें चार नगर निगम, पांच नगरपालिका परिषद और छह नगर पंचायत शामिल

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

हैं। बैठक में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की सचिव आर. संगीता ने बताया कि 15 नगरीय निकायों में महापौर और अध्यक्ष पदों का आरक्षण पूरा किया जा चुका है, जबकि वार्ड पार्षदों के आरक्षण की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि नवगठित तमनार नगर पंचायत में वार्ड आरक्षण और बड़ी करेली नगर पंचायत में वार्ड परिसीमन एवं आरक्षण की कार्रवाई प्रगति पर है। इसके साथ ही विभाग ने दो वार्ड पार्षद पदों पर आकस्मिक रिक्तियों की जानकारी भी आयोग के समक्ष प्रस्तुत की। बैठक में राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चुनाव से जुड़ी सभी प्रशासनिक और शासकीय प्रक्रियाएं तय समय-सीमा के भीतर पूरी की जाएं। उन्होंने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग का लक्ष्य आगामी नगरीय निकाय चुनावों को समयबद्ध, निष्पक्ष और सुचारू तरीके से संपन्न कराना है।

**राममंदिर चंदा चोरीः फर्जी रसीद....**

की गंभीरता को और बढ़ाती है। पूछताछ के दौरान पता चला कि अनुकल्प ने चोरी के पैसों से एक डिजायर गाड़ी खरीदी थी, जबकि लव कुश ने अपनी पत्नी के नाम पर जमीन खरीदी है। पुलिस इन सभी आरोपियों से उनकी प्रॉपर्टी, संपत्ति के बारें में बारीकी से पूछताछ कर रही है। जांच के दौरान किसी भी प्रकार की चूक से बचने के लिए टीम को आदेश दिए गए हैं कि अभियुक्तों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाए। इसके बाद पुलिस उन्हें उनके ठिकानों पर ले जा सकती है। इस मामले में नए खुलासे के बाद इससे जुड़े अन्य लोगों पर भी कार्रवाई की जा सकती है।

**बंगाल में बवालः ममता बनर्जी की.....**

थे, लेकिन जैसे ही मार्च हाजरा मोड़ की तरफ बढ़ा, राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता सड़क पर आ गई। पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर किसी तरह दोनों पक्षों को अलग किया और स्थिति को संभाला, लेकिन इस घटना ने सुरक्षा इंतजामों की पोल खोलकर रख दी है।

0 बारुईपुर में बच्ची के साथ हुई दरिंदगीः यह पूरा बवाल बारुईपुर में 11 साल की बच्ची के साथ हुई दरिंदगी के विरोध में ही शुरू हुआ था। इस खौफनाक वारदात के खिलाफ टीएमसी के छात्र-युवा संगठन ने न्याय की मांग को लेकर कलकत्ता हाई कोर्ट की मंजूरी के बाद कोलकाता में यह रैली निकाली थी। चूंकि इस घटना के मुख्य आरोपी प्रभा मंडल का पुलिस ने एनकाउंटर कर दिया है, इसलिए राज्य में पहले से ही सियासी पारा चढ़ा हुआ था। बस इसी गुस्से और राजनीति के चलते जब यह मार्च बालीगंज फाड़ी से हाजरा मोड़ की तरफ बढ़ रहा था, तो टीएमसी और भाजपा के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए और शांतिपूर्ण रैली देखते ही देखते अखाड़ा बन गई।

**ममता बनर्जी की टीएमसी के खिलाफ ईडी....**

लगाया जा चुका है और ईडी अब मनी लॉन्ड्रिंग और फंड के सोर्स की जांच कर रही है. जांच के दायरे में केयरवेल ग्रुप की कंपनियां हैं, जो एविएशन सेक्टर में काम करती हैं. ईडी के मुताबिक, अप्रैल 2023 से जून 2026 के बीच AITC के खातों से करीब 160 करोड़ रुपये केयरवेल एविएशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और उससे जुड़ी एक दूसरी कंपनी को भेजे गए. एजेंसी का दावा है कि इसके बाद केयरवेल एविएशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने 2023 से 2026 के बीच करीब 82.96 करोड़ रुपये अपनी ही एक नई कंपनी को भेज दिए. छापेमारी के दौरान ईडी को पता चला कि इस रकम का बड़ा हिस्सा एक कंपनी के जरिए एम्ब्रेयर लेगेसी 600 विमान और अगस्ता 109 एसपी हेलीकॉप्टर खरीदने में लगाया गया. ईडी के मुताबिक, इन दोनों की खरीद पर करीब 112 करोड़ रुपये खर्च किए गए. जांच एजेंसी का यह भी दावा है कि हेलीकॉप्टर खरीदने में कुछ विदेशी फंड का भी इस्तेमाल हुआ, लेकिन ज्यादातर पैसा सीधे AITC के खातों से आया था.

**आईसीसी हॉल ऑफ फेम में हुए....**

विशेष सूची में जगह मिलना उनके लिए गर्व की बात है। आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होने के बाद सौरव गांगुली अब भारतीय क्रिकेट के दिग्गजों की खास सूची का हिस्सा बन गए हैं। इस सूची में सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, वीरेंद्र सहवाग, बिशन सिंह बेदी, कपिल देव, अनिल कुंबले, वीनू मांकड़, डायना एडुल्जी, नीतू डेविड और एमएस धोनी जैसे महान खिलाड़ियों के नाम पहले से शामिल हैं।

**छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के....**

अग्रवाल से पूछताछ की जा रही है। शराब प्रकरण में भी अनवर ढेबर एवं उसके लोगों द्वारा करोड़ों रुपये कांग्रेस भवन में रामगोपाल अग्रवाल तक पहुंचाए जाने के तथ्य सामने आए हैं। धान से जुड़े प्रकरण में भी रोशन चंद्राकर द्वारा करोड़ों रुपये कांग्रेस भवन में रामगोपाल अग्रवाल तक पहुंचाए जाने के तथ्य सामने आए हैं। कोयला लेवी प्रकरण में उनकी भूमिका, संपर्कों, वित्तीय लेन-देन एवं अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर पूछताछ की जा रही है। कोयला लेवी प्रकरण के साथ-साथ शराब प्रकरण धान से जुड़े प्रकरण एवं अन्य संबंधित मामलों में पूछताछ की जाएगी। रामगोपाल अग्रवाल के पुत्र वैभव अग्रवाल से भी ईओडब्ल्यू द्वारा पिछले दो दिनों से पूछताछ की गई थी। पूछताछ उपरांत प्राप्त तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। ईओडब्ल्यू द्वारा कोयला लेवी प्रकरण में कांग्रेस कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। प्रकरण की विवेचना के दौरान प्राप्त तथ्यों, दस्तावेजों, डिजिटल साक्ष्यों, जब्त डायरी एवं अन्य उपलब्ध सामग्री के संबंध में उनसे विस्तृत पूछताछ की जा रही है। उपलब्ध सामग्री के आधार पर उनसे जवाब-तलब किया जाएगाः इन मामलों में जांच के दौरान सामने आए तथ्यों, दस्तावेजों, डिजिटल साक्ष्यों एवं अन्य उपलब्ध सामग्री के आधार पर उनसे जवाब-तलब किया जाएगा।

शराब प्रकरण में भी अब तक की विवेचना में यह तथ्य सामने आया है कि अनवर ढेबर एवं उसके लोगों द्वारा करोड़ों रुपये कांग्रेस भवन में रामगोपाल अग्रवाल तक पहुंचाए गए थे। इस संबंध में राशि की डिलीवरी, संबंधित व्यक्तियों की भूमिका, प्राप्त राशि के उपयोग एवं अन्य जुड़े हुए बिंदुओं पर भी उनसे पूछताछ की जाएगी। धान प्रकरण में भी पूछताछ की जाएगीः इसी प्रकार धान से जुड़े प्रकरण में भी रोशन चंद्राकर द्वारा करोड़ों रुपये कांग्रेस भवन में रामगोपाल अग्रवाल तक पहुंचाए जाने संबंधी तथ्य विवेचना में सामने आए हैं।

# दिग्विजय महाविद्यालय में आईक्यूएसी बाह्य समिति की बैठक संपन्न : शिक्षा, उद्योग और कौशल विकास पर रहेगा विशेष जोर

**एनईपी-2020 और नैक के मानकों के अनुरूप तैयार हुई सत्र 2026-27 की कार्ययोजना, बाह्य विशेषज्ञों ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव**

राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 तथा राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (एनएएसी) के गुणवत्ता मानकों के अनुरूप शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) की बाह्य समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। महाविद्यालय के मुक्तिबोध सभागार में प्राचार्य डॉ. (श्रीमती) सुचित्रा गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में शिक्षा, उद्योग, समाज एवं पूर्व विद्यार्थियों से जुड़े बाह्य सदस्यों ने सहभागिता करते हुए संस्थान के समग्र विकास एवं गुणवत्ता उन्नयन पर अपने बहुमूल्य सुझाव साझा किए।

### शिक्षा के लिए केवल संस्थान नहीं, समाज की सहभागिता भी जरूरी : प्राचार्य

बैठक का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता एवं आईक्यूएसी समन्वयक प्रो. यूनुस रजा बेग ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के सफल क्रियान्वयन के लिए केवल शैक्षणिक संस्थानों के प्रयास पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि उद्योग, समाज और पूर्व विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता भी आवश्यक है। उन्होंने संस्थान की डिजिटल प्रशासन, हरित परिसर और शोध गतिविधियों जैसी उपलब्धियों को रेखांकित किया। इसके बाद समन्वयक प्रो. यूनुस रजा बेग ने पॉवर-पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से वर्ष 2025-26 का प्रतिवेदन रखा और आगामी सत्र 2026-27 का एजेंडा प्रस्तुत किया।



### चार हाउस प्रणाली और कौशल संवर्धन पर बल

दुर्ग संभाग की अपर संचालक डॉ. अनुपमा अस्थाना ने विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, नेतृत्व क्षमता और अनुशासन विकसित करने के लिए महाविद्यालय में चार हाउस प्रणाली लागू करने का अनूठा सुझाव दिया।

उन्होंने उद्योगों संग पार्टनरशिप बढ़ाकर प्लेसमेंट के बेहतर अवसर बनाने, भारतीय ज्ञान परंपरा को प्रोत्साहित करने, प्रभावी मेंटर-मेंटी प्रणाली विकसित करने और मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर लगाने की आवश्यकता पर बल दिया।

### विशेषज्ञों व उद्योगपतियों के प्रमुख सुझाव

पारंपरिक शिक्षा के साथ व्यावहारिक ज्ञान : कमल सॉल्वेंट के निदेशक कमल मूंदड़ा ने कहा कि वर्तमान समय में केवल पारंपरिक शिक्षा पर्याप्त नहीं है, बल्कि व्यावहारिक प्रशिक्षण जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों के लिए उद्योग आधारित प्रशिक्षण आयोजित करने में सहयोग की सहमति दी। शासकीय योजनाओं से स्वरोजगार : वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के प्रबंधक सतविंदर भाटिया ने विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम जैसी सरकारी ऋण, सब्सिडी और वित्तीय सहायता योजनाओं की जानकारी देकर उद्यमिता के लिए प्रेरित करने का सुझाव दिया। सीएसआर और पूर्व छात्र सम्मेलन : समाजसेवी योगेश बागड़ी ने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी निधि का उपयोग बुनियादी ढांचे के विकास के लिए करने, नियमित पूर्व छात्र सम्मेलन आयोजित करने और स्टार्टअप को बढ़ावा देने की बात कही।

### एबीस ग्रुप के सहयोग से बनेगी केमिस्ट्री लैब : डॉ. रूबीना अल्वी

अजीज मेमोरियल चेरीटेबल ट्रस्ट की प्रतिनिधि डॉ. रूबीना अल्वी ने बताया कि एबीस ग्रुप द्वारा विभिन्न रोजगारोन्मुखी डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने एक बड़ी घोषणा करते हुए बताया कि एबीस ग्रुप के सहयोग से महाविद्यालय में एक आधुनिक केमिस्ट्री लैब एवं क्लास रूम का निर्माण किया जा रहा है, जो विद्यार्थियों के व्यावहारिक प्रशिक्षण और इंटर्नशिप के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा। बैठक में आए सभी सुझावों पर विस्तृत चर्चा के बाद उन्हें सर्वसम्मति से सत्र 2026-27 की कार्ययोजना में शामिल किया गया। आगामी वर्ष के लिए कौशल आधारित शिक्षा, उद्योग-संस्थान सहभागिता, स्टार्टअप, भारतीय ज्ञान परंपरा और सीएसआर सहयोग को मुख्य प्राथमिकताओं में रखा गया है। कार्यक्रम का प्रभावशाली संचालन प्रो. वंदना मिश्रा ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. प्रमोद महीस द्वारा व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर रजिस्ट्रार दीपक कुमार परगनिहा, डॉ. सुमिता श्रीवास्तव, डॉ. कविता साकुरे, एनईपी एंबेसडर लक्की मानस देवांगन, अनन्या स्वर्णकार सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

# कार्यकर्त्ताओं के दम पर सशक्त होगा विकसित भारत का संकल्प- विक्रांत

खैरागढ़ (दावा)। खैरागढ़ ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम अवेली में भारतीय जनता पार्टी सलौनी शक्तिकेंद्र की एक महत्वपूर्ण सांगठनिक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में क्षेत्र के बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लेकर संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने और आगामी कार्ययोजनाओं पर गंभीर चर्चा की।

### 2047 तक विकसित भारत के संकल्प में कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम

शक्तिकेंद्र की बैठक को संबोधित करते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा, ÷भारतीय जनता पार्टी पूरी तरह से एक कार्यकर्ता आधारित पार्टी है, जिसकी असली मजबूती उसके समर्पित और निष्ठावान कार्यकर्ताओं में ही निहित है। आज केंद्र और राज्य दोनों ही स्तर पर भाजपा की 'डबल इंजन' सरकार है, जो अंत्योदय की भावना (अंतिम व्यक्ति के उदय) के साथ निरंतर काम कर रही है।÷

उन्होंने आगे कहा कि सरकार की योजनाएं समाज के हर वर्ग के कल्याण को ध्यान में रखकर बनाई जाती हैं। वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' के बड़े संकल्प को साकार करने के लिए सरकार प्रयासरत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सरकार की इन जनकल्याणकारी योजनाओं को हर बूथ स्तर तक ले जाएं और अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को इससे जोड़ें।



**सलौनी शक्तिकेंद्र की बैठक में शामिल हुए जिपं उपाध्यक्ष, डिजिटल लर्निंग के महत्व को समझाया; अवेली हाट बाजार का किया निरीक्षण**

### संगठन की मजबूती के लिए डिजिटल लर्निंग बेहद जरूरी

बैठक के दौरान विक्रांत सिंह ने कार्यकर्ताओं को आधुनिक तकनीक और डिजिटल लर्निंग के महत्व के बारे में विस्तार से गाइड किया। वर्तमान समय में डिजिटल माध्यमों का उपयोग संगठन को मजबूत करने और सरकारी योजनाओं को आम जनता तक पारदर्शी तरीके से पहुंचाने में सबसे बड़ा हथियार है। कार्यकर्ताओं को पार्टी के अधिकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने और तकनीकी रूप से खुद को अपग्रेड करने के लिए प्रेरित किया गया।

इस दौरान बैठक में मौजूद सभी कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने बूथ स्तर पर पार्टी की पकड़ मजबूत करने, योजनाओं की जानकारी घर-घर पहुंचाने और अधिक से अधिक लोगों को भाजपा की विचारधारा से जोड़ने का सामूहिक संकल्प लिया।

शक्ति केंद्र की बैठक के समापन के पश्चात जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह सीधे ग्राम अवेली के स्थानीय हाट

### अवेली हाट बाजार पहुंचे विक्रांत सिंह, जाना विक्रेताओं का हाल

बाजार पहुंचे। उन्होंने वहां बाजार का बारीकी से निरीक्षण किया और स्थानीय छोटे दुकानदारों व सब्जी विक्रेताओं से आत्मीय मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने व्यवसायियों से चर्चा कर उनकी रोजमर्रा की समस्याओं और बाजार की आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी ली। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. बिशेषर साहू, मंडल भाजपा अध्यक्ष दिनेश वर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष डॉ. राजेश्री त्रिपाठी, जनपद पंचायत सदस्य खेमराज जैन, डॉ. चंदू वर्मा, डॉ. शैलेन्द्र त्रिपाठी, दिलेश्वर यदु, दुर्गा बाई सेन, खोमलाल साहू, धनीराम साहू, डोरेलाल साहू, राजेश्वरी साहू, आदर्श बहादुर सिंह, सौरभ साहू, रविन्द्र वर्मा, टोमेश साहू, चिंताराम वर्मा, कमलेश साहू और दानिराम पटेल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय पदाधिकारी व बूथ स्तर के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# दुर्ग में आदर्श सामूहिक विवाह संपन्न, परिणय सूत्र में बंधे 6 जोड़े



दुर्ग (दावा)। राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ द्वारा उप समिति दुर्ग के आतिथ्य में 6 जुलाई को महाराणा प्रताप मंगल भवन, शंकर नगर, दुर्ग में एक दिवसीय आदर्श सामूहिक विवाह का भव्य आयोजन किया गया। समाज के इस गरिमामय और धूमधाम से भरे आयोजन में कुल 6 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। पूरे रीति-रिवाज और बैंड-बाजों के साथ बारात निकालकर सामूहिक विवाह की रस्में उल्लास पूर्वक संपन्न कराई गई

**समाज के वरिष्ठजनों और दानदाताओं ने नवदंपतियों को दिया आशीर्वाद**

यह आदर्श विवाह महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष ठाकुर बजरंग सिंह बैस के मुख्य आतिथ्य एवं केंद्रीय पदाधिकारियों की विशिष्ट उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस पुनित कार्य में समाज के दानदाताओं ने भी दिल खोलकर सहयोग किया। महासभा के सहसचिव की पुत्रवधू श्रीमती श्रुति अनिमेष राजपूत ने कन्या पक्ष के लिए 11,000 रुपये की सहयोग राशि प्रदान की। धमतरी से पहुंचीं श्रीमती पुष्पा ठाकुर ने भी एक पक्ष के लिए 11,000 रुपये की सहायता राशि दी और भविष्य में होने वाले प्रत्येक सामूहिक विवाह में इतनी ही राशि देने की बड़ी घोषणा की। कांकेर के ठाकुर हीरा सिंह पवार तथा सोमनी (राजनांदगांव) के ठाकुर शेष नारायण सिंह द्वारा प्रत्येक नवविवाहित जोड़े को 1,100-1,100 रुपये की राशि स्नेह भेंट के रूप में दी गई।

### डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार के लिए 31 तक आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार के लिए इच्छुक एवं पात्र कृषकों से 31 जुलाई तक आवेदन पत्र आमंत्रित की गई है। उप संचालक कृषि एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय से निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त किया जा सकता है तथा आवश्यक दस्तावेजों के साथ भरे हुए आवेदन पत्र जमा कर सकते है।

आवेदन पत्र के साथ अधिकतम दो पेज में सफलता की कहानी छायाचित्र व वीडियो सीडी संलग्न करना होगा। पुरस्कार वितरण राज्य स्थापना दिवस 1 नवंबर 2026 के अवसर पर किया जाएगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी कृषि विभाग की वेबसाईट से प्राप्त की जा सकती है।

# धूमधाम से मना पंचायत सचिव स्थापना दिवस, जनपद सीईओ बोलीं- प्रशासन की रीढ़ हैं सचिव

**मुसराखुर्द के बूढ़ादेव परिसर में जुटा सचिव संघ, प्रतिभावान बच्चों और सेवानिवृत्त सचिवों का हुआ सम्मान**

डोंगरगढ़ (दावा)। जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के पंचायत सचिव संघ द्वारा ग्राम पंचायत मुसराकला के बूढ़ादेव पेन ठाना परिसर (मूसराखुर्द) में पंचायत सचिव स्थापना दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस गरिमामय समारोह में जनपद पंचायत डोंगरगढ़ की अध्यक्ष श्रीमती लता अजय सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष राजाराम उईके ने की, जबकि जनपद सीईओ श्रीमती भगवती साहू और वरिष्ठ करारोपण अधिकारी सी.के. कुजूर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां भारती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर पूजा-अर्चना और दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात संघ के अध्यक्ष राजाराम उईके व सदस्यों द्वारा मुख्य अतिथि सहित सभी मंचासीन अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर आत्मीय स्वागत किया गया।

### 500 के अल्प वेतन से लेकर सम्मानजनक वेतनमान तक का सफर

ब्लॉक इकाई सचिव संघ के संचालक मोरध्वज साहू ने पंचायत सचिवों के ऐतिहासिक संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्ष 1995 में ग्राम पंचायत सचिवों ने महज 500 के अल्प वेतन पर पंचायत कर्मी के रूप में कार्य शुरू किया था। विभिन्न संघर्षों के बाद ऐतिहासिक दिन 7 जुलाई 2007 को तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने जांजगीर-चांपा के मैदान में बरसते पानी के बीच हड़ताली सचिवों के पास पहुंचकर उन्हें शासकीय वेतनमान देने और जिला पंचायत के माध्यम से भर्ती करने की बड़ी सौगात दी थी। इसी कड़ी में, वर्ष 2018 के बजट में 15 वर्ष से अधिक सेवा अवधि वाले पंचायत सचिवों के लिए 5200-20200+2400 का



सम्मानजनक वेतनमान लागू किया गया। इस ऐतिहासिक दिन की याद में ही हर वर्ष 7 जुलाई को स्थापना दिवस मनाया जाता है।

### सचिवों की मांग को शासन तक पहुंचाने का मिला आश्वासन

श्रीमती लता अजय सिन्हा (अध्यक्ष) व श्रीमती भगवती साहू (सीईओ), जनपद पंचायत डोंगरगढ़ ने कहा कि जमीनी स्तर पर कार्यरत पंचायत सचिव वास्तव में प्रशासन की रीढ़ की हड्डी हैं। वे अपनी कठिन मेहनत से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को ग्रामीण स्तर पर अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाते हैं। आने वाले वर्षों में इस स्थापना दिवस को जनपद पंचायत के तत्वावधान में और अधिक भव्य रूप से मनाया जाएगा। सचिव संघ की जायज मांगों को शासन तक पहुंचाने के लिए हर संभव मदद की जाएगी। इसके साथ ही जनपद सभापति सुरेश वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि पंचायतों में आने वाली समस्याओं को सुगमता से निपटाने का हुनर सचिवों से बेहतर कोई नहीं जानता।

### प्रतिभाओं और बुजुर्ग सचिवों का हुआ सम्मान

स्थापना दिवस के इस पावन अवसर पर सचिव परिवार के उन होनहार बच्चों को सम्मानित किया गया जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों, नौकरियों और एमबीबीएस की पढ़ाई में विशेष परचम लहराया है। मुख्य अतिथियों द्वारा इन प्रतिभावान बच्चों और उनके पालक सचिवों को प्रमाण पत्र सौंपे गए। इसके अतिरिक्त, समाज में उनके योगदान को रेखांकित करते हुए सेवानिवृत्त हो चुके तथा आगामी छह माह या सालभर में सेवानिवृत्त होने वाले वरिष्ठ सचिव साथियों को शाल व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सरपंच श्रीमती गायत्री शिवकुमार टेम्बुरकर, सरपंच संघ के अध्यक्ष कमलेश्वर वर्मा, जनपद सदस्य सीमा ओमप्रकाश साहू, पूर्व जनपद सदस्य मनोज नेताम, पूर्व सरपंच कमल कुमार, रोहित चंद्रवंशी, योगेश वर्मा, कोमल वर्मा, मोहित कुमार साहू, विरेन्द्र साहू, थानू राम बसोने, चेतन सेन, रामकुमार वर्मा, एन. प्रसाद शर्मा, जयंती सिन्हा, वंदना मेश्राम, दशोदा सिन्हा, अंजू ठाकुर, उमेन्द्र वर्मा, केदान सिन्हा, अशोक वैष्णव, हिरेंद्र निषाद, योगेश चंद्रवंशी, बालक दास, गेंदलाल खोबरागड़े, किशन नंदेश्वर, अमित वर्मा और नारद सोनवानी सहित ब्लॉक के समस्त पंचायत सचिव उपस्थित थे। कार्यक्रम में स्वागत गीत सरिता श्रीवास द्वारा प्रस्तुत किया गया तथा अंत में आभार प्रदर्शन दिलीप वर्मा द्वारा किया गया।

# पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना : दो पंचायत सचिवों ने घर पर लगाया सोलर प्लांट, बने ग्रामीणों के लिए प्रेरणा स्रोत

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना नागरिकों को स्वच्छ एवं सस्ती ऊर्जा उपलब्ध कराने के साथ-साथ बिजली व्यय में कमी लाने का प्रभावी माध्यम बन रही है। जनपद पंचायत छुरिया में कार्यरत ग्राम पंचायत रामपुर के सचिव रामलखन मण्डावी एवं ग्राम पंचायत जोंधरा के सचिव अर्जुन सिंह ठाकुर ने अपने निजी आवास पर 3-3 किलोवाट क्षमता का रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित कर इस योजना का लाभ उठाया है। उनकी यह पहल अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणादायी बन रही है।





**3-3 किलोवाट क्षमता के प्लांट से बिजली बिल में भारी बचत; केंद्र और राज्य सरकार से मिली 1.08 लाख रुपये की सब्सिडी**

रामलखन मण्डावी ने बताया कि उन्होंने पीएम सूर्य घरमुफ्त बिजली योजना के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किया। विद्युत विभाग से आवश्यक स्वीकृति मिलने के बाद अधिकृत विक्रेता द्वारा उनके घर पर 3 किलोवाट क्षमता का रूफटॉप सोलर प्लांट एवं नेट मीटर स्थापित किया गया। योजना के अंतर्गत उन्हें केंद्र एवं राज्य शासन से कुल 1 लाख 8 हजार रूपए की सब्सिडी प्राप्त हुई। जिससे सोलर प्लांट की स्थापना लागत में कमी आई। उन्होंने बताया कि सोलर प्लांट स्थापित होने के बाद उनके घर की अधिकांश बिजली आवश्यकता सौर ऊर्जा से पूरी हो रही है। इससे प्रतिमाह बिजली बिल में अच्छी बचत हो रही है तथा अतिरिक्त उत्पादित बिजली पर नेट मीटरिंग का लाभ भी मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यह योजना आर्थिक रूप से लाभकारी होने के साथ-साथ स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा देती है तथा पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान देती है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत जोंधरा के सचिव अर्जुन सिंह ठाकुर ने भी अपने निजी आवास पर 3 किलोवाट क्षमता का रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित कराया है।

उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन विभागीय स्वीकृति तथा अधिकृत विक्रेता के माध्यम से सोलर प्लांट की स्थापना की प्रक्रिया सरल एवं पारदर्शी रही। उन्हें भी योजना के अंतर्गत केंद्र एवं राज्य शासन से कुल 1 लाख 8 हजार रूपए की सब्सिडी प्राप्त हुई। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा अपनाने से बिजली व्यय में कमी आने के साथ ही स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा मिला है। उन्होंने अधिक से अधिक नागरिकों से पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाकर ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाने की अपील की।

# आत्मनिर्भरता की ओर बढ़े महिलाओं के कदम : विचारपुर में सिलाई प्रशिक्षण शिविर का समापन



खैरागढ़ (दावा)। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत विचारपुर में आयोजित सिलाई मशीन प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हो गया। राशि वेलफेयर सोसाइटी राजनांदगांव द्वारा आयोजित इस शिविर में गांव की महिलाओं ने आत्मनिर्भर बनने के संकल्प के साथ बड़े उत्साह और लगन से सिलाई के गुर सीखे। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित अतिथियों द्वारा सभी सफल प्रशिक्षुओं को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

समारोह को संबोधित करते हुए राशि वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष सुश्री संतोषी साहू एवं सचिव तरुण साहू ने प्रशिक्षण पूर्ण करने वाली महिलाओं को बधाई दी। उन्होंने कहा यह प्रशिक्षण महिलाओं को अपने पैरों पर खड़े होने और समाज में एक नई पहचान बनाने में मददगार साबित होगा। आज के दौर में महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। गांव में ही रहकर इस हुनर के माध्यम से वे खुद का रोजगार शुरू कर सकती हैं और अपने परिवार को आर्थिक संबल प्रदान कर सकती हैं।

# हाईकोर्ट अधिवक्ता लवकुमार रामटेके बने अखिल भारतीय खटीक समाज अधिवक्ता परिषद के राष्ट्रीय सदस्य



राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव जिले के प्रतिष्ठित छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के अधिवक्ता लवकुमार रामटेके को उनकी उत्कृष्ट विधिक सेवाओं, सामाजिक सक्रियता एवं संगठन के प्रति निरंतर समर्पण को देखते हुए एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें अखिल भारतीय खटीक समाज अधिवक्ता परिषद (पंजीकृत) नई दिल्ली का राष्ट्रीय सदस्य नियुक्त किया गया है।

**सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजू सोनकर ने जारी किया नियुक्ति पत्र, जिले व समाज में हर्ष की लहर**

इस गौरवपूर्ण नियुक्ति से स्थानीय अधिवक्ता समुदाय और समाज में हर्ष व्याप्त है। यह महत्वपूर्ण नियुक्ति परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता राजू सोनकर द्वारा जारी की गई है। नियुक्ति पत्र क्रमांक 13/2026, दिनांक 30 जून 2026 के माध्यम से यह निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। नियुक्ति पत्र में विशेष रूप से उल्लेख किया गया है कि अधिवक्ता लव कुमार रामटेके की उच्च शैक्षणिक व व्यावहारिक योग्यता, संगठन के प्रति अटूट निष्ठा और सामाजिक प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए उन्हें इस राष्ट्रीय दायित्व के योग्य पाया गया है। परिषद ने यह विश्वास व्यक्त किया है कि वे संगठन के संविधान, नियमों एवं नीतियों का कड़ाई से पालन करते हुए समाज, अधिवक्ता समुदाय एवं संगठन के हित में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

### राष्ट्रीय स्तर पर संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी

राष्ट्रीय सदस्य के रूप में मनोनीत होने के बाद श्री रामटेके के कंधों पर संगठन के विस्तार की बड़ी जिम्मेदारी होगी। वे आने वाले समय में परिषद के राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान को गति देंगे। समाज के वंचित वर्गों के बीच विधिक जागरूकता बढ़ाएंगे। सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के साथ-साथ समाज के समग्र विकास के लिए योजनाएं तैयार करेंगे।

राष्ट्रीय स्तर पर संगठन की नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू कर इसे और अधिक सशक्त बनाने में अपना योगदान देंगे। लवकुमार रामटेके की इस राष्ट्रीय स्तर की महत्वपूर्ण नियुक्ति पर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के साथी अधिवक्ताओं, समाज के वरिष्ठजनों, विभिन्न सामाजिक संगठनों, परिजनों एवं शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। सभी ने उन्हें बधाई व ढेरों शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और सफल कार्यकाल की कामना की है।

# बिना CO2 संयंत्र के चल रही न्यू लुक बायोफ्यूल पर हो सख्त कार्रवाई : कांग्रेस

राजनांदगांव (दावा)। जिला अंतर्गत ग्राम फुलझर में स्थापित न्यू लुक बायोफ्यूल्स कंपनी द्वारा नियमों को ताक पर रखकर एथेनॉल का उत्पादन किए जाने का मामला गरमा गया है। कंपनी से निकलने वाली जहरीली CO2 (कार्बन डाइऑक्साइड) गैस के समुचित प्रबंधन के लिए कोई संयंत्र स्थापित नहीं किया गया है। जिससे क्षेत्र की जनता के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। इस ज्वलंत मुद्दे को लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार की अगुवाई में कांग्रेस के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कंपनी पर तत्काल तालाबंदी व दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है।



अवैध पानी परिवहन के साथ पर्यावरण व मानव जीवन को खतरे में डाल रही कंपनी : जीतू मुदलियार
- शर्तों के उल्लंघन और जहरीली गैस फैलने के विरोध में कांग्रेस ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, कंपनी बंद करने की मांग

### शर्तों का खुला उल्लंघन, फेफड़े और श्वसन संबंधी बीमारियों का खतरा

कलेक्टर को वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने बताया कि कंपनी में एथेनॉल निर्माण के दौरान उत्पन्न होने वाली CO2 गैस को संग्रहित करने और उसके शुद्धिकरण (द्रवीकरण) हेतु संयंत्र स्थापित करना पर्यावरण आयोग की अनिवार्य शर्तों में शामिल है। इसका खुला उल्लंघन कर कंपनी आसपास के ग्रामीणों के जीवन और पर्यावरण के साथ खिलवाड़ कर रही है। क्षेत्र में जहरीली गैस फैलने से स्थानीय लोग फेफड़े के रोग, श्वसन संबंधी गंभीर बीमारियों और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं से ग्रसित हो रहे हैं। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि ईसीपी में खराबी के कारण चिमनियों से लगातार काला और जहरीला धुआं निकल रहा है। जिसके समुचित प्रबंधन पर कंपनी प्रबंधन पूरी तरह उदासीन है। वायु प्रदूषण को रोकने के लिए लगाई गई इलेक्ट्रोस्टेटिक प्रेसिपिटेटर मशीन भी पूरी तरह गुणवत्ताहीन और निष्प्रभावी साबित हो रही है।

### रात के अंधेरे में पानी की चोरी और अवैध तार घेरा

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि कंपनी के इन अनैतिक कृत्यों के चलते स्थानीय जनता अब आंदोलन की राह पर है। कंपनी द्वारा रात के अंधेरे में अवैध रूप से पाइप लाइन डालकर पानी की चोरी की जा रही है। साथ ही स्थानीय जलाशय को अपने कब्जे में लेने की नीयत से उसके चारों ओर अवैध रूप से तार घेरा (फेंसिंग) कर दिया गया है। खदानों से अवैध रूप से पानी का परिवहन करने जैसे कई गंभीर गैर-कानूनी कार्यों में लिप्त इस कंपनी की उच्च स्तरीय जांच होना बेहद आवश्यक है।

### नियमों को दरकिनार कर शुरू किया उत्पादन

प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने तकनीकी पहलुओं को सामने रखते हुए कहा कि 12.55 एकड़ क्षेत्र में स्थापित उक्त कंपनी को सरकारी नियमों और शर्तों के अनुसार कुल परिसर के 33 प्रतिशत हिस्से में वृक्षारोपण (ग्रीन बेल्ट) तथा 15 प्रतिशत हिस्से में पार्किंग स्थल विकसित करना अनिवार्य था। किंतु इन सभी शर्तों को पूरी तरह दरकिनार कर अवैध रूप से उत्पादन प्रारंभ कर दिया गया है। इसलिए पर्यावरण विभाग की एक विशेष विशेषज्ञ टीम से पूरे क्षेत्र की जांच कराई जानी चाहिए। जनस्वास्थ्य को सर्वोपरि रखते हुए पर्यावरण मानकों की अवहेलना करने, बिना CO2 संयंत्र के संचालन करने और मानव जीवन को संकट में डालने के लिए कंपनी संचालकों पर आपराधिक मामला दर्ज कर इसे तत्काल बंद करने का आदेश जारी किया जाए। कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रमुख रूप से प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे, प्रदेश सचिव प्रवीण मेश्राम, महामंत्री वीरेंद्र चंद्राकर, अशोक पंजवानी, विनय झा, प्रेम रुचंदानी, लक्ष्मण साहू, राजा तिवारी, शरद खंडेलवाल, ऋषि शास्त्री, राकेश चंद्राकर, नरेश साहू, ललित मरकाम, प्रदीप राठौर, सुरेंद्र देवांगन, महेंद्र बहादुर सिंह, सीताराम श्रीवास, राजा यादव, शैलेश जैन, अरशद खान, नरेंद्र सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पहली ही बारिश में नांदगांव-खैरागढ़ रोड चौड़ीकरण की खुली पोल, उखड़ने लगा डामर

- 90 करोड़ की लागत से हो रहा निर्माण, घटिया निर्माण को लेकर खनिज परिवहन संघ ने की जांच और कार्रवाई की मांग
- जगह-जगह बिखरी गिट्टी, नाली निर्माण में लेटी-लतीफी से राहगीर परेशान

राजनांदगांव (दावा)। पहली ही बारिश ने क्षेत्र के बहुप्रतीक्षित नांदगांव-खैरागढ़ रोड चौड़ीकरण निर्माण की गुणवत्ता की पोल खोलकर रख दी है। मानसून की शुरुआती बौछारों में ही सड़क का डामर उखड़ने लगा है और गिट्टी बाहर निकल आई है। स्थिति यह है कि जहां भी नाला या पुलिया है, वहां का हिस्सा पूरी तरह डैमेज हो चुका है। पुल के किनारों पर जहां तीन लेयर डामरीकरण होना था, वहां महज एक ही लेयर बिछाकर खानापूर्ति की गई, जो अब पहली बारिश भी नहीं झेल सकी। हालांकि बारिश की वजह से फिलहाल डामरीकरण का काम रोक दिया गया है, लेकिन नाली निर्माण में हो रहे विलंब से लोगों की परेशानी लगातार बढ़ रही है।

### अफसरों की उदासीनता, ठेकेदार की मनमानी

लगभग 90 करोड़ रुपये की लागत से हो रहे इस चौड़ीकरण कार्य का अब तक 50 फीसदी से ज्यादा निर्माण हो चुका है, लेकिन शुरुआत से ही इसमें जमकर मनमानी की गई। ठेकेदार ने पहले एक साथ सड़क के दोनों ओर खुदाई कर दी, जिससे करीब तीन महीने तक राहगीरों को भारी दिक्कतों और धूल का सामना करना पड़ा। इस दौरान मटेरियल और गिट्टियां बिखरने की वजह से कई दुर्घटनाएं भी हुईं।

लोक निर्माण विभाग के अफसरों की उदासीनता का आलम यह है कि उन्हें स्थल निरीक्षण करने तक की फुर्सत नहीं है। मॉनिटरिंग के अभाव में ठेकेदार लगातार अपनी मर्जी से काम करा रहा है। इसके खिलाफ पहले विरोध भी हुआ और कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा गया, फिर भी अफसरों ने गंभीरता नहीं दिखाई। अंचल के ग्रामीण खिलेन्द्र वर्मा, लालराम देवांगन एवं बरातू देवांगन ने बताया कि बारिश के कारण डामर उखड़ने से अब वाहन चालकों का इस मार्ग पर चलना बेहद जोखिम भरा हो गया है।

### पुल-पुलिया के पास बढ़ा हादसों का खतरा

गठुला नाला से खैरागढ़ और उसके आगे तक होने वाले इस चौड़ीकरण में बोरी, माइल स्टोन और बढ़ई टोला तक भारी खामियां दिख रही हैं। सहसपुर दल्ली के पास बने पुल के बाजू में सिंगल लाइन सड़क पर तीन की जगह सिर्फ एक ही लेयर डामर बिछाया गया है। पानी पड़ते ही वहां का डामर बह गया और गिट्टी बाहर निकल आई है। कई जगहों पर चौड़ीकरण तो कर दिया गया है, लेकिन किनारों को समतल नहीं किया गया है। भारी जनमांग के बाद नाली निर्माण तो शुरू हुआ, लेकिन बारिश शुरू होने के बाद भी यह काम अधूरा है। गड्ढों में पानी और कीचड़ भरने से यहां जरा सी चूक होने पर भी बड़ा हादसा होना तय है।

### ठेकेदारों और अफसरों पर हो कार्रवाई : परिवहन संघ

खनिज परिवहन संघ के अध्यक्ष दामू भूतड़ा एवं मनोज जैन ने इस घटिया निर्माण पर कड़ा आक्रोश जताया है। उन्होंने कहा कि नांदगांव-खैरागढ़ रोड निर्माण में मनमानी की पराकाष्ठा हो चुकी है। महज तीन महीने पहले बनी सड़क में दरारें पड़ना और डामर उखड़ना सीधे-सीधे भ्रष्टाचार को उजागर करता है।

श्री भूतड़ा ने मांग की है कि इस पूरे निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए और दोषी ठेकेदार सहित लापरवाह अफसरों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाए। उधर, कांग्रेस ने भी सड़क निर्माण में हुई इस लापरवाही को लेकर कलेक्टर से शिकायत करने की बात कही है।

## पहला कॉलम...

### जी.आर. मरकाम ने निगम आयुक्त का पदभार ग्रहण किया



राजनांदगांव (दावा)। नगर पालिक निगम के नवागत आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम ने आज अपरान्ह में पदभार ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि छ.ग.शासन सामान्य प्रशासन विभाग,महानदी भवन मंत्रालय रायपुर के आदेश क्रं. ई.एस.डी.बी. 102(1)/414/2026-जी.ए.डी.-4 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 07 जुलाई 2026 द्वारा जी.आर. मरकाम (राप्रसे, आर.आर.-2014) अपर कलेक्टर जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी को आयुक्त, नगर पालिक निगम राजनांदगांव के पद पर पदस्थ किया गया है। श्री मरकाम ने आज अपरान्ह में नगर निगम कार्यालय पहुंचकर पदभार ग्रहण किया एवं नगर निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया।

### वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र व्यास का निधन



राजनांदगांव (दावा)। प्रेस क्लब के संरक्षक राजेंद्र व्यास का 8 जुलाई बुधवार को निधन हो गया है। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे और उनका इलाज चल रहा था। उनके निधन की खबर से स्थानीय पत्रकारिता जगत और शहर में शोक की लहर दौड़ गई है। उनका अंतिम संस्कार आज 9 जुलाई किया जाएगा। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन पर प्रेस क्लब के पदाधिकारियों, स्थानीय पत्रकारों और गणमान्य नागरिकों ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### शराब कोचिया रंगे हाथों पकड़ाया, आरोपी से 40 पौवा देशी शराब जब्त, बसंतपुर पुलिस ने भेजा जेल



राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में अवैध शराब बेचने वाले कोचिया को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे से 40 पौवा देशी शराब, कीमती 3200 रूपये को जप्त किया गया है और उसे जेल की सलाखों में भेज दिया गया है। बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि सिंगदई निवासी आरोपी प्रणय कुंजाम आदतन बदमाश प्रवृत्ति का है। जिसके विरूद्ध पूर्व में चोरी एवं आबकारी एक्ट के प्रकरण दर्ज है। इस क्रम में 8 जुलाई बुधवार को पुलिस सूचना के आधार पर आरोपी प्रणय कुंजाम पिता नील कुंजाम उम्र 28 वर्ष निवासी सिंगदई को अवैध रूप से धन अर्जन की गरज से अधिक मात्रा शराब ले जाते हुए घेराबंदी कर पकडा गया। जिसके कब्जे से प्लास्टिक बोरी के अंदर पौवा देशी शराब जुमला 7.200 बल्क लीटर कीमती 3200 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 316/2026 धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत् अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में पेश किया गया।

# एक्सपर्ट जिम के खिलाड़ियों ने लोक कलाकार 'पंडवानी की प्राण' तीजन बाई को दी श्रद्धांजलि



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय एक्सपर्ट जिम में 7 जुलाई को एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। 5 जुलाई को छत्तीसगढ़ लोक विरासत पंडवानी गायिका तीजन बाई का निधन से पूरे भारत वर्ष सहित छ.ग. प्रदेश की लोककला एवं संस्कृति को अपूर्णीय क्षति हुई है। इस अवसर पर मनीष सिंह गौतम (महामंत्री, शहर जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव एवं एक्सपर्ट जिम के संरक्षक) ने पद्मविभूषण तीजन बाई के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्जवलित कर श्रद्धांजलि दी एवं तीजनबाई अमर रहे के जयघोष से जिम परिसर गुंजायमान हो गया। उन्होंने अपने उदबोधन में कहां की तीजनबाई का जीवन संघर्ष, साधना और समर्पण की मिशाल रहा तीजनबाई ने महाभारत की कथाओं को पंडवानी के माध्यम से सरल शब्दों में जीवंत अंदाज में उन्होंने प्रस्तुत कर छत्तीसगढ़ की लोक कला को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई जो आज भी छत्तीसगढ़ के लोगों के मन में आस्था के रूप विशिष्ट स्थान रखता है।

इस अवसर पर एक्सपर्ट जिम के संरक्षक मनीष सिंह गौतम, अध्यक्ष तामेश्वर बंजारे, उपाध्यक्ष श्रीमती अंजू बंजारे, संयोजक कुन्दन गेन्डरे, मनीष टांडेकर, अभिषेक भट्टाचार्य, लता साहू, प्रिया प्रजापति, वेटलिफ्टर मेघा पाल, निकिता साहू, एलिना साहू, वर्षा लहरे, एकता बंजारे, गौरव यादव, पवन साहू, राज खरे, सूरज कन्नौजे, वंश हरिहारनों, गौरव निर्मलकर, दीपक बंजारे, पियुष सेन, दुर्गेश देशलहरे, मिथलेश साहू, विवेक यादव, डीलू साहू, कुमारी आयुषी सोनकर, कु. श्रेया, कुणाल वैष्णव, अनुज बंजारे, गौरेश, लोकेश, कुलदीप सोनी, जैन सोनकर, ईशु सोनकर, क्रिश सोनकर, सोहेब खान, पियुष साहू, रोहन यादव, यश साहू, तामेश्वर राय, रौनक सिंह, संध्या बंजारे आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी एक्सपर्ट जिम के अध्यक्ष तामेश्वर बंजारे ने दी।

# कलेक्टर ने सेवा सेतु परियोजना में उत्कृष्ट कार्य करने वाले केंद्र संचालकों को किया सम्मानित





राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने सेवा सेतु परियोजना के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले सेवा सेतु केन्द्र संचालकों को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रशस्ति प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कलेक्टर ने सेवा सेतु केन्द्र तहसील कार्यालय छुरिया के प्रबंधक महेश्वर पटेल को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। श्री पटेल द्वारा सेवा सेतु केन्द्र में प्राप्त कुल आवेदनों में से 97.73 प्रतिशत आवेदनों का सफल अनुमोदन कराया गया है।

इसी प्रकार ग्राम पंचायत तुमड़ीबोड़ के सेवा सेतु केन्द्र संचालक देवेन्द्र पटेल को भी उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। उनके द्वारा प्राप्त कुल आवेदनों में से 97.55 प्रतिशत आवेदनों का अनुमोदन सुनिश्चित किया गया है। कलेक्टर ने दोनों संचालकों से सेवा सेतु परियोजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने नागरिकों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार समर्पित भाव से कार्य करते रहने के लिए शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने कहा कि सेवा सेतु परियोजना के माध्यम से आम नागरिकों को शासकीय सेवाएं सरल, सुगम एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है, जिसके प्रभावी क्रियान्वयन में सेवा सेतु केन्द्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

# संयुक्त कलेक्टर अनिकेत साहू बने डोंगरगांव के एसडीएम

- डिप्टी कलेक्टर विश्वास व श्रीकांत को मिला क्रमशः डोंगरगढ़ व राजनांदगांव के एसडीएम का प्रभार
- निगम आयुक्त रहे आशुतोष चतुर्वेदी का रामानंदगंज हुआ तबादला

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रशासनिक व्यवस्था को और भी प्रभावी बनाने के उद्देश्य से बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार भारतीय प्रशासनिक सेवा के 8 अधिकारियों और राज्य प्रशासनिक सेवा के 10 अधिकारियों का तबादला किया गया है वहीं कई अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई है। इस क्रम में अनिकेत साहू संयुक्त कलेक्टर को जिला कार्यालय राजनांदगांव से डोंगरगांव का अनुविभागीय अधिकारी (रा) अनुविभागीय दंडाधिकारी बनाकर भेजा गया है। वहीं जिला कार्यालय में पदस्थ डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार को अनुविभागीय अधिकारी (रा) अनुविभागीय दंडाधिकारी - डोंगरगढ़ तथा श्रीकांत कोर्राम - अनुविभागीय अधिकारी (रा) अनुविभागीय दंडाधिकारी- डोंगरगांव को राजनांदगांव जिला कार्यालय में पदस्थ किया गया है।

बता दें कि राजनांदगांव नगर पालिक निगम में आयुक्त पदस्थ रहे आशुतोष चतुर्वेदी को जिला पंचायत बलरामपुर-रामानुज गंज तथा अभिषेक कुमार गुप्ता को जिला पंचायत मानपुर-मोहला, अंबागढ़ चौकी का सीईओ नियुक्त किया गया है। आदेश के अनुसार वरिष्ठ आईएएस अधिकारी रिमिजीएस एक्का को नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के साथ शहरी विकास अभिकरण करण यानि सूडान का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वहीं राजनांदगांव में रहे गजेंद्र सिंह ठाकुर को उप-सचिव राजस्व एवं आपदा प्रबंधन तथा पुनर्वास विभाग बनाया गया है।

### दुर्गा प्रसाद बने जिला पंचायत के सीईओ

इस क्रम में दुर्गा प्रसाद अधिकारी को जिला पंचायत राजनांदगांव का मुख्य कार्य पालन अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्रशासनिक फेरबदल में राजनांदगांव नगर निगम में आयुक्त रहे अतुल विश्वकर्मा का भी स्थानांतरण हो गया है, उसके स्थान पर एम एम सी जिले के अपर कलेक्टर रहे जी.आर. मरकाम को निगम आयुक्त का पदभार दिया गया है। श्री मरकाम ने नगर निगम पहुंचकर अपनी कुर्सी संभाल ली है। राजनांदगांव जिले के लिए यह नियुक्ति प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# सीएमएचओ ने सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का किया आकस्मिक निरीक्षण



राजनांदगांव (दावा)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगांव एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खुज्जी का आकस्मिक निरीक्षण किया। सीएमएचओ निरीक्षण के दौरान आयुष्मान आरोग्य केन्द्र खुज्जी में प्रति बुधवार को आयोजित योत्र सत्र में शामिल हुए एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खुज्जी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में साफ-सफाई एवं मौसमी बीमारियों, डॉग बाइट, स्नेक बाइट के उपचार की व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली।

उन्होंने स्टॉप डायरिया कैम्पेन 2026 अंतर्गत स्वास्थ्य केन्द्र में ओआरएस कॉर्नर अनिवार्य रूप से बनाने तथा संस्थागत प्रसव बढ़ाने एवं उच्च जोखिम वाली गर्भवती माताओं का समयावधि में सोनोग्राफी कराने एवं दूरभाष के माध्यम से समय-समय पर स्वास्थ्य की जानकारी लेने के निर्देश दिए। सीएमएचओ डॉ. नेतराम नवरतन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगांव के निरीक्षण के दौरान भर्ती मरीजों से चर्चा की और केन्द्र में मिल रही चिकित्सकी सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगांव को जिले का मॉडल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने पुराने भवन संचालित विकासखण्ड प्रोग्राम यूनिट को एक सप्ताह के भीतर नवनिर्मित बीपीएचयू भवन में स्थानांतरण करने निर्देशित किया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने स्कूलों की छात्राओं को एचपीवी वैक्सीनेशन के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर) गंभीर एवं जानलेवा बीमारी से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीनेशन हेतु प्रेरित किया। एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत 26 किशोरी बालिकाओं ने वैक्सीनेशन कराया। जिले में आज 160 किशोरी बालिकाओं को वैक्सीनेशन किया गया। जिले में अब तक कुल 4444 किशोरी बालिकाओं को वैक्सीनेशन किया गया है। सीएमएचओ डॉ. नेतराम नवरतन ने सभी मितानिनों एवं मितानिन प्रेरकों को सभी पालकों व अभिभावकों से संपर्क कर किशोरी बालिकाओं को वैक्सीनेशन कराने के लिए प्रेरित करने निर्देशित किया। इस दौरान जिला कार्यक्रम प्रबंधक संदीप ताम्रकार, जिला सलाहकार एनसीडी कार्यक्रम डॉ. विकास राठौर सहित स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं अधिकारी उपस्थित थे।

# अर्जुनी-रातापायली मार्ग में राहगीर से मारपीट कर 20 हजार की लूट

डोंगरगांव (दावा)। थाना क्षेत्र के ग्राम अर्जुनी में शराब भट्टी के खुलने के बाद से लगातार लड़ाई-झगड़े, मारपीट और चाकूबाजी तक की घटनाएं आम हो गई हैं। वहीं अब इस क्षेत्र में अकेले आने-जाने वाले राहगीरों को रोककर उनके साथ सरेराह लूटपाट किए जाने की सनसनीखेज वारदातें भी सामने आने लगी हैं।

मुंह पर स्कार्फ बांधकर बिना नंबर की बाइकों में आए थे तीन अज्ञात नकाबपोश तस्कर/बदमाश

ऐसा ही एक गंभीर मामला बीती रात को अर्जुनी-रातापायली रोड में पड़ने वाले शिवनाथ नदी के पुल के पास सामने आया है। जहां तीन नकाबपोश बदमाशों ने एक बाइक सवार को घेरकर उसके साथ जमकर मारपीट की और जेब में रखे 20 हजार रुपये लूटकर फरार हो गए।

### राजनांदगांव से सामान खरीदकर लौट रहा था पीड़ित

डोंगरगांव थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थी जानू कौशिक (निवासी ग्राम रातापायली) ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह 7 जुलाई की सुबह अपनी पत्नी भूमिका कौशिक से घरेलू सामान खरीदने के लिए 25,000 लेकर निकला था। शाम करीब 5 बजे वह अपनी मोटर साइकिल से राजनांदगांव गया और वहां गोल बाजार की अलग-अलग दुकानों से लगभग 5,500 रूपए का सामान खरीदा। इसके बाद रात्रि करीब 9 बजे वह राजनांदगांव से वापस अपने गांव रातापायली के लिए रवाना हुआ। रास्ते में सिंगारपुर चौक के पास गुटखा खरीदने के बाद वह जैसे ही आगे बढ़ा, अर्जुनी और रातापायली के बीच स्थित शिवनाथ पुलिया के पहले घात लगाए बैठे बदमाशों ने उसे घेर लिया।

### ओवरटेक कर रोका रास्ता, जान से मारने दी धमकी

प्रार्थी ने बताया कि रात लगभग 10 बजे दो बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिलों पर सवार तीन लड़कों ने उसकी बाइक को ओवरटेक कर रास्ता रोक दिया। बदमाशों में से दो लड़के संतरे रंग की केटीएम बाइक पर और एक लड़का काले रंग की स्प्लेंडर बाइक पर सवार था। तीनों ने अपने मुंह को काले स्कार्फ से ढक रखा था। बाईक रुकते ही तीनों ने प्रार्थी पर हमला कर दिया। एक लड़के ने जानू कौशिक को पीछे से दबोच लिया, जबकि बाकी दो लड़कों ने हाथ-मुक्के से उसकी बेरहमी से पिटाई शुरू कर दी। बदमाशों ने मां-बहन की अश्लील गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी और प्रार्थी के पैंट की बाईं जेब में बचे हुए नगद 20,000 रूपए बलपूर्वक निकाल लिए।

### जैसे-तैसे बची मोबाइल और बाइक की चाबी

लूटपाट के दौरान आरोपी प्रार्थी का मोबाइल और मोटरसाइकिल की चाबी भी छीनने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन प्रार्थी ने सूझबूझ दिखाते हुए जैसे-तैसे अपने मोबाइल और चाबी को उनके चंगुल से बचा लिया। नगदी रकम हाथ लगते ही तीनों लुटेरे अपनी बाइकों से तेजी से फरार हो गए। घटना के तुरंत बाद प्रार्थी ने मौके से ही अपने परिजनों को फोन पर सूचना दी। जिसके बाद उसका भतीजा बिट्टू अपने दोस्त के साथ मौके पर पहुंचा और प्रार्थी को सुरक्षित घर ले गया। इस सनसनीखेज वारदात के बाद डोंगरगांव पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 309(4) (लूट), 126(2) (गलत तरीके से रास्ता रोकना), 296 (अश्लील कृत्य/गाली-गलौज), 351(2) (काल्पनिक धमकी), 115(2) (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना) और 3(5) (समान इरादा) के तहत गंभीर अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और हुलिए व बिना नंबर की बाइकों के आधार पर संदेहियों की धरपकड़ के लिए विशेष टीम रवाना की गई है। जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

आवश्यकता है
DPS BOYS
हॉस्टल के लिए
वार्ड बॉय की
दिल्ली पब्लिक स्कूल
बनभेड़ी, जी.ई. रोड, राजनांदगांव
मो.- 62610-72421

(हेमंत साहू) 98271-56852
94241-15737
शिव बोरवेल्स एवं प्रापर्टी डिलिंग
• हर तरह की बोरिंग कार्य हेतु संपर्क करें
• सभी प्रकार के सबमर्सिबल पंप के विक्रेता
• पाईप फिटिंग एवं सेनेटरी की सुविधा
नंदई, कुआं चौक राजनांदगांव (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com